सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 23.7 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,433 |
| निफ्टी | 25,461 |
| सोना | 97,142 |
| चांदी | 1,07,367 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



गिल से मिली मुझे काफी प्रेरणा: सूर्यवंशी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 7 जुलाई 2025 | 23 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 189, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# अब चौहार और चुराह में फटे बादल

## मंडी के चौहार में तीन छोटे पुल और चंबा के चुराह में 2.24 करोड़ रुपए से बना पुल बहा

**अनंत ज्ञान टीम, पधर/चंबा**

हिमाचल में दो जगह फिर बादल फटे हैं। एक बादल चंबा और दूसरा मंडी जिले में फटा है। मंडी जिले की चौहार घाटी के गांव कोरतंग के साथ लगते नाले में शनिवार देर रात को बादल फटा है। बादल फटने से तीन छोटे पुल और पीडब्ल्यूडी का एक कल्वर्ट बाढ़ के तेज बहाव में बह गए हैं। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि इस घटना में किसी भी घर, गोशाला, मवेशी या मानव जीवन की कोई हानि नहीं हुई है, जो राहत की बात है।

**कहीं भी कोई जानमाल की हानि नहीं, निजी भूमि को नुकसान**

हालांकि, गांववासियों की मलकियत भूमि (निजी भूमि) का एक बड़ा हिस्सा नाले के तेज बहाव में बह गया है। राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है, जो प्रभावित भूमि का आकलन व सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। वर्तमान में गांव सुरक्षित है, लेकिन भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की आशंका को देखते हुए सतर्कता जरूरी है। प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्रवाई हेतु रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। साथ ही प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा उपायों व पुनर्निर्माण कार्यों की योजना पर विचार किया जा रहा है।



चंबा जिले के चुराह की पंचायत बघेईगढ़ के कठवाड़ में बादल फटने से आई बाढ़ के मलबे में धंसा क्षतिग्रस्त स्टील ब्रिज।

वहीं, चंबा जिले के चुराह की पंचायत बघेईगढ़ के कठवाड़ में कंघेला नाले में रविवार सुबह बादल फटने से एक नवनिर्मित स्टील ब्रिज पूरी तरह इसकी चपेट में आकर खिलौने की तरह बह गया है। इस पुल के बह जाने से क्षेत्र की चार पंचायतों का संपर्क शेष विश्व से पूरी तरह कट गया है। हालांकि बादल फटने से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जब यह पुल बनाया गया था, तब ठेकेदार ने मलबा कंघेला नाले में ही डाल दिया था, जिससे पुल और नाले के बीच पानी के बहाव की ऊंचाई घट गई थी। बाढ़ के दौरान पानी का दबाव बढ़ा और पुल बह गया। बता दें कि 2.24 करोड़ से बने इस पुल का उद्घाटन एक वर्ष पूर्व ही हुआ था।

### हिमाचल में मानसून में अब तक नुकसान

मृतकों की संख्या :78
लापता व्यक्ति : 37
सड़कें अवरुद्ध : 260
बिजली ट्रांसफार्मर ठप : 285
पेयजल योजनाएं बंद : 278

### प्रतिभा ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने रविवार को करसोग के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।



उन्होंने प्रभावित परिवारों को सांत्वना दी और यह आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़ी है और हरसंभव मदद करेगी। शरकोल गांव में आपदा में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिवार और कुटी में लापता हुए दो लोगों के परिजनों से मिलकर प्रतिभा सिंह ने उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी ओर से आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

### 63 पर्यटकों की सुरक्षित घर वापसी

**करसोग।** पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली के 63 पर्यटकों का एक दल जंजैहली में एक निजी होटल में फंस गया था, जिन्हें रविवार को जिला प्रशासन ने वाया रायगढ़-शंकर देहरा करसोग होते हुए सुरक्षित निकालकर उनके गंतव्य स्थानों के लिए भेज दिया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### भारत में रॉयटर्स एजेंसी का एक्स अकाउंट बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी रॉयटर्स का एक्स अकाउंट पर शनिवार रात से बंद है। यूजर्स कल से रॉयटर्स का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसके एक्स अकाउंट के डिस्प्ले पर लिखा है, 'कानूनी मांग के जवाब में यह कार्रवाई की गई है।' पहले आशंका थी कि केंद्र की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, रविवार को केंद्र सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि उनकी तरफ से रॉयटर्स के एक्स अकाउंट के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। सरकार ने कहा कि वह इस मुद्दे को हल करने के लिए एक्स के साथ काम कर रही है। रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को जल्द ही बहाल किए जाने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### कभी भी छिड़ सकता है विश्व युद्ध : गडकरी

**एजेंसी, नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इसराइल-ईरान जैसे युद्धों के कारण टकराव का माहौल बना हुआ है। ऐसी स्थिति बन रही, तो कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में 'बियॉन्ड बॉर्डर्स' नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। नितिन गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को वैश्विक घटनाओं की गंभीर समीक्षा कर भविष्य की नीति तय करनी चाहिए, जिससे दुनिया में शांति और स्थिरता लाई जा सके। (अनंत ज्ञान)

### लाल सागर में यमन के पास जहाज पर हमला

**एजेंसी, दुबई।** यमन के तट के पास लाल सागर में एक जहाज पर रविवार को हमला हुआ। ब्रिटेन की निगरानी एजेंसी यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि कुछ हथियारबंद लोगों ने जहाज पर गोलियां चलाईं और रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला किया। अभी तक यह साफ नहीं है कि इस हमले के पीछे कौन है, लेकिन यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब पूरा मध्य पूर्व पहले से ही इसराइल-हमास युद्ध, ईरान-इसराइल संघर्ष और अमेरिका की तरफ से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमलों से तनाव में है। इस मामले में यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज पर तैनात सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की है, लेकिन स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है। एजेंसी ने कहा कि अधिकारियों की तरफ से जांच की जारी है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- होम डिलीवरी वाहन चालकों की ओवर स्पीड बनी लोगों के लिए जानलेवा -पेज 2
- धर्मशाला को दलाईलामा से मिली वैश्विक पहचान: अग्निहोत्री -पेज 3
- गरीब बच्चों का भविष्य संवार रही सुख शिक्षा योजना -पेज 6
- 9 गर्भवती महिलाएं सुरक्षित पहुंचाई मंडी-नेरचौक -पेज 9
- संगठनात्मक तौर पर हर कार्यकर्ता को बनना है रोल मॉडल: बिंदल -पेज 12


## कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए शिपकी ला मार्ग खोलने की संभावना तलाशे केंद्र

### सीएम ने पीएम को लिखे खत में कहा-तीर्थ यात्रा के लिए यह सांस्कृतिक गलियारा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने की संभावनाओं पर विचार करने का आग्रह किया है।



उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि शिपकी-ला क्षेत्र प्राचीन काल से ही भारत और तिब्बत के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग रहा है, जो तिब्बती बौद्ध धर्म और सदियों पुराने तीर्थयात्रा पथों के लिए एक सांस्कृतिक गलियारा भी है। यह कैलाश और मानसरोवर के साथ भारत के गहरे सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस मार्ग की कई विशिष्टताओं पर जोर दिया है, जो इसे कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए एक व्यवहार्य विकल्प बनाती हैं। उन्होंने बताया कि किन्नौर का यह क्षेत्र अर्ध-शुष्क है और स्पीति जैसे वर्षा-छाया क्षेत्र में आता है, जिससे यह मानसून की बाधाओं से कम प्रभावित होता है और वर्ष के अधिकांश समय सुगम रह सकता है। साथ ही, शिपकी-ला से गरतोक होते हुए दारचेन और मानसरोवर की ओर जाने वाला मार्ग तिब्बत की ओर से नजदीक है।

मुख्यमंत्री ने इसे एक अधिक स्थिर और स्पष्ट गलियारा भी बताया है, जो इसे दीर्घकालिक, विश्वसनीय तीर्थयात्रा और सीमापार संपर्क के लिए उपयुक्त बनाता है।

#### जनजातीय जिला किन्नौर को मिलेगा फायदा

**मुख्यमंत्री** ने इस पहल के सामाजिक-आर्थिक लाभों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिपकी-ला मार्ग को खोल कर जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों के उत्थान में दूरगामी भूमिका निभाई जाएगी। यह केंद्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमा विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप भी है।

#### राज्य सरकार हर तरह का सहयोग करने को तैयार

**सीएम** ने केंद्र सरकार को आश्वासन दिया है कि यदि शिपकी-ला मार्ग कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए खोला जाता है, तो राज्य सरकार हर प्रकार का आवश्यक प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## 4 दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे मोदी

**एजेंसी, रियो डी जेनेरियो।** भारत के पीएम मोदी रविवार को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे। अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी 6-7 जुलाई को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।



इसके अलावा प्रधानमंत्री कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी कर सकते हैं। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगभग छह दशकों में कोई भारतीय प्रधानमंत्री पहली बार ब्राजील के राजकीय दौरे पर आया है। पीएम मोदी ब्रासीलिया की द्विपक्षीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि ब्राजील आने से प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति जेवियर मिली के साथ व्यापक चर्चा की और द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाने तथा रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, फार्मास्यूटिकल, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने चुनाव आयोग को अत्यधिक शक्ति देने पर जताई चिंता

**एजेंसी, दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों (सीजेआई) ने देश में एक साथ चुनाव कराने पर संसद की संयुक्त समिति के समक्ष अपने विचार रखे हैं। उन्होंने 'एक देश-एक चुनाव' की अवधारणा की सांविधानिकता का समर्थन तो किया, लेकिन चुनाव आयोग को दी गई शक्तियों सहित इसके विभिन्न पहलुओं पर चिंता जताई है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने अपनी राय में पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की तरह इस बात पर सवाल उठाया है कि प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक में चुनाव आयोग को बिना किसी दिशा-निर्देश के अत्यधिक अधिकार दिए जा रहे हैं। संसदीय समिति को सौंपी गई उनकी राय के अनुसार, यह चिंताजनक है कि इन विवेकाधिकारों के प्रयोग के लिए कोई स्पष्ट मार्गदर्शन तय नहीं किया गया है। एक अन्य पूर्व मुख्य न्यायाधीश जेएस खेहर ने भी इस पर चिंता जताई है। वह 11 जुलाई को भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति के समक्ष पेश होंगे, ताकि समिति के सदस्य विधेयक के प्रावधानों पर उनसे बातचीत कर सकें और अपने प्रश्नों पर उनकी राय ले सकें। (अनंत ज्ञान)






## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से खाली कराएं सरकारी बंगला

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से सरकारी बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। 3 जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट, जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाए जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने 1 जुलाई को केंद्रीय आवास और नगरीय मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखा था। इसमें लिखा गया है कि 5 कृष्ण मेनन मार्ग बंगला पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पजेशन में है। उन्हें बंगले को पास रखने की अनुमति भी 31 मई, 2025 को खत्म हो गई है। (अनंत ज्ञान)



**सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र**

## रोहतांग के समीप कार खाई में गिरी, चार लोगों की मौत

**एम. बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** रोहतांग के समीप राहनीनाला में रविवार को एक ऑल्टो कार नंबर एचपी 01 के-7850 के गहरी खाई में गिरने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कार में होटल का स्टाफ था। इनमें वाहन चालक के अलावा एक मंडी व तीन लोग पंजाब के थे। ये सभी रोहतांग दर्रे की तरफ जा रहे थे। राहनीनाला के पास उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मनाली थाना से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान में जुट गई। पुलिस टीम द्वारा घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल लाया गया, जबकि दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों को खाई से निकाला गया।



हादसे के बारे में डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली तुरंत टीम मौके पर रवाना हो गई और घायल व्यक्ति को उपचार के अस्पताल पहुंचा। वहीं, सभी मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया में अधिक धुंध के कारण वाहन अनियंत्रित हुआ हो सकता है। इस जगह पर पहले भी कई हादसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही हादसे के असल कारणों का पता लग सकता है।

### मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सड़क हादसे में चार लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल भी हुआ है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायल व्यक्ति के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

**सेलिब्रेशन** मैक्लोडगंज में मनाया बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा का 90वां जन्मदिन

## तिब्बत संग भारत का ऐतिहासिक संबंध : रिजिजू

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** तिब्बतियों के बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा का धर्मशाला के मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर में 90वां जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने संबोधन में कहा कि तिब्बत के साथ भारत का एक ऐतिहासिक संबंध है। दलाईलामा कहते हैं कि प्राचीन भारतीय विद्या व तिब्बती विद्या को जोड़कर विश्व शांति में भारत एक अग्रणी भूमिका निभा सकता है। दलाईलामा परंपरा को जारी रखने का जो फैसला तिब्बती धर्मगुरु ने लिया है, उसका हम सभी पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय तिब्बती भाई-बहनों के लिए हमेशा खुला है। उन्होंने कहा कि तिब्बती धर्मगुरु का जीवन अध्यात्मिक करुणा पर आधारित रहा है। दलाईलामा विश्व में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले धार्मिक गुरु हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि असंतोष व संघर्ष से जूझते देशों में दलाईलामा का शांति व अहिंसा का संदेश महत्वपूर्ण है।



**संघर्ष से जूझते देशों के लिए शांति अहिंसा का संदेश अहमः रंजन**

### चीन को टिप्पणी का अधिकार नहीं : खांडू

**दलाईलामा** के जन्मदिन पर अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, 'मैं यहां अरुणाचल प्रदेश के लोगों का प्रतिनिधित्व करने आया हूं। दलाईलामा भारत को अपना दूसरा घर मानते हैं। यह एक ऐतिहासिक आयोजन है और चीन को इस धार्मिक संस्थान पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि बौद्ध धर्म भले ही चीन में मौजूद हो, लेकिन यह संस्थान तिब्बत का है और हिमालयी क्षेत्र के लोगों का है।'




## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर कमेटी नैण ने दिया राहत राशि का चेक



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** कैलू कुटाल मंदिर कमेटी नैण की ओर से मंडी आपदा प्रभावित लोगों के लिए 21,000 की राहत राशि का चेक लोक कल्याण समिति के माध्यम से विधायक लखनपाल को भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त कैप्टन कंचन पटियाल ने व्यक्तिगत रूप से भी 11,000 रुपए की राहत राशि देकर जनसेवा की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की है। लोगों के इस सहयोग राशि के लिए विधायक लखनपाल ने कैलू कुटाल मंदिर कमेटी का आभार प्रकट है। आपदा की इस घड़ी में पूरा प्रदेश प्रभावित लोगों के के साथ खड़ा है। गौर हो कि हाल ही में मंडी जिले की सिराज विधानसभा में बादल फटने एवं लैंड स्लाइडिंग से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत 200 पौधे लगाए



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेठ में विद्यालय प्रशासन ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगभग 200 पौधे स्कूल और राजकीय प्राथमिक पाठशाला भलेठ के छात्र-छात्राओं में वितरित किए गए, जिनमें फलदार, छायादार और औषधीय प्रजातियां शामिल थीं। स्कूल स्टाफ ने बच्चों को घर पर पौधों की देखभाल व नर्सरी तैयार करने के लिए प्रशिक्षण भी दिया। प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन ने कहा कि इस अभियान से न केवल पर्यावरण को हरियाली मिलेगी, बल्कि हमारे बच्चों में प्रकृति के प्रति सजीव जिम्मेदारी की भावना भी पनपेगी।

### पटनौण में स्काउट्स ने लगाए आयुर्वेदिक पौधे

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय उच्च पाठशाला पटनौण में भारत स्काउट्स एवं गाइडस इकाई ने स्काउट मास्टर सतीश राणा के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ अपनी मां के नाम' अभियान स्थानीय लोगों और अध्यापकों के साथ शुरू किया। मुख्याध्यापक महेश कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पौधरोपण को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी का संरक्षण, जल संचयन , जन जागरूकता और मां के प्रति सम्मान को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। इसके साथ सुभाष ठाकुर का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने अपनी जमीन पर पौधे लगवाने के लिए सहयोग किया। इस मौके पर स्कूल अध्यापक मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह, सुनीता कुमारी, वंदना शर्मा, रेखा कुमारी और गाइड कैप्टन लता कुमारी तथा पंचायत के प्रतिनिधि प्रधान कमलजीत, पूर्व प्रधान राजकुमार ठाकुर और उपप्रधान विनोद कुमार और स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान अरुण लगवाल तथा बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

### महिलाओं को विधायक आशीष ने बांटे सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित जूनियर ब्यूटीशियन कोर्स रविवार को समाप्त हो गया। कोर्स के समापन अवसर पर विधायक आशीष शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं को बधाई देते हुए आशीष शर्मा ने कहा कि महिलाएं अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उद्यम स्थापित कर सकती हैं। इससे वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी और कई अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकती हैं। आशीष शर्मा ने महिलाओं से विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं और बैंकों की ऋण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल ने भी महिलाओं को पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न योजनाओं और ग्राहकों को प्रदान की जा रही अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। इससे पहले, आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत करवाया। समापन समारोह में पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक अखिल गर्गवार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### राजेंद्र को खंड भोरंज प्राथमिक शिक्षक संघ की कमान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड भोरंज के त्रिवार्षिक चुनाव राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोरंज में संपन्न हुए। इन चुनावों में सर्वसम्मति से राजेन्द्र कुमार को संघ का अध्यक्ष चुना गया। अन्य निर्वाचित पदाधिकारी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार, महासचिव अभिषेक कुमार, कोषाध्यक्ष शशि पाल, महालेखाकार सुनीता कुमारी को बनाया गया। महिला विंग के पदाधिकारियों का चयन भी सर्वसम्मति से हुआ जिनमें अध्यक्षा सीमा शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललिता पटियाल, महासचिव मंजू शर्मा को बनाया गया। चुनाव प्रक्रिया में प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार, महासचिव कुशल शर्मा, राज्य के पूर्व अध्यक्ष सुशील चंदेल, तथा पूर्व प्रधान राजेश धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर खंड के लगभग 160 शिक्षकगण उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदार बने। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सभी उपस्थित सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षक हितों की रक्षा एवं संगठन को सशक्त बनाने की आशा व्यक्त की।

# होम डिलीवरी वाहन चालकों की ओवर स्पीड बनी लोगों के लिए जानलेवा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



राधा कृष्ण मंदिर के पास जहां पर दो सड़के मिलती हैं, वहां पर ओवरस्पीड से हो रहे हादसे।

**हमीरपुर।** शहर में होम डिलीवरी वाहन चालक पिज्जा हट और अन्य फास्ट फूड डिलीवरी करने के अलावा घरेलू सामान भी चंद मिनटों में घर में पहुंचा रहे हैं। लोगों को घर बैठे ऐसी कई वस्तुएं मिल रही हैं, जिन्हें वे कुछ मिनटों में घर पर ही ले सकते हैं। इसके लिए पिज्जा हट या अन्य जो सेंटर हैं, उनके ऐप पर जाकर ऑर्डर करना है। अधिकतर लोगों को घर बैठे यह सुविधा तो मिल रही है, लेकिन पैदल चल रहे लोगों के लिए ऐसे होम डिलीवरी करने वाले वाहन चालक खतरा बने हुए हैं।

ऐसे ही एक घरेलू सामान पहुंचाने वाली कंपनी के वाहनों से दो बार हादसे हुए हैं, जिससे लोग घायल हुए हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही पक्काभरो से आगे राधा कृष्ण मंदिर के पास एक औरत को ऐसे वाहन चालक ने टक्कर मार दी थी। इसके अलावा दो बच्चे भी ऐसे ही होम डिलीवरी करने वाले वाहन की चपेट में आए जिन्हें मामूली चोटें आई थीं। गौर रहे कि ऐप पर ऑर्डर करने के बाद दिए गए समय में यह वाहन चालक ओवर स्पीड से वाहन को दौड़ा रहे हैं, जिससे हादसे होने का खतरा बना हुआ है। यदि इनकी स्पीड पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह हादसे बढ़ सकते हैं। हालांकि इससे जुड़े युवाओं को रोजगार मिल रहा है, और इन्हें वेतन की बजाए सामान पहुंचाने का कमीशन मिलता है। कम समय में सामान पहुंचाने के चक्कर में यह युवा यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिसके लिए लोग इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

**कम समय में सामान पहुंचाने के चक्कर में युवा कर रहे यातायात नियमों का उल्लंघन**

**राधा कृष्ण मंदिर के पास स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं :** राधा कृष्ण मंदिर के पास दो सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों को चोटें आई हैं, वहीं इससे पहले पक्काभरो से हीरानगर के बीच सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान भी गवा चुके हैं। इन हादसों को लेकर क्षेत्र के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की थी। इस सड़क पर बढ़ रहे हादसों को लेकर गंदा नौण, उपायुक्त निवास और अणु के पास स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं। स्पीड ब्रेकर लगाने से इस सड़क पर हादसे कम हो गए हैं। लोग इसी प्रकार के स्पीड ब्रेकर राधा कृष्ण मंदिर के पास लगाने की मांग कर रहे हैं जिससे ओवर स्पीड पर नियंत्रण लगाया जा सके।

इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि होम डिलीवरी करने वालों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि वे यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोग स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग कर रहे हैं तो वहां पर स्पीड ब्रेकर लगा दिए जाएंगे।

## शुक्र खड्ड में प्रवासी महिला बही, सर्च अभियान में जुटी टीम

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** भारी बरसात ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। रविवार को हमीरपुर जिले में भारी बारिश के चलते नदियां उफान पर हैं। इस दौरान एक प्रवासी महिला जिसका नाम किरण कुमारी, बिहार की बताई जा रही है, पानी के तेज बहाव में बह गई है। किरण और उसका परिवार खड्ड से रेता बजरी निकालने का काम करता है। पांच बच्चों की मां किरण खड्ड किनारे कार्य कर रही थी, तभी अचानक पानी का तेज बहाव आया और उसे बहा कर ले गया। उसके पति व आसपास के लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते वह पानी के तेज बहाव में आंखों से ओझल हो गई। बड़सर पुलिस के साथ उपमंडल प्रशासन प्रवासी महिला के सर्च अभियान में लगा हुआ है।

समाचार लिखे जाने तक कोई उक्त प्रवासी महिला का अभी तक कोई पता पता नहीं लग सका है। एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि तहसीलदार बिझड़ी संदीप कुमार के नेतृत्व एक टीम सर्च अभियान में जुटी हई है, अभी तक महिला का कोई सुराग नहीं लगा है।

### पानी में फंसा ट्रक



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर में भी भारी बारिश का कहर जारी है। हालांकि इस बरसात में उप मंडल में कोई भारी नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन रविवार को एक ट्रक जो डी धंगोटा सहकारी सभा का गुड्स लेकर पहुंचा था। गाड़ी चालक ने सहकारी सभा का सामान अनलोड तो कर दिया था जब वह गाड़ी वापस ले जा रहा था, इतने में गाड़ी धंगोटा शुक्र खड्ड में फंस गई। बरसात का पानी खड्ड में इतना ज्यादा हो गया था कि गाड़ी को वहां से निकालना मुश्किल हो गया था। गाड़ी का चालक गाड़ी से निकलकर सुरक्षित जगह पर चला गया था। स्थानीय लोगों ने जेसीबी के माध्यम से गाड़ी को बड़ी मुश्किल से सेफ निकाल लिया है। गाड़ी का थोड़ा नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

## अनोखी पहल : बेसहारा पशुओं को गोशाला धाम पहुंचाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



वाहन में बेसहारा पशुओं को गोशाला धाम में भेजते हुए ग्रामीण।

जिले में पंचायत ग्यारह ग्रां व झंझियाणी के लोगों ने बेसहारा पशुओं से छुटकारा पाने के लिए एक अनूठा प्रयास किया है। इस समय पूरा प्रदेश बेसहारा पशुओं के कारण परेशानी में है। किसान अपनी फसल को लेकर परेशान हैं और पूरी पूरी रात पहरा देना पड़ रहा है तो सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशु दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। पंचायत ग्यारह ग्रां के प्रधान किशोरी लाल ने बताया कि गांव मसलाणा कलां, हरसौर, दरकोटी तथा झंझियाणी पंचायत में बेसहारा पशुओं की तादाद व इनकी अराजकता से बहुत अधिक परेशानी में आ गए थे। फसल भी तबाह हो रही थी।

जानमाल की क्षति अलग से हो रही थी क्योंकि अबेसहारा सांड किसी पर भी हमला करने लगे थे। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के समक्ष अपनी दिक्कत को रखा। जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पशुपालन विभाग व स्थानीय पंचायतों के संयुक्त प्रयासों से इन बेसहारा पशुओं को रोपड़ी स्थित श्री गुरु रविदास गोशाला धाम की प्रधान लीला देवी से आग्रह किया। उन्होंने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए पशुओं को गोशाला में भेजने की अनुमति दी। इस पर ग्रामीणों ने संयुक्त तौर पर प्रयास करके इलाके के सभी बेसहारा पशुओं को पकड़ा और उन्हें पशु पुनर्वास केंद्र रोपड़ी भेजा।

तीन दिन तक यह कार्य चलता रहा और पशु चिकित्सालय बड़सर के बीएमओ डॉ संजय गुप्ता की मौजूदगी में 31 पशुओं जिनमें 28 सांड व 3 गाय शामिल रहीं, को श्री गुरु रविदास पुनर्वास केंद्र रोपड़ी भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों पूर्व प्रोफेसर नंद लाल, ब्रह्म दास, देश राज, ज्ञान चंद, रामेश्वर, प्रीतम चंद, किशोरी लाल, वार्ड पंच रजनी , सत्या देवी, जमना देवी, लीला देवी तथा अन्य ग्रामीणों ने इस बड़ी समस्या का हल ढूंढने के लिए पंचायत प्रधान किशोरी लाल, पशुपालन विभाग, जिला व स्थानीय प्रशासन व रोपड़ी स्थित श्री गुरू रविदास गोशाल धाम प्रबंधन का आभार जताया।

ग्यारह ग्रां पंचायत के प्रधान किशोरी लाल ने इलाकावासियों से आग्रह किया है कि यदि कोई व्यक्ति बछड़ों, गायों या सांड आदि को बेसहारा न छोड़े तथा कृषि भूमि के नजदीक बंदरों को खाद्य सामग्री न डाले। उन्होंने ऐसा करने वालों व पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मशीन डिपो होल्डर की है, तो 'बट्टे' भी उन्हीं के होंगे : प्रवीण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**प्रदेश में डिपो होल्डर्स का 'बट्टों' को लेकर विवाद सुलझा**

हिमाचल में डिपो होल्डर्स का 'बट्टों' को लेकर विवाद सुलझ गया है। नापतोल विभाग का कहना है कि यह बट्टे रखना जरूरी हैं और उनके बगैर नियमों के तहत वेट एंड मेजरमेंट विभाग इलेक्ट्रॉनिक कंडों को सत्यापित नहीं कर सकता, ऐसा एक्ट में प्रावधान है। इस मामले को लेकर डिपो होल्डर्स के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कवि के सवालों का कोई मतलब नहीं है।

शायद उन्हें ऐसा लगा होगा कि 2 साल पहले जब मशीन सरकार ने दी थी तो बट्टे भी अब सरकार ही देगी, जबकि ऐसा नहीं है। बिलासपुर स्थित विभाग के सहायक नियंत्रक प्रवीण कुमार का कहना है कि इस सिलसिले में जो गाइडलाइंस हैं, उस बारे संबंधित सभी डिपो होल्डर को भी बता दिया गया है। इसमें जरूरी यह नहीं है कि केवल 10 किलोग्राम का ही बट्टा वे अपने साथ लाएं, इसमें 10 किलोग्राम का बेट बनता है, इसमें 5 किलोग्राम के बट्टे के अलावा तीन और दो किलोग्राम का बट्टा भी हो सकता है। जो कुल 10 किलोग्राम का वेट तैयार करेगा। उनका कहना था कि अब क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक मशीन संबंधित डिपो होल्डर की ही हैं। इसलिए बट्टे रखना उन्हीं की जिम्मेदारी है, उन्हें बता दिया गया है, इस पर कोई विवाद नहीं है।

### बजाहर गांव में ब्यास नदी में युवती का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर पंचायत के बजाहर गांव में ब्यास नदी में एक 12 से 13 वर्षीय युवती का शव बरामद हुआ है। सुजानपुर के एसएचओ राकेश धीमान ने बताया कि रविवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि एक शव टापू में पड़ा है, जिस पर मौके पर पहुंचे, लेकिन टापू पर पहुंचना मुश्किल। इस पर आईआरबी जंगल बेरी में कार्यरत पुलिस कर्मचारी कृष्ण कुमार अपने साथी की सेवाएं ली गईं, जो कि टापू पर पहुंचे। युवती के शरीर पर कोई भी कपड़ा नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एंबुलेंस कर्मचारियों ने लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मेड स्वान कंपनी द्वारा पिछले चार वर्षों से राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा 108 व 102 के कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर कई बार प्रशासन व एमडी एनएचएम तथा सरकार के पास गए परंतु सरकार और एनएचएम सभी कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के प्रधान सुनील दत्त व महासचिव बालक राम शर्मा ने कहा कि मेड स्वान कंपनी वेतन नहीं दे रही है। यहां तक कि जो वेतन शुरू में दिया जाता था, उससे भी 1800 रुपए कम दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कंपनी के अधिकारियों से इस बारे में पूछा जाता है तो जवाब मिलता है कि आपका पीएफ काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या पहले पीएफ नहीं कटता था। कंपनी के इस रवैये से एंबुलेंस कर्मचारी परेशान हैं। एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने एनएचएम से भी आग्रह किया है कि इसकी जांच हो और सैलरी स्लिप भी दी जाए। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे हड़ताल पर चले जाएंगे।

## बीपीएल सूची में शामिल न होने पर भड़के लोग, पंचायत प्रधान से उलझे

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नादौन ब्लॉक की 59 पंचायतों में से 16 में कोरम पूरे**

**गलोड़।** नादौन ब्लॉक के आखिरी चरण में 20 पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन रविवार को हुआ और मात्र 6 पंचायतों में इस कोरम में लोगों ने अपनी पूर्ण उपस्थिति दर्ज करवाई और 14 पंचायतों में कोरम अधूरे रहे। नादौन ब्लॉक की कुल 59 पंचायतों में से 16 में कोरम पूर्ण हुए हैं, जबकि 43 पंचायतों में कोरम अधूरे रहे। खास गलोड़ पंचायत में भी लोग पंचायत प्रधान संजीव शर्मा से अपना रोष प्रकट करते हुए दिखे। लोगों का कहना था कि सरकार द्वारा इस बार जो नई बीपीएल चयन प्रक्रिया बनाई गई है, वह गलत है, जिसमें सरकार और पंचायतीराज विभाग तुरंत संशोधन करे।

गलोड़ खास पंचायत में रविवार को जब लोगों को यह जानकारी मिली कि कुल 147 बीपीएल परिवारों की सूची में इस बार मात्र 3 परिवार ही गरीबी रेखा में शामिल हुए हैं, तो लोग प्रधान संजीव शर्मा से उलझने लग पड़े। इस पर प्रधान संजीव शर्मा ने लोगों से कहा कि वह इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे, तब लोग शांत हुए। वहींख सरेड़ी पंचायत में भी 115 में से मात्र 5 लोगों को नई गाइडलाइन के बाद जगह मिली है। अधिकांश पंचायतों में इस बार लोग इस मुद्दे की वजह से ग्रामसभा की बैठकों में नहीं आ रहे हैं। पंचायत प्रधान भी आगावी चुनावों की वजह से इस मुद्दे पर लोगों से ज्यादा उलझना नहीं चाहते।

प्राप्त सूत्रों के अनुसार पुरानी बीपीएल सूची में कई अपात्र लोग शामिल हैं और सरकार का कहना है कि सिर्फ पात्र लोगों को ही बीपीएल की श्रेणी में रखा जाएगा और अपात्र लोगों को बाहर किया जाएगा। इस मामले पर खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा से संपर्क नहीं हो सका, मगर पंचायत निरीक्षक नादौन मदन लाल ने बताया कि ब्लॉक में 59 पंचायतों में से 16 में कोरम पूरा हुआ है 43 पंचायतों में कोरम अधूरे रहे हैं उनके लिए आगामी तारीख तय की जाएगी।

## तकनीकी विवि में इस बार ऑनलाइन होगी काउंसिलिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**बीटेक, बी फार्मेसी डायरेक्ट एंट्री की 15 से होगी काउंसिलिंग**

**बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी की काउंसिलिंग भी तय**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर इस बार बीटेक और बी फार्मेसी डायरेक्ट एंट्री की काउंसिलिंग ऑनलाइन करवाएगा। तकनीकी विवि ने ऑनलाइन काउंसिलिंग के तीन चरणों का शेड्यूल जारी किया है। पिछले वर्ष तकनीकी विवि ने बी फार्मेसी डायरेक्ट एंट्री की ऑनलाइन काउंसिलिंग करवाई थी, लेकिन इस बार बीटेक डायरेक्ट एंट्री की भी ऑनलाइन काउंसिलिंग होगी।

तकनीकी विवि के प्रवेश परीक्षा के आधार पर बी फार्मेसी डायरेक्ट एंट्री की पहले चरण की काउंसिलिंग 15 जुलाई को होगी और 17 जुलाई तक अभ्यर्थी को आवंटित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करना होगा। दूसरे चरण की काउंसिलिंग 21 जुलाई को होगी और 23 जुलाई तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करना होगा। तीसरे चरण की काउंसिलिंग 25 जुलाई को होगी और 28 जुलाई तक रिपोर्ट करनी होगी। वहीं, बीटेक डायरेक्ट एंट्री की जेईई मेन और एचपीसीईटी के आधार पर पहले चरण की काउंसिलिंग 19 जुलाई को होगी, जबकि 22 जुलाई तक आवंटित शिक्षण संस्थान में अभ्यर्थियों को रिपोर्ट करनी होगी। दूसरे चरण की काउंसिलिंग 24 जुलाई को होगी, 26 जुलाई तक रिपोर्ट करनी होगी। तीसरे चरण की काउंसिलिंग 29 जुलाई को होगी और 31 जुलाई तक आवंटित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी।

इसके अलावा बीएससी एचएमसीटी और बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा के आधार पर काउंसिलिंग दो चरण में होगी। पहले चरण की काउंसिलिंग 21 जुलाई होगी और 23 जुलाई तक अभ्यर्थियों को संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करनी होगी, जबकि दूसरे चरण की काउंसिलिंग 25 जुलाई को होगी और 28 जुलाई तक रिपोर्ट करनी होगी। काउंसिलिंग से संबंधित शेड्यूल अभ्यर्थी विस्तारपूर्वक तकनीकी विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### 13 तक बढ़ाई काउंसिलिंग फॉर्म भरने की तिथि

**हिमाचल** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए सत्र में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग फॉर्म भरने की तिथि 13 जुलाई तक बढ़ाई है। जिन विषयों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई हैं, उसमें बीटेक (लेटरल एंट्री), बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री), बी आर्क, एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, एमटेक, एम फार्मेसी, एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए/एमएससी योग शामिल है। तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि उपरोक्त विषयों के लिए पात्र अभ्यर्थी छह से 13 जुलाई तक काउंसिलिंग फॉर्म भर सकते हैं, जिन अभ्यर्थियों ने पहले काउंसिलिंग फॉर्म भरने दिए हैं, लेकिन काउंसिलिंग फॉर्म में कुछ संशोधन करने चाहते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों के लिए भी पोर्टल खुला रहेगा।

### कल से शुरू होगी दस्तावेज की जांच

**हिमाचल** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एक्स सर्विसमैन, डिफेंस, फ्रीडम फाइटर सहित अन्य स्पोर्ट्स और बैकवर्ड एरिया के कोर्ट से बी फार्मेसी, बीटेक सहित अन्य स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांच प्रक्रिया करने का शेड्यूल भी जारी किया है। बी फार्मेसी, बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी में एक्स सर्विसमैन, डिफेंस, फ्रीडम फाइटर सहित अन्य, स्पोर्ट्स और बैकवर्ड एरिया के कोर्ट के तहत काउंसिलिंग के लिए आवेदन किया है, उन्हें आठ जुलाई को उपरोक्त श्रेणी के दस्तावेजों की जांच तकनीकी विवि परिसर हमीरपुर में करवानी होगी। इसके अलावा बीटेक के उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को नौ जुलाई और बी आर्क, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमबीए पर्यटन, एमटेक, एमएससी भौतिक व पर्यावरण विज्ञान, योग, फार्म डी और बीटेक व बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) के उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को 16 जुलाई को संबंधित दस्तावेज के जांच करवानी होगी। उपरोक्त तिथि को सुबह दस बजे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर पहुंचना होगा।

## केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 को हड़ताल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सीटू की अखिल भारतीय कमेटी और 9 अन्य केंद्रीय यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के आह्वन पर 9 जुलाई को केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ, प्रदेश में ऐतिहासिक हड़ताल की जाएगी। इस हड़ताल में प्रदेश के हजारों मजदूर, बीमा, बैंक कर्मचारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय सचिव सीटू डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने कोरोना काल में मजदूरों के 44 श्रम कानूनों को चार लेबर कोड में बदल दिया। इनमें से 12 श्रम कानून तो बिलकुल खत्म कर दिए।

श्रम कोड में नए प्रावधानों के अनुसार यूनियन बनाना कठिन कर दिया है और यूनियन बन भी जाए तो मजदूरों को बेइंसाफी, दमन के खिलाफ धरना प्रदर्शन, हड़ताल करने पर पाबंदियां लगा कर मजदूरों के खिलाफ फौजदारी मुकदमे बनाने का प्रावधान किया गया है। मोदी सरकार का यह कदम देश में अघोषित आपातकाल की शुरुआत है। केंद्र सरकार ने विभागों व कारखानों में पक्के किस्म के रोजगार खत्म कर दिए और उनकी जगह ट्रेनी , अपरेंटिस, फिक्स्ड टर्म रोजगार, आउटसोर्स आदि का प्रावधान किया गया है। कारखानों में मजदूरों की आठ घंटे के बजाए 12 घंटे की ड्यूटी का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार ने श्रम विभाग को पंगु बना दिया है। अब कोई भी श्रम अधिकारी किसी कारखाने में बिना जिलाधीश की इजाजत के जांच के लिए नहीं जा सकता। केंद्र सरकार ने नए कानूनों में प्रावधान किया है कि जिस कारखाने में 40 से कम मजदूर काम करते है, वहां पर न्यूनतम वेतन, ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व अवकाश और अन्य छुटियों के कानून लागू नही होंगे। देश में 70 प्रतिशत उद्योग लघु उद्योग हैं जहां पर ये कानून लागू नहीं होंगे। सीटू इसका विरोध करेगी। इसलिए सीटू व अन्य केंद्रीय ट्रेड यूनियन भारत सरकार की मजदूर व देश विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को एक दिन हड़ताल करेगी। सीटू ने मजदूरों से आह्वान किया है 9 को भारत सरकार को करारा जवाब दें।

**कामयाबी** एचपीशिवा परियोजना के तहत निचले क्षेत्रों में बागवानी की संभावनाओं को बल दे रहा सीएम का गांव

# भवड़ां की बंजर जमीन पर लहलहाने लगा बागीचा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



25 कनाल भूमि पर लगाए गए मौसंबी के पौधे 2 वर्ष में ही फल देने लगे हैं।


प्रदेश के किसानों, बागवानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने की दिशा में एक से बढ़कर एक सराहनीय निर्णय लेने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू एचपीशिवा परियोजना के माध्यम से प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बागवानी की एक नई क्रांति का सूत्रपात कर रहे हैं। कभी फलों की खेती के लिए अनुपयोगी माने जाने वाले प्रदेश के निचले क्षेत्रों में भी अब एचपीशिवा परियोजना के कारण अमरूद, मौसंबी तथा नींबू प्रजाति के अन्य फलों के बागीचे तैयार होने लगे हैं और इसमें मुख्यमंत्री का अपना गांव भवड़ां एक मिसाल बनकर उभरा है।

नादौन क्षेत्र के इस गांव की पथरीली और बंजर जमीन पर अब मौसंबी का बागीचा लहलहाने लगा है, लगभग अढ़ाई वर्ष पूर्व प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को गांव भवड़ां की बंजर एवं पथरीली जमीन पर फलों के बागीचे विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गांव भवड़ां को वर्ष 2023 में एचपीशिवा परियोजना के अंतर्गत लाया गया। इसी परियोजना के शुरुआती दौर में गांव के 7 किसानों की लगभग 25 कनाल भूमि को पौधरोपण के लिए तैयार किया गया।

मनरेगा कनवर्जेंस के माध्यम से भी यह कार्य किया गया और मौसंबी के सैकड़ों के पौधे लगाए गए। आज मात्र 2 वर्ष बाद ही इन छोटे-छोटे पौधों पर काफी अच्छे फल लग गए हैं। मौसंबी से लक-दक छोटे-छोटे पौधों को देखकर गांव के किसान और विशेषकर महिला किसान अत्यंत प्रसन्न हैं। गांव की महिला किसान सुदर्शना देवी ने बताया कि उनकी लगभग 10 कनाल जमीन कई वर्षों से बंजर पड़ी हुई थी। इस पर फसलें तो दूर, घास भी ठीक से नहीं उगती थी, लेकिन, एचपीशिवा परियोजना ने इस बंजर जमीन की तस्वीर एवं तकदीर ही बदल दी है। इसी प्रकार, गांव की एक अन्य किसान सपना देवी ने बताया कि उनकी लगभग 5 कनाल बंजर भूमि पर भी अब मौसंबी के पौधे लहलहा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के किसान मौसंबी के पौधों के बीच खाली जमीन पर अन्य नकदी फसलें भी लगा रहे हैं। इनमें पपीते के पौधे भी शामिल हैं। सुदर्शना देवी और सपना देवी कहना है कि एचपीशिवा परियोजना गांववासियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है और परियोजना के शुरुआती दौर में ही इसके काफी अच्छे परिणाम नजर आ रहे हैं। इससे गांववासी काफी उत्साहित हैं और अन्य फलदार पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित हो रहे हैं।

उधर, उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि एचपीशिवा परियोजना के तहत हमीरपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फलदार पौधों के बागीचे विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांव भवड़ां में भी मौसंबी का बागीचा लगाया है। मात्र 2 वर्षों में ही इस बागीचे में काफी अच्छे फल लगने शुरू हो गए हैं।

## लदरौर खुर्द में बनेगा सामुदायिक भवन और जल्द बनेगी सड़क : विधायक सुरेश



ग्राम सुधार सभा व महिला मंडल के सहयोग से लदरौर खुर्द में कार्यक्रम आयोजित।

**अनंत ज्ञान, जाहू/भोरंज।** उपमंडल भोरंज ग्राम सुधार सभा व महिला मंडल लदरौर खुर्द के सहयोग से रविवार को कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इसमें भोरंज विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इससे पहले स्थानीय ग्राम सुधार सभा, महिला मंडल लदरौर खुर्द के सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक का भव्य स्वागत किया। विधायक सुरेश कुमार ने विकास पर चर्चा करते हुए कहा उन्होंने कहा कि झरलोग पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों पर 78 लाख रुपए खर्च हो रहे हैं। इनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 93 करोड़ रुपए की पट्टा-लदरौर के क्षेत्र के लिए पेयजल योजना बन रही है।

इस अवसर लदरौर खुर्द में बने ओवर हेडटैंक व बोरवेल के कार्य की विभाग से समीक्षा की। विधायक सुरेश कुमार ने लदरौर खुर्द में सामुदायिक भवन निर्माण व लदरौर खुर्द के सड़क के बचे कार्य को पूरा करने के विभाग को निर्देश दिए तथा दसमाहीं गांव की सड़क के कार्य को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक की पत्नी किरण कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पंचायत प्रधान नरेश ठाकुर, पूर्व जिला परिषद सदस्य सविता मिन्हास, पंचायत प्रधान मोनिका देवी, ग्राम सुधार सभा अध्यक्ष सुरेश चंदव अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावितों के लिए राहत की उड़ान



**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्राकृतिक आपदा से बुरी तरह प्रभावित जंजैहली क्षेत्र के लिए मंडी जिला मुख्यालय से हवाई मार्ग से भी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। वायुसेना के हेलिकॉप्टर द्वारा खनुखली हेलीपैड से लिए पहली उड़ान में राशन किट, कंबल, प्रभावित परिवारों के लिए कपड़े, आवश्यक दवाओं की पेटियां तथा अन्य जरूरी सामान भेजा गया है।

### शिमला की 115 वर्ष पुरानी राजपूत सभा को मिली नई कार्यकारिणी



शिमला की नई राजपूत सभा की कार्यकारिणी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला की 115 वर्ष पुरानी राजपूत स्थानीय सभा को नई कार्यकारिणी मिली है। आज न्यू कुफरी के एडवेंचर रिसॉर्ट में हुए चुनावों में बलदेव सिंह ठाकुर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। यह नई कार्यकारिणी अगले दो वर्षों के लिए कार्य करेगी। ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि उनकी प्राथमिकता राजपूत समाज को एकजुट करना और संस्था की ओर से व्यापक सदस्यता अभियान चलाना होगा। उन्होंने बताया कि 1910 में स्थापित यह सभा आजादी के आंदोलन से लेकर आज तक शिमला में राजपूत समाज के संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। नई कार्यकारिणी में अमर सिंह राठौर को उपाध्यक्ष, पंकज चौहान को महासचिव, वीरेंद्र कंवर को कोषाध्यक्ष और रीना वर्मा को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, छह सदस्यों वाली एक कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया है, जिसमें खुशी राम ठाकुर, नरेश चौहान, सुबनीत चौहान, अजीत ठाकुर, एसएस डेस्टा और अजय ठाकुर शामिल हैं। सभा को मार्गदर्शन देने के लिए बीएस हिमालवी, एसएस धडवाल और एचएस राणा को सलाहकार मंडल में नियुक्त किया गया है।

# 'खेल भूमि' बनेगा हिमाचल प्रदेश

## 65 करोड़ की लागत से नादौन में बन रहा अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश को देश की एक प्रमुख खेल भूमि के रूप में स्थापित करने का स्वप्न अब साकार हो रहा है। सीएम सुक्खू के नेतृत्व में, प्रदेश सरकार एक व्यापक इको-सिस्टम तैयार कर रही है, ताकि खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिस्पर्धाओं पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित कर सकें। इसी लक्ष्य के तहत, राज्य में खेल अधोसंरचना का अभूतपूर्व विस्तार किया जा रहा है, जिसमें हमीरपुर के नादौन में 65.61 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स कांप्लेक्स प्रमुख है।

जानकारी के अनुसार नादौन के खरेड़ी में बन रहा यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स हिमाचल के खिलाड़ियों के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। इसमें आठ लेन का स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक शूटिंग रेंज, और कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, टेबल टेनिस, टेनिस तथा बैडमिंटन जैसे खेलों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी, जो खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में सहायक होंगी।

इस वित्त वर्ष में राज्य सरकार खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी तेजी से काम कर रहा है। इनमें बिलासपुर के लुहणू में 100 बिस्तरों की क्षमता वाला खेल छात्रावास, शिमला के कुटासनी में राजीव गांधी बहुद्देशीय स्टेडियम में अत्याधुनिक खेल अधोसंरचना, सोलन में इंडोर स्टेडियम, तथा रिकांगपिओ, हरोली और जयसिंहपुर में नए स्टेडियमों का निर्माण शामिल है। हमीरपुर और सुजानपुर में सिंथेटिक ट्रैक और फील्ड सुविधाओं का विकास भी किया जा रहा है। ये सभी परियोजनाएं हिमाचल को एक मजबूत खेल केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी।

**प्रदेश में खेल केंद्रित मॉडल विकसित, खिलाड़ियों को मिल रही बेहतर सुविधाएं और प्रोत्साहन**



अनंत ज्ञान विशेष

हमीरपुर के नादौन में बन रहा अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स।

### पोषणयुक्त आहार व डाइट मनी पर विशेष ध्यान

**प्रदेश** सरकार खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के साथ-साथ उनके पोषण और यात्रा सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दे रही है। विभिन्न स्तरों की प्रतिस्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। प्राथमिक शिक्षा स्तर के खिलाड़ियों को प्रदेश में होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में 250 रुपए प्रतिदिन, जबकि अन्य सभी खिलाड़ियों को 400 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी दी जा रही है। प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 500 रुपए प्रतिदिन डाइट मनी दी जा रही है।

# धर्मशाला को दलाईलामा से मिली वैश्विक पहचान: मुकेश अग्निहोत्री



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तिब्बतीयन स्कूल छोटा शिमला में शिरकत करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को छोटा शिमला स्थित संभोटा तिब्बतन स्कूल में आयोजित परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने दलाईलामा को विश्व शांति, करुणा, एकता और मानवता का प्रतीक बताया और उनके जीवन को सत्य, अहिंसा और करुणा की मिसाल करार दिया। उन्होंने कहा कि दलाईलामा ने धर्मशाला को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है और उनकी उपस्थिति हिमाचल के लिए गर्व का विषय है।

अग्निहोत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और हिमाचल सरकार ने तिब्बती समुदाय के साथ हमेशा स्नेह और भाईचारे का व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय भारत में एक परिवार की तरह रहता है और उन्हें यहां अच्छा वातावरण मिला है। प्रदेश सरकार ने तिब्बती समुदाय के हितों की रक्षा के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिसमें पूर्व की कांग्रेस सरकारों का अहम योगदान रहा है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने तिब्बती कलाकारों को प्रदेश में होने वाले मेलों और उत्सवों में अपनी संस्कृति प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का भी शुभारंभ किया गया और तिब्बती समुदाय के लोगों व स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस समारोह में भारत-तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रो. वी एस नेगी और शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अनुराग की उपराज्यपाल सिन्हा से स्नेहिल भेंट



**एजेंसी, जम्मू।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने समिति के अन्य सांसदों के साथ श्रीनगर प्रवास के दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से राजभवन में स्नेहिल भेंट व वार्ता की। संसद की कोयला, खान और इस्पात मामलों की संसदीय समिति दो दिवसीय प्रवास पर श्रीनगर में विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर रही है।

# राज्यपाल ने मंडी के लिए 3 राहत सामग्री वाहन किए रवाना

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मंडी जिले के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन से राहत सामग्री से भरे तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह राहत सामग्री राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मंडी के जिला प्रशासन को भेजी गई है।

राहत सामग्री में 540 कंबल, 500 तिरपाल, 20 पेटी कपड़े, किचन सेट, बाल्टियां तथा अन्य आवश्यक घरेलू सामान शामिल हैं, जो आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से भेजे गए हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मंडी जिले के थुनाग और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई है और कई संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन, सेना, एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रशासन को सुचारु रूप से कार्य करने दें और घटनास्थल पर अनावश्यक भीड़ लगाकर बाधा न बनें। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को क्षेत्र की जानकारी अधिक होती है और उनके सहयोग से राहत कार्य बेहतर ढंग से किए जा सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं भी उचित समय पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और पीड़ित परिवारों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक आवश्यकता होगी, रेडक्रॉस के माध्यम से राहत सामग्री भेजी जाती रहेगी और यदि जरूरत पड़ी तो अन्य माध्यमों से और भी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी इन कठिन परिस्थितियों में हरसंभव सहयोग की अपील की। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए राज्यपाल।

# भाजपा ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में भारत माता के वीर सपूत और अखंड भारत के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, वरिष्ठ नेता गणेश दत्त, संजय सूद, रवि मेहता, महिला मोर्चा महामंत्री वंदना योगी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गणेश दत्त ने डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों और राष्ट्र के प्रति उनके अद्वितीय बलिदान को याद किया, खासकर धारा 370 के विरोध में उनके अथक प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो निशान और दो संविधान नहीं चलेंगे का नारा दिया था और उनके इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को हटाकर पूरा किया।



डॉ. मुखर्जी की जयंती पर संबोधित करते हुए गणेश दत्त।

# केंद्र सरकार प्रदेश को देगी आपदा राहत के लिए हरसंभव सहायता : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र में भाई भयंकर तबाही से लोगों को राहत देने के काम में जुटे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अब हर प्रभावित तक पहुंचकर उसे आपदा राहत सामग्री पहुंचाना हमारा पहला लक्ष्य है। आपदा की वजह से लोगों के घर बह गए बाग, खेत खलिहान कुछ नहीं बचा, सड़के बंद हो गई। लोग अपना घर छोड़कर शिविरों में रहने को विवश हैं। ऐसे में लोगों तक राशन और दवाई समय से पहुंचे इसके लिए जयराम ठाकुर जी-जान से जुटे हैं।



उन्होंने प्रदेश सरकार से भी इस मामले में प्रभावी कदम उठाने की अपील की थी। उन्होंने केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया और गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य प्रमुख मंत्रियों को हालात से अवगत कराया। इसके चलते केंद्र द्वारा हेलिकॉप्टर भेजे गए। रविवार को मौसम सही होने की वजह से हेलिकॉप्टर ने कई जगहों पर उड़ान भरी और राहत सामग्री को जगह-जगह पहुंचाया। सेना भी बांद्रा टू और मुश्किल हालात के बावजूद भी लोगों तक राहत सामग्री पहुंचा रही है। मंडी संसदीय सीट से लोकसभा सांसद कंगना रनौत ने भी जयराम ठाकुर के साथ आपदाग्रस्त थुनाग का दौरा किया। इसके बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी राहत सामग्री की खेप लेकर थुनाग पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने उनके साथ भी आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी।

उन्होंने कहा कि मुसीबतें बताकर नहीं आती हैं, लेकिन मुसीबत देखकर किसी के साथ खड़े होने से मुसीबतें टल जरूर जाती हैं। इससे बढ़कर दुनिया में कोई नेक काम नहीं है। उन्होंने थुनाग वानिकी कॉलेज के दो युवा प्रशिक्षु सरकाघाट के काश गांव निवासी साहिल ठाकुर, सिरमौर के रोनित और तांदी में तैनात बिजली कर्मी नागेंद्र पाल द्वारा अपना जीवन संकट में कॉल कर लोगों की जान बचाने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हमारी जिंदगी के असली हीरो यही हैं।

# त्रासदी में तेजी से काम करने की जिम्मेदारी नहीं निभा पाई कांग्रेस सरकार : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नेरचौक बल्ह में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार त्रासदी के समय तेज गति से काम करने की जिम्मेदारी नहीं निभा पाई और देरी से काम शुरू हुआ। देर आए दुरुस्त आए पर जिस सामूहिक पैमाने पर काम होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। जयराम ठाकुर पहले दिन से फील्ड में कार्यरत है और घर-घर जा रहे हैं, इसको देखकर जरूर कांग्रेस सरकार ने अपना कार्य शुरू किया। बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि वह फोरलेन के विरोध में हैं या समर्थन में, सवाल की जलेबी न बाएं। लगातार कांग्रेस के नेता हिमाचल में फोरलेन के कामों का विरोध कर रहे हैं, हिमाचल में जंगल कटान और अवैध खनन पर रोक क्यों नहीं लग रहा? जिसके कारण आज इस त्रासदी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसे विकास कार्यों एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को क्या वह नकारते हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 48 घंटे में 2000 से अधिक राहत किट क्षतिग्रस्त क्षेत्र में पहुंचाए हैं। कल भाजपा के कार्यकर्ता 5000 से अधिक राहत सामग्री इन इलाकों में पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पायल, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, अखिलेश, राकेश उपस्थित रहे।



प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

# शिक्षा मंत्री ने खेल भावना को सराहा

## सिरटी-कोहलाड़ा में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन





खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर आयोजकों व खिलाड़ियों के साथ रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ग्रीन पार्क स्टेडियम सिरठी-कोहलाड़ा में आयोजित 20वीं ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता सिरठी के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों और स्थानीय युवक मंडल को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं को जारी रखने का आह्वान किया, जिससे युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिल सके और वे नशे से दूर रह सकें।

ठाकुर ने इस बात पर जोर दिया कि पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां क्रिकेट जैसे खेलों के लिए सीधे मैदानों की उपलब्धता कम है, फिर भी सीमित संसाधनों के साथ इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करना एक प्रशंसनीय कार्य है, जिसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए।

रोहित ठाकुर ने बताया कि सिरठी गांव के साथ उनका एक घनिष्ठ संबंध है और विकास की दृष्टि से यहां कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसी कड़ी में जुब्बल से सिरठी की महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही इसे पूरा कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर रोहित ठाकुर ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार भी वितरित किए और स्थानीय युवक मंडल को 50,000 रुपए देने की घोषणा की।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. ठाकुर रामलाल को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।**
हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ठाकुर रामलाल को रविवार को उनकी 23वीं पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में एक समारोह का आयोजन किया गया, जहां नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्र-प्रेम और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्वर्गीय ठाकुर रामलाल को पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, ब्लॉक कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, युवा कांग्रेस आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। बता दें कि स्वर्गीय ठाकुर रामलाल को नौ बार अजेय विधायक और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके अतुलनीय योगदान के लिए सदैव याद किया जाएगा। इसके अलावा वे आंध्र प्रदेश के गवर्नर भी रहे।

# आत्माराम दूसरी बार बने राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसो. के प्रधान



नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**उमेश, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का राज्य स्तरीय समारोह कम्युनिटी हॉल सुंदरनगर में राज्य स्तरीय चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। राज्य स्तर पर आयोजित जनरल हाउस में प्रदेश के सभी जिलों के प्रधान और सचिव सहित 288 डेलीगेट के साथ 500 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मंडी जिले की ओर से शुभारंभ अवसर पर सभी जिलों के प्रतिनिधियों का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। समारोह में वित्त सचिव द्वारा गत 3 वर्षों का आय व्यय का ब्यौरा रखा गया, जिसे हाउस द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रधान आत्माराम शर्मा और महासचिव हुक्म सिंह ठाकुर ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी में अमरनाथ भारद्वाज को रिटर्निंग ऑफिसर तथा सुरेंद्र वर्मा व एनआर चौधरी को सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रधान पद पर आत्माराम शर्मा, महासचिव हुकम सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान मंडी जोन से हरीश शर्मा, शिमला जोन से रविदत्त भारद्वाज, कांगड़ा जोन से कल्याण भंडारी के अलावा अन्य को मनोनीत किया गया।

**इंतजार** | भंग आयोग के स्टाफ से ही चलाया जा रहा काम, अध्यक्ष को कार्यालय आए हुए हो गया लंबा समय

# कैसे बदलेगा आयोग का निजाम, आरएंडपी रूल्स की फाइल ठंडे बस्ते में

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग का निजाम आखिर कब बदलेगा? इसके गठन को लगभग 2 साल का समय होने को है, लेकिन अभी भी पुराने यानी भंग आयोग के समय के ही कुछ चुनिंदा कर्मचारियों के सहारे इसे रफ्तार देने का माहौल बनाया गया है।

वास्तविकता यह है कि अभी भी यहां स्वीकृत किए गए कई पद खाली हैं। अधिकारी स्तर के पदों को तो लगभग मुकम्मल तौर पर भर दिया गया है, लेकिन बाकी के स्टाफ के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। यही नहीं कर्मचारियों को अभी यह भी मालूम नहीं है कि उनके भर्ती एवं पदोन्नति नियम आखिर क्या होंगे, कैसे होंगे? उनसे संबंधित फाइल शिमला सचिवालय में लंबे समय से 'ओके' होने के लिए ठंडा बस्ते में पड़ी हुई है।

लगता है संबंधित बड़े अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं है। शायद उन्हें लगता है कि आयोग का कार्यालय रफ्तार पकड़ चुका है। दरअसल में अभी भी पुराने भंग आयोग के सरप्लस पूल के जो कुछ कर्मचारी यहां पर खपाए गए हैं। वे इस बात को लेकर बेचैन है कि भर्ती एवं पदोन्नति नियम जब तक नए आयोग के तैयार नहीं होंगे, तब तक वे असमंजस में ही रहेंगे। 20 सितंबर 2023 को एचपीआरसीए का गठन हुआ था।

कारण यह है कि कहने को तो वे नए आयोग के कर्मचारी के रूप में यहां सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सही मायनों में एचपीआरसीए के एम्पलाई कैसे हो सकते हैं? जब तक उनके भर्ती एवं पदोन्नति नियम ही तैयार नहीं होंगे। जब पुराना आयोग भंग किया गया था तब 60 से ज्यादा कर्मचारी थे। इनमें लगभग आधे कर्मचारियों को दूसरे विभागों में समायोजित कर दिया गया है कई रिटायर हो चुके हैं, लेकिन रिटायरमेंट के लिए उनका हिसाब किताब यहीं से हो रहा है।

अब यहां पर उसी पुराने आयोग के लगभग 23 कर्मचारी यहां पर सेवाएं दे रहे हैं। खास बात यह है कि जब राज्य सरकार ने पुराने आयोग को भंग किया था, तब नए आयोग के गठन पर कहा था कि पुराने कर्मचारियों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा, लेकिन आज स्थिति खुद बयां कर रही है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव


### क्या कहते हैं आयोग के सचिव विक्रम महाजन

**इधर,** आयोग के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि भर्ती एवं पदोन्नति नियमों से संबंधित फाइल शिमला भेजी गई है। उम्मीद यही जताई जानी चाहिए कि जल्दी ही इसे अप्रूवल मिल जाएगी। इसके बगैर कर्मचारियों को असमंजस तो रहती ही है, क्योंकि उनका सिस्टम, प्रमोशन और बाकी कई चीजें रहती हैं। वह भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के बाद ही तैयार होती हैं। रही बात आयोग के अध्यक्ष की, उनका सेहत से जुड़ा हुआ कोई इश्यू है, जब जरूरी होता है तो उनसे वहां जाकर फाइलें क्लियर करवाया ली जाती हैं।

### चेयरमैन की कार्यालय में मौजूदगी न होने पर हैरानी

**इस** आयोग में अध्यक्ष की मौजूदगी को लेकर भी अलग तरह की चर्चा हो रही है सूत्रों के मुताबिक वे जब से अध्यक्ष बने हैं। बहुत कम बार इस आयोग के कार्यालय में उनकी मौजूदगी रही है। अब पिछले कई महीनों से उनकी यहां मौजूदगी लगभग न के बराबर है। ऐसा पहली मर्तबा हुआ है जब आयोग के अध्यक्ष का यहां होना लाजमी नहीं रहा है। अब यदि इस आयोग के मुखिया की मौजूदगी ही लंबे समय से बराबर ना बन रही हो, तो फिर इसका कामकाज कितना बेहतर हो पाएगा। किस दिशा में जा रहा होगा? स्वयं ही अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन सचिवालय में बैठे हुए अधिकारियों को शायद इसकी चिंता नहीं है और ना ही कोई इस पर नजर रख रहा है।

दरअसल में अध्यक्ष की कार्यालय में मौजूदगी न होने से फैसले लेने के मामलों में तो असर पड़ता ही है। कई ऐसी चीजें भी रहती हैं, जो एक टेबल पर बैठकर आसानी से और शीघ्रता के साथ हाल हो सकती हैं। अब यदि इस आयोग के कार्यालय में उस माहौल की कमी चल रही हो, तो फिर कामकाज रफ्तार कैसे पकड़ेगा। वैसे भी किसी ने गठित कार्यालय को बेहतर गति देने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। अब क्योंकि यह कार्यालय 'जीरो' से शुरू हुआ है। इसे बेहतर दशा-दिशा देने में समय तो लगेगा, लेकिन यदि इस तरह की मौजूदगी कर्ताधर्ताओं की बनेगी, तो फिर सवाल पूछने वाले पूछते रहेंगे।





# भृंगराज

## बालों का असली साथी

## सेहत का गुप्त राज

*हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक धरा औषधीय पौधों का एक अनमोल भंडार है। यहां की पर्वतीय घाटियां और नमीयुक्त खेतों की मेड़ों पर अनेक ऐसे वनस्पति खजाने पाए जाते हैं, जिनकी महत्ता से अधिकांश लोग अनभिज्ञ हैं। ऐसा ही एक चमत्कारी पौधा है भृंगराज (Eclipta alba/Eclipta prostrata), जिसे देश के विभिन्न हिस्सों में कंगनी, भृंग, भांगरू या माका के नाम से जाना जाता है। यह पौधा हिमाचल के निचले और मध्यवर्ती क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। प्रायः यह धान के खेतों में एक खरपतवार के रूप में उगता हुआ देखा जा सकता है। इसकी पहचान छोटे सफेद फूलों और नमीयुक्त स्थानों में उगने की विशेषता से की जाती है। पत्तियां विपरीत क्रम में लगी होती हैं, जिन पर बारीक रोम होते हैं और छोटे सफेद फूलों के उपरांत काले बिज निकलते हैं। बहुत कम लोग शायद यह जानते होंगे कि भृंगराज न केवल एक बेहतरीन औषधीय जड़ी-बूटी है, बल्कि एक स्वादिष्ट खाद्य पौधा भी है। इसका उपयोग ब्राह्मी जैसी अन्य जड़ी-बूटियों के साथ मिलाकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में बनाई जाने वाली औषधियों में भी होता है। बालों की देखभाल में तो भृंगराज को अमृत तुल्य माना गया है। प्राचीन आयुर्वेद में इसे केशराज अर्थात बालों के राजा की उपाधि दी गई है, क्योंकि यह बालों को घना, मजबूत और प्राकृतिक रूप से काला बनाए रखने में अत्यंत प्रभावशाली सिद्ध होता है।*

### औषधीय गुण

अनंत ज्ञान

**भृंगराज** शरीर को भीतर से सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाता है। इसका संपूर्ण पौधा औषधीय गुणों से भरपूर है और यह प्राचीनकाल से ही विभिन्न रोगों के उपचार में प्रयोग किया जाता रहा है

### यकृत विकारों में लाभकारी

**जिगर** की बीमारियों (लीवर डिसऑर्डर), पीलिया और पेट के रोगों में भृंगराज का रस व चूर्ण उपयोगी।

### रक्त शुद्धिकरण में सहायक

**शरीर** से विषैले तत्व बाहर निकालता है, त्वचा विकारों में लाभकारी।

### दंत रोग और मुंह के छाले

**पत्तियों** का काढ़ा या रस मुंह के छालों व दंत रोगों में राहत देता है।

### वृक्क (किडनी) स्वास्थ्य

**मूत्रल** गुणों के कारण किडनी को स्वस्थ रखने में सहायक।

### सूजन व दर्द निवारक

**पत्तों** या पौधे का लेप जोड़ों के दर्द व सूजन को कम करता है।

### कैंसर निरोधक गुण

वेडेलोलैक्टोन और एपि-अल्फा-एमैनिन जैसे रसायन कोशिका विभाजन को नियंत्रित कर कैंसर वृद्धि रोकते हैं।

## बालों के स्वास्थ्य में भृंगराज की महत्ता

**बरसात** का मौसम अक्सर अपने साथ नमी और आर्द्रता बढ़ा देता है। बारिश का पानी और वातावरण में फैली नमी बालों और स्कैल्प पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बारिश के पानी में मौजूद अशुद्धियां और प्रदूषक तत्व बालों की जड़ों को कमजोर कर सकते हैं, जिससे बाल झड़ने लगते हैं। इसके अलावा, अत्यधिक नमी के कारण स्कैल्प पर फंगल संक्रमण और डैंड्रफ की समस्या भी आम हो जाती है। इस मौसम में बाल चिपचिपे और बेजान दिखने लगते हैं और उनकी प्राकृतिक चमक खो सकती है, इसलिए बरसात के मौसम में विशेष देखभाल की जरूरत होती है, ताकि बाल स्वस्थ, मजबूत और प्राकृतिक रूप से सुंदर बने रहें। हालांकि, कई आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां इस मौसम में बालों की सुरक्षा और पोषण के लिए बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती हैं, पर उनमें से सबसे विशेष है बरसात में पनपने वाला भृंगराज, जिसे कि आयुर्वेद में 'केशराज' कहा गया है, यह निम्न प्रकार से बालों के लिए लाभकारी है।



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी

**बालों का झड़ना रोकने में सहायक :** भृंगराज तेल बालों की जड़ों को पोषण देता है और बालों को टूटने से बचाता है।

**बालों का समय से पहले सफेद होना रोकता है :** इसके नियमित उपयोग से बालों की काला रंग बनाए रखने में मदद मिलती है।

**स्कैल्प की सेहत सुधारता है :** भृंगराज में मौजूद एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण स्कैल्प को संक्रमण से बचाते हैं और डैंड्रफ कम करते हैं।

आज भृंगराज तेल बाजार में अलग-अलग ब्रांड्स में बालों की देखभाल के लिए खूब बिक रहा है और इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। हालांकि, स्थानीय जड़ी-बूटियों के साथ इस तेल को घर पर भी आसानी से बनाया जा सकता है। इसके लिए सरसों या नारियल तेल में भृंगराज, कलोंजी, मेथी, करी पत्ता, आमला पाउडर, गुल्हड के फूल और सहेजन की पत्तियों को कुछ देर तक गरम करें और दो से तीन दिन तक तेल में रहने दें। इसके बाद किसी कांच की बोतल में भर के रख लें और सप्ताह में तीन बार इसका उपयोग करें।



## उपलब्धता और बाजार संभावनाएं

*हिमाचल में भृंगराज मुख्य रूप से नमी युक्त खेतों की मेड़ों, नालों के किनारे और जलभराव वाली भूमि पर स्वतः ही उगता है तथा बड़ी मात्रा में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होता है, मगर इसे स्थानीय तौर पर कोई विशेष महत्व नहीं दिया जाता। बहुत से लोग के लिए यह खरपतवार मात्र है और धीरे -धीरे नई पीढ़ी के लिए इसका होना न होना मायने ही नहीं रखता है। इसका एक कारण शायद यह भी है कि बहुत से लोग भृंगराज पौधे की सही पहचान नहीं कर पाते। यह अक्सर अन्य हरी जड़ी-बूटियों या घास जैसी दिखने वाली वनस्पतियों से काफी मिलती-जुलती दिखाई देती है, जिसके कारण लोग भ्रमित हो जाते हैं, इसलिए इसके सेवन या औषधीय उपयोग से पहले इसकी पहचान किसी जानकार व्यक्ति या विशेषज्ञ से अवश्य करवा लेनी चाहिए।*

● **बाजार की मांग :** आज के दौर में जब मिलावटी भोजन और गलत जीवनशैली के कारण युवावस्था में ही बालों के सफेद होने की समस्या तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में भृंगराज तेल, भृंगराज पाउडर, भृंगराज कैप्सूल और भृंगराज आधारित हेयर मास्क जैसी वस्तुओं की मांग आयुर्वेदिक और प्राकृतिक उत्पादों के बाजार में तेजर से बढ़ रही है।

● **मूल्यवर्धित उत्पाद :** हिमाचल में भृंगराज से तेल निकालकर, चूर्ण बनाकर और इसके अर्क से हर्बल कॉस्मेटिक उत्पाद तैयार कर आजीविका का एक नया स्रोत विकसित किया जा सकता है।

● **आय के नए द्वारः** ग्रामीण लोग इसकी संगठित तरीके से कटाई-सुखाई कर कच्चे माल या अर्ध-प्रसंस्कृत उत्पाद के रूप में बेचकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

**भृंगराज से मूल्यवर्धित उत्पादों के उदाहरण**

- भृंगराज हेयर ऑयल
- भृंगराज हेयर मास्क
- भृंगराज हर्बल शैंपू
- भृंगराज पाउडर (हेयर पैक या आहार अनुपूरक)
- भृंगराज अर्क कैप्सूल

### आवश्यकता है जन-जागरूकता की

**अब** समय आ गया है कि हम भृंगराज को एक आम जड़ी-बूटी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और आजीविका का साधन मानें। इसकी व्यावसायिक खेती, सतत संग्रहण और प्रसंस्करण पर ध्यान देकर हिमाचल प्रदेश के किसान और महिला स्वयं सहायता समूह एक नया आर्थिक अवसर प्राप्त कर सकते हैं।



## भृंगराज के खाद्य उपयोग और पोषण मूल्य

**भृंगराज** औषधीय गुणों के साथ-साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर है। जानकार लोग इसे पारंपरिक रूप से भोजन में इस्तेमाल करते हैं। इसके कोमल शीर्ष भाग (नवांकुर) खाने योग्य होते हैं और इन्हें चटनी, परांठा, सूप आदि में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में भृंगराज की कोमल पत्तियां और टहनियां परंपरागत रूप से अन्य खाद्य पौधों के साथ मिलाकर साग बनाने में उपयोग होती हैं। इसकी पत्तियां स्वाद में हल्की कसैली होती हैं, लेकिन दूसरे खाद्य योग्य पत्तों के साथ मिलकर इसका स्वाद और पोषण दोनों ही बढ़ जाता है। कहीं-कहीं इसके सूखे पत्तों को चाय या काढ़ा बनाकर सेवन किया जाता है। इसके पोषक तत्वों की अगर बात करें तो इसकी पत्तियां प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस का अच्छा स्रोत होती हैं। इसमें विटामिन ए और सी मौजूद होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और त्वचा व नेत्र स्वास्थ्य में सहायक होते हैं। भृंगराज की पत्तियों में फाइबर प्रचुर मात्रा में मिलता है। साथ ही इसमें प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट और औषधीय रसायन (जैसे वेडेलोलैक्टोन) पाए जाते हैं, जो शरीर को रोगों से बचाने में मदद करते हैं।

**नोटः भृंगराज का सेवन औषधीय मात्रा में ही करना चाहिए और लंबे समय तक नियमित उपयोग से बचना चाहिए।**

*बारिश आते ही कुछ बीमारियां दिखने लगती हैं। बारिश में होने वाली बीमारी में से एक है नाखूनों का फंगस। नाखूनों में फंगल संक्रमण एक आम बीमारी है। यह संक्रमण आमतौर पर आपके हाथ या पैर के नाखून की नोक के नीचे सफेद या पीले-भूरे रंग के धब्बे के रूप में शुरू होता है। जैसे-जैसे फंगल संक्रमण गहराई में फैलता है। नाखून का रंग बदल सकता है, वह मोटा हो सकता है और किनारों से टूटने या झड़ने लग सकता है। यह संक्रमण एक से अधिक नाखूनों को प्रभावित कर सकता है। यदि संक्रमण हल्का है और कोई परेशानी नहीं हो रही है, तो इलाज की जरूरत नहीं हो सकती। यदि नाखून में दर्द हो रहा है, वह बहुत मोटा हो गया है या देखने में बहुत खराब लग रहा है, तो स्व-देखभाल और दवाएं मददगार हो सकती हैं।*



# नाखूनों का फंगल संक्रमण



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

### नाखूनों में फंगल संक्रमण के लक्षण

* नाखून मोटा हो जाना
* नाखून का रंग बदलना, पीला, भूरा या सफेद हो जाना * नाखून का टूटना, झड़ना या खुरदरा हो जाना * नाखून का आकार विकृत होना * नाखून का नेल बेड (त्वचा) से अलग हो जाना नाखून से दुर्गंध आना * यह संक्रमण हाथ के नाखूनों को भी प्रभावित कर सकता है, लेकिन अधिकतर पैरों के नाखून इससे प्रभावित होते हैं।

### नाखूनों में फंगल संक्रमण के कारण

*नाखूनों में फंगल संक्रमण कई प्रकार के फंगल जीवों के कारण होता है। इनमें सबसे आम प्रकार डर्मेटोफाइट (Dermatophyte) होता है। इसके अलावा यीस्ट, बैक्टीरिया, और मोल्ड भी संक्रमण का कारण बन सकते हैं।*
* बैक्टीरियल संक्रमण के कारण नाखून का रंग हरा या काला हो सकता है।
* एथलीट्स फुटः पैरों की त्वचा में होने वाला फंगल संक्रमण-नाखूनों तक फैल सकता है। इसी तरह, नाखून का संक्रमण भी पैरों की त्वचा में फैल सकता है।
*आप यह संक्रमण उन जगहों से भी प्राप्त कर सकते हैं, जहां फंगल पनपते हैं, जैसे-*
* जिम के शॉवर रूम की गीली फर्श * अंधेरे, गीले और पसीने से भीगे हुए जूते * सार्वजनिक स्विमिंग पूल या चेंजिंग रूम

### फंगल इन्फेक्शन के लिए होम्योपैथिक उपचार

**होम्योपैथी** फंगल संक्रमण के इलाज के लिए एक प्राकृतिक और कोमल तरीका प्रदान करती है। पारंपरिक इलाजों की तुलना में, जिनमें कभी-कभी कठोर साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। होम्योपैथी शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय कर के काम करती है। होम्योपैथिक दवा से इलाज करने से बार-बार संक्रमण होने से भी बचा जा सकता है। कृपया ध्यान दें कि सही दवा का चयन व्यक्ति की समग्र स्थिति और लक्षणों पर निर्भर करता है, इसलिए किसी प्रशिक्षित होम्योपैथ से परामर्श अवश्य लें।

1. **Graphites:** त्वचा पर मोटी, रूखी, चिपचिपी, खुजली वाली परत। संक्रमण के साथ पपड़ी या क्रस्ट बनना। विशेष रूप से नमी वाली जगहों (जैसे बगल, कमर) पर।
2. Thuja Occidentalis: फंगल मस्से या फंगल ग्रोथ के लिए। नाखूनों और त्वचा पर फंगल संक्रमण के लिए उपयोगी।
3. Sepia : फंगल संक्रमण जो बार-बार होता हो, विशेष रूप से महिलाओं में। त्वचा में जलन, खुजली और शुष्कता। कमर और जांघों के बीच फंगल संक्रमण में प्रभावी।
4. Tellurium: रिंगवर्म (दाद) के लिए प्रमुख दवा। छल्लेदार घाव, बीच से साफ और किनारों पर खुजली। बदबूदार और पसीने वाली त्वचा में फंगल संक्रमण।
5. Silicea: एथलीट्स फुट (पैरों की फंगल इंफेक्शन) में उपयोगी। पसीना, दरारें, और नाखूनों के संक्रमण में असरदार। प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर करता है।
6. Sulphur: लंबे समय से चल रहे, बार-बार होने वाले संक्रमण के लिए। खुजली, विशेष रूप से रात में या गर्मी में अधिक।

# बरसात में स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदिक चीजें अमृत समान

**बरसात का मौसम जहां एक ओर हरियाली और ठंडक लेकर आता है। वहीं, दूसरी ओर यह कई स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म देता है। इस ऋतु में वातावरण में नमी बढ़ जाने से पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है और वात, पित्त व कफ दोष असंतुलित हो सकते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, इस मौसम में आहार-विहार का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है, ताकि शरीर रोगों से सुरक्षित रह सके और प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे।**



**वर्षा** ऋतु में हल्का, सुपाच्य और गर्म भोजन सबसे उपयुक्त माना जाता है। त्रिकटु चूर्ण (सौंठ, काली मिर्च और पिपली) का सेवन पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और जुकाम-खांसी से बचाव करता है। अदरक और शहद का मिश्रण भी बरसात में अत्यंत लाभकारी होता है, जो सर्दी-जुकाम के लक्षणों को कम करता है और पाचन को सुदृढ़ बनाता है। इसके अलावा हरड़ (हरितकी) का सेवन शरीर की सफाई कर प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।



डॉ. रंजना कपूर, जोगिंद्रनगर (मंडी)

इस मौसम में मूंग दाल की खिचड़ी, हल्का सूप, और छाछ में हींग-सौंठ मिलाकर पीना बेहद लाभदायक होता है। तुलसी, काली मिर्च, लौंग, दालचीनी आदि को उबालकर बनाए गए काढ़े का सेवन मौसमी संक्रमणों से बचाव में सहायक है। हल्दी वाला गर्म दूध भी शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है और बदन दर्द को दूर करता है। आयुर्वेद में फलों को भी इस मौसम में अत्यंत आवश्यक माना गया है, लेकिन सावधानीपूर्वक। बरसात में मौसमी फल जैसे सेब, अनार, जामुन, आंवला और पपीता का सेवन लाभकारी होता है। ये फल न केवल शरीर को जरूरी विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं, बल्कि पाचन को भी दुरुस्त रखते हैं। फल खाने से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और त्वचा भी स्वस्थ रहती है। फलों को ताजा और अच्छी तरह धोकर ही खाना चाहिए, ताकि किसी भी तरह के संक्रमण से बचा जा सके।

आयुर्वेद यह भी कहता है कि बरसात में कुछ चीजों से परहेज करना जरूरी है। इस मौसम में दही, बासी खाना, अत्यधिक तला-भुना भोजन, ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक्स और समुद्री खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए, क्योंकि ये कफ और पित्त को बढ़ा सकते हैं और संक्रमण का खतरा बढ़ाते हैं।

इसके साथ ही नियमित रूप से गर्म पानी पीना, हल्का व्यायाम करना, योग और प्राणायाम करना तथा समय पर सोना और जागना भी स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार यदि बरसात के मौसम में आयुर्वेद के इन नियमों का पालन किया जाए, तो शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान बना रहता है और मौसमी बीमारियों से भी बचा जा सकता है।

# आरामदायक जीवन और असंतुलित आहार बन रहा मधुमेह का कारण

**मधुमेह के कारण जटिलताएं :** हृदय रोग, नेत्र रोग, गुर्दे (किडनी) के रोग, तंत्रिका क्षति रोग ।
**मधुमेह के जोखिम कारक :** वजन, आयु, गर्भावस्था, पोली सिस्टिक ओवरी सिंड्रोम, धूम्रपान और शराब
मधुमेह रोग प्रबंधन।
**योग व प्राणायामः** यह शारीरिक शक्ति, रक्त परिसंचरण और आक्सीजनेशन मे भी सुधार करता है, जिससे मधुमेह रोगियों मे ब्लड शुगर की विकृत अवस्था मे व्यापक सुधार मिलता है।

**विश्व** स्तर पर 10 फीसदी से ज्यादा व्यस्क आबादी मधुमेह (शुगर) रोग की चपेट में है। भारत में वर्ष 2021 के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 74 मिलियन से भी ज्यादा लोग इस बीमारी के लिए निदान किए गए हैं और जागरूकता के अभाव मे यह आंकड़ा वर्ष 2031 तक 100 मिलियन पार कर सकता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 15 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 13.9 फीसदी महिलाएं और 14.7 फीसदी पुरुष मधुमेह के रोगी हैं, चिंता का विषय है।

**मधुमेह टाइप-1ः** वंशानुगत के साथ-साथ इंसुलिन जो शरीर में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य बनाता है, उसका कार्य पूर्ण रूप से बंद रहता है, जिस कारण रोगी को प्रतिदिन इंसुलिन की खुराक लेनी ही पड़ती है, अन्यथा मधुमेह के कारण होने वाली अन्य घातक बीमारियों से जोखिम उठाना पड़ सकता है।

**मधुमेह टाइप-2ः** गर्भावधि मधुमेह और प्री डाइबिटीज में भोजन पाचन और चयापचय के कारण इंसुलिन के कार्य मे बाधा उत्पन्न होना है, जिसे आयुर्वेद अनुसार स्वस्थ और संतुलित आहार, संयक जीवनशैली में बदलाव और हर्बल जड़ी-बूटियों के विभिन्न प्रयोग व माध्यम से (मधुमेह) शुगर नियंत्रित कर स्वस्थ जीवन अपनाया जा सकता है।

**प्रस्तुतिः आरके सहगल, चंबा**

अनंत ज्ञान



-डॉ. दिनेश कुमार सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद अधिकारी, चंबा।

| कारण | लक्षण |
|---|---|
| **मधुमेह** का कारण आरामदायक जीवन, असंतुलित व अस्वस्थ आहार जैसे वासी आहार, स्ट्रीट फूड, जंक फूड इत्यादि के अतिरिक्त हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, स्ट्रेस, डिप्रेशन, तनाव और स्मार्टफोन, टीवी, इंटरनेट का बढ़ता उपयोग व कार्यालय मे लंबे समय तक बैठे-बैठे काम करने वाले लोग चपेट में आ रहे हैं, जो शारीरिक गतिविधियों के लिए समय न दे पाते हों। | **मुंह** सूखना, ज्यादा प्यास लगना, ज्यादा भूख लगना, धुंधला दिखना, बार-बार पेशाब आना, शरीर का वजन कम हो जाना या वजन का बढ़ना, उल्टी महसूस करना, कमजोरी और थकान, चिड़चिड़ापन व जख्म जल्द ठीक न होना मुख्य लक्षण हैं। **आहार संबंधी सुझाव :** आहार में प्रचुर मात्रा मे फल और सब्जियां शामिल होनी चाहिए, जिनमें फाइबर की मात्रा अधिक हो खाना बनाते समय हल्दी, जीरा, धनियां, मैथी, अजवाइन और इलायची जैसे मसालों का उपयोग करना चाहिए। |


**मानसून** का मौसम भले ही तेज गर्मी के बाद राहत देने वाला तो होता है, पर अपने साथ कई बीमारियां भी लेकर आता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। बारिश के मौसम में वातावरण में नमी, जलभराव और साफ-सफाई की कमी के चलते बीमारियों के मामले और इसके कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ जाता है। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा मच्छरों और दूषित पानी के कारण संक्रमण फैलने लगता है। ये बीमारियां बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को सबसे ज्यादा अपना शिकार बनाती हैं। मच्छर जनित रोगों के कारण हर साल बड़ी संख्या में लोगों की मौतें भी हो जाती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को पहले से सावधान हो जाना चाहिए।

## मानसून में बढ़ जाता है

# डेंगू, चिकनगुनिया मलेरिया का खतरा



**डेंगू** एडीज एजिप्टाई नामक मच्छर के काटने से होता है, जो दिन में ज्यादा सक्रिय रहते हैं। ये मच्छर साफ जमा पानी (जैसे कूलर, गमले, टंकी) में पनपते हैं। डेंगू के कारण तेज बुखार (104एस्र तक), सिर, आंखों के साथ मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द होता है। इन लक्षणों के अलावा डेंगू के स्थिति में त्वचा पर लाल चकत्ते, उल्टी या मतली की भी दिक्कत होती है। अगर समय पर इलाज न हो तो ब्लड प्लेटलेट्स काउंट तेजी से कम हो सकता है, जिससे रक्तस्राव और डेंगू हेमोरेजिक फीवर का भी खतरा हो सकता है। ये स्थिति जानलेवा मानी जाती है। डेंगू की ही तरह से मानसून के दिनों में मलेरिया रोग के मामले भी काफी बढ़ जाते हैं। ये एनॉफिलीज मादा मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर आमतौर पर गंदे पानी में पनपते हैं और डेंगू के मच्छरों से उल्टा, रात में ज्यादा काटते हैं। मलेरिया प्लास्मोडियम नाम के परजीवी से होता है, जो खून में पहुंचकर लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। मलेरिया के कारण बुखार के साथ ठंड लगने और पसीना आना, सिर और मांसपेशियों में दर्द, कमजोरी और थकान की दिक्कत देखी जाती है। अगर बीमारी का इलाज न हो पाए औ ये गंभीर रूप ले लेता है तो इससे दिमाग, किडनी और लिवर की भी समस्याएं हो सकती हैं।



डॉ. एनके गुप्ता।

## चिकनगुनिया को लेकर सावधानी जरूरी

**चिकनगुनिया** भी एडीज मच्छर, विशेष रूप से एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस के काटने से होता है। यह दिन में ज्यादा सक्रिय रहता है और साफ पानी में पनपता है। चिकनगुनिया के भी अधिकतर लक्षण डेंगू से मिलता-जुलते हो सकते हैं। इसके कारण अचानक तेज बुखार आने, जोड़ों में तेज दर्द होने, शरीर पर चकत्ते के साथ सिर दर्द और मांसपेशियों में दर्द हो सकता है।



## बीमारियों से ऐसे करें बचाव

अनंत ज्ञान

डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मानसून के दिनों में कुछ बातों का ध्यान रखकर इन बीमारियों से बच सकते हैं। इसके लिए घर के आसपास (कूलर, बर्तन, गमले) पानी इकट्ठा न होने दें। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बांह के कपड़े पहनें, मच्छरदानी और रिपेलेंट का प्रयोग करें। सुबह-शाम घर के कोनों में कीटनाशक छिड़कें। इसके अलावा बुखार आने पर या फिर सामान्य दवाओं से आराम न मिले तो, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## साफ-सफाई और सावधानी से बच सकते

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि मानसून भले ही राहत और ठंडक लेकर आता हो, लेकिन यह बीमारियों का मौसम भी बन जाता है। साफ-सफाई, जागरूकता और थोड़ी सी सावधानी से आप इन मौसमी रोगों से खुद और अपने परिवार को बचा सकते हैं। जल-जमाव के कारण मच्छरों का प्रजनन बढ़ जाता है। यही कारण है कि अगस्त से अक्तूबर तक के महीनों में अस्पताल में डेंगू-मलेरिया और चुकनगुनिया जैसी बीमारियों का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इन बीमारियों से बचाव के लिए सभी लोगों को पहले से सतर्क रहना चाहिए।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन**

## न्यूज ब्रीफ

### पेहग गांव में बाथरूम में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, गगल।** सोहाड़ा पेहग गांव में शनिवार रात को एक युवक की बाथरूम में मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान 26 वर्षीय अभिषेक सैनी पुत्र रामकृष्ण गांव पेहग के रूप में हुई है। गगल पुलिस के प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि शव का टांडा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जानकारी के अनुसार मृतक अभिषेक ने बी फार्मेसी की थी और सोहाड़ा गांव में 7 जुलाई को मेडिकल स्टोर खोलने वाला था, लेकिन पहले ही मौत हो गई। अभिषेक अपने पीछे माता-पिता एक भाई और एक बहन छोड़ गया। वहीं, परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### थुनाग आपदा पीड़ितों के लिए भिजवाया राशन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां की संस्था नगरोटा हेल्पिंग हैंड्स के दानी सेवादारों ने मंडी थुनाग के आपदा प्रभावितों के लिए 40,000 रुपए का राशन भिजवाया है। नगरोटा हेल्पिंग हैंड्स संस्था के फाउंडर प्रवेश शर्मा ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व सोशल मीडिया की सहायता से समाजसेवा शुरू की थी, जिससे बहुत से लोग प्रवाहित होकर इनके साथ जुड़े और तब से लेकर आज तक 52 लाख से ऊपर की सेवा गरीब जरूरतमंद लोगों की कर चुके हैं, जिनमें से मुख्य 86 अति गरीब परिवार की लड़कियों की शादियों की धाम दे चुके हैं। इसके अलावा मेडिकल इमर्जेंसी में, स्कूल व कॉलेज के छात्रों की पढ़ाई के लिए अपने साथ जुड़े दानियों की आर्थिक मदद कर चुके हैं।

### अंद्रेटा अगोजर में 10 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** परम पूज्य सद्गुरु परमहंस डॉ. श्री स्वामी हनुमंतानंद सरस्वती जी महाराज की तपोभूमि, स्वर्गाश्रम घाट अंद्रेटा अगोजर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को मनाया जाएगा। स्वर्गाश्रम घाट आंद्रेटा के संस्थापक प्रेमानंद सरस्वती जी ने बताया कि सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा, जिसमें भक्तजनों को भगवान श्रीराम की कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके बाद भंडारा लगाया जाएगा। श्री प्रेमानंद सरस्वती जी ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वे अपने परिवार सहित इस महोत्सव में उपस्थित होकर गुरुपूजन, पाठ और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें तथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव को सफल बनाएं।

### संजीव गांधी बने पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज के पूर्व छात्र संघ ने रविवार को कॉलेज के ऑडिटोरियम भवन में आयोजित सामान्य सभा में अपनी नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों ने भाग लेते हुए नए पदाधिकारियों का चुनाव किया। कर्नल करतार सिंह की अध्यक्षता में इस संघ का पंजीकरण हुआ था। सभा ने सर्वसम्मति से संजीव गांधी को नया अध्यक्ष और संदीप मेहता को महासचिव चुना। संजीव गांधी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे और कॉलेज की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर एक भव्य समारोह आयोजित करने के लिए सदस्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। यह चुनाव प्रक्रिया कर्नल कृष्ण गुरुंग, संघ के सबसे वरिष्ठ सदस्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

### डीए न मिलने से विद्युत पेंशनर्स नाखुश



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम बैजनाथ इकाई की मासिक बैठक पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में अध्यक्ष केसी कटोच की अध्यक्षता में हुई। बैठक में लगभग 50 पेंशनर्स ने भाग लिया। इकाई सचिव बलबीर सिंह राणा ने इकाई की गतिविधियों की जानकारी दी। जिला महासचिव विजय भंडारी ने कांगड़ा जिले की इकाइयों से इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आग्रह किया। महापंचायत में बैजनाथ इकाई की ओर से 20 गाड़ियां जाएंगी और सरकार के प्रति रोष जताया जाएगा। उन्होंने कहा कि डीए न मिलने से पेंशनर्स नाखुश हैं। इस अवसर पर अतुल मेहता, दीपू राम, चिंत सिंह पठानिया, बलदेव सिंह, जसवंत राणा, सुरिंदर अवस्थी, जगत सिंह, घनश्याम शर्मा, विनोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महिला मंडल भवन के लिए दी पहली किस्त



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** रणजीत बक्शी जनकल्याण सभा की बैठक रविवार को जसूर में हुई। सभा के अध्यक्ष अकिल बक्शी ने स्कूल स्टाफ को नई बिल्डिंग के लिए बधाई दी और इस नवनिर्मित बिल्डिंग के लिए अगली किस्त जारी की। सभा द्वारा बनाई जा रही 8 लाख रुपए की गोद लिए भोल ठाकरां सरकारी स्कूल की नई बिल्डिंग का लेंटल डल गया है। अकिल ने बताया कि कुछ समय पहले सभा के पास पंचायत ठेहड़ का एक महिला मंडल आया था और उन्होंने महिला मंडल भवन की रिपेयर के लिए कुछ फंड की डिमांड की थी। महिला मंडल भवन के लिए हमने 2 लाख रुपए मंजूर किए हैं और आज पहली किस्त दे दी है।

### डाडासीबा, कनोल में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 8 जुलाई को 33 केवी लाइन एवं 33/11 केवी उपकेंद्र डाडासीबा की उचित मरम्मत एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते बिजली सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक डाडासीबा, नंगल चौक रोड़ी कोडी, स्युल खड्ड, आरा चौक, चनौर चप्लाह, निचला भलवाल इंडस्ट्रियल एरिया, रोडी कोडी, पनियामल, कनोल, तियामल बढल, जोड़बड, भलवाल आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## नगरोटा सूरियां विकास खंड कार्यालय को नहीं होने देंगे जवाली शिफ्ट: संघर्ष समिति

# महिलाओं ने किया रोष प्रदर्शन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां के सामान की पैकिंग के बाद जवाली शिफ्ट करने की तैयारी को लेकर स्थानीय जनता भड़क उठी है। विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां में शनिवार को सारा सामान पैक कर लिया है। इसकी भनक लगने के बाद रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण नगरोटा सूरियां विकास खंड कार्यालय में पहुंचे और विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक संजय महाजन के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

कथोली पंचायत के प्रधान गुरचरन सिंह वेदी ने कहा कि विकास खंड की फाइलों को सफेद कपड़े में ऐसे बंद कर रखा है, जैसे किसी मृत व्यक्ति को कफन से लपेटा हो। उन्होंने कहा कि चाहे हमारे प्राण ही क्यों न चले जाएं, लेकिन विकास खंड कार्यालय को नगरोटा सूरियां से जवाली नहीं जाने दिया जाएगा। समाजसेवी सजय गुलेरिया ने कहा कि हमें जिस भी हद तक जाना पड़ेगा, हम जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री चंद्र कुमार नगरोटा सूरियां को देखकर राजी नहीं हैं व अब चंद्र कुमार के परिवार का राजनीतिक अंत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब कभी भी चंद्र कुमार के परिवार का कोई भी व्यक्ति विधायक नहीं बनेगा। उन्होंने यहां के लोगों के साथ जो व्यवहार किया है और विकास खंड कार्यालय को शिफ्ट कर रहे हैं, यह बहुत ही दुखद बात है।



नगरोटा सूरियां विकास खंड को जवाली शिफ्ट करने के विरोध में भारी संख्या में महिलाओं ने चंद्र कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### महिलाएं बोलीं- हम पीछे हटने वाले नहीं हैं

**महिलाओं** और संघर्ष समिति ने चौधरी चंद्र कुमार होश में आओ के नारे लगाकर अपना विरोध प्रकट किया। महिलाओं ने एकमत होकर कहा कि हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों न जाना पड़े। चंद्र कुमार ने नगरोटा सूरियां का गला घोंट दिया है। अब देखना यह होगा कि आखिरकार आने वाले समय में इस मुद्दे पर सरकार क्या रुख अपनाती है।

## कांग्रेस सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल: परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के सुलह मंडल द्वारा विधायक विपिन सिंह परमार के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन के अवसर पर अक्षैणा में पौधरोपण किया तथा बैठक का भी आयोजन किया। परमार ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता कम से कम 10 पौधे रोपित करके उनके सरंक्षण के लिए संकल्प भी लें, क्योंकि इन कार्यक्रमों में पौधे तो रोपित किए जाते हैं, परंतु उनकी देखभाल नहीं की जाती है।

**सुलह में कार्यकर्ता हर बूथ पर लगाएं कम से कम 10 पौधे**

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती है, बल्कि सामाजिक मनोस्थिति को समाज और देश से जोड़ने का भी कार्य करती है। इसके लिए पार्टी नेतृत्व द्वारा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम चलाए जाते हैं। परमार ने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल की जनता को झूठ बोल और ठग कर सत्ता हासिल की थी और अब कांग्रेस सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में विफल सिद्ध हो रही है।

## इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की खड्डों में अवैध खनन जारी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत खनन माफिया प्रतिबंध के बावजूद सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए अवैध खनन करने में लगा हुआ है। चाहे चक्की दरिया हो या ब्यास दरिया हो या फिर छोंछ खड्ड हो। कई पहाड़ों का सीना छलनी किया जा रहा है। वहीं, विभाग तथा पुलिस पूरी तरह से लगाम लगाने में बेबस है, क्योंकि इन सभी के पीछे राजनीतिक लोगों का हाथ है। ज्यादातर क्रशर मलिक किसी न किसी पार्टी के उच्च पद पर तैनात हैं, जिसके चलते पुलिस प्रशासन तथा माइनिंग विभाग के कर्मचारी अपनी ट्रांसफर होने के चलते आंखें बंद करके बैठे हुए हैं।

**एक जेसीबी और एक टिप्पर को लिया कब्जे में**

रविवार को डमटाल थाना के तहत एक क्रशर मालिक द्वारा शिकायत की गई कि एक जेसीबी तथा टिप्पर द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है, जिसका उन्होंने वीडियो वायरल करके सोशल मीडिया पर डाल दिया। एसपी नूरपुर अशोक रतन द्वारा कार्रवाई करते हुए डमटाल पुलिस मौके पर पहुंची और एक जेसीबी तथा एक टिप्पर को कब्जे में लेकर सुरेश कुमार, अशोक कुमार निवासी थाना नंगलभूर पठानकोट के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी संजीव यादव ने कहा कि हम लगातार छापेमारी करते रहते हैं। पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। माइनिंग ऑफिसर नूरपुर सुरेश ठाकुर ने कहा कि विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है व आगे भी जारी रहेगी। पहली जुलाई से 15 सितंबर तक पूरी तरह से खनन सामग्री उठाने पर प्रतिबंध सरकार ने लगाया। यदि कोई खनन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



पुलिस की ओर से जब्त टिप्पर और जेसीबी।

## नामदेव समाज महासभा की नई कार्यकारिणी गठित

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** प्रदेश नामदेव समाज महासभा जिला कांगड़ा की आम सभा का आयोजन सूद भवन कांगड़ा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंजन केशव कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी ने की। बैठक में आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आगामी तीन वर्षों के लिए जिला कांगड़ा की नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव करवाए गए। इसमें सर्वसम्मति से रमेश डोगरा को प्रधान चुना गया। इसके अलावा मखौली राम उपप्रधान, मीना कुमारी सचिव, अरुण कुमार कोषाध्यक्ष, प्रकाश चंद सह सचिव, रितु संगठन सचिव, पुरुषोत्तम दास प्रेस सचिव, रोहित कुमार कानूनी सलाहकार को चुना गया। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य डॉक्टर शशि पाल अत्री, आशु कुमार, अनिल कुमार प्रदेश महासचिव, विनोद कुमार सचिव ऊना, मति अनीता, मंजू, रीतू, बलदेव नामदेव, जगदीश अत्री तथा अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## बलदेव तीसरी बार खंड राजा का तालाब के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड राजा का तालाब के सत्र 2025-28 के त्रैवार्षिक चुनाव राजा का तालाब में रविवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला डागला के केंद्रीय मुख्य शिक्षक तरसेम सिंह की अध्यक्षता में चुनाव पर्यवेक्षक सुरिंदर शर्मा खंड अध्यक्ष इंदौरा, बलवीर सिंह खंड अध्यक्ष फतेहपुर द्वारा संपन्न करवाए गए। चुनाव प्रक्रिया में 157 अध्यापकों ने भाग लिया। बलदेव सिंह लगातार तीसरी बार खंड राजा का तालाब के अध्यक्ष चुना गया। बलदेव सिंह को 93, जबकि कुलदीप सिंह को 61 मत प्राप्त हुए। वहीं तीन अध्यापक अनुपस्थित रहे। शमशेर पठानिया को महासचिव और मदन लाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई। अध्यक्ष बलदेव सिंह ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर खंड के अध्यापकों सहित अन्य भी विशेष रूप से शामिल शामिल रहे।

## किसानों ने सीखे वैज्ञानिक तरीके से खेती के गुर



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** हरियाणा के करनाल स्थित एचटीआई इंस्टिट्यूट में बागवानी विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण लेकर लौटे जिला कांगड़ा के किसानों ने अब गांव-गांव जाकर खेती में बदलाव की मुहिम छेड़ने की ठान ली है। गरली पंचायत की प्रधान शशि लता ने रविवार को किसानों से बातचीत में बताया कि अब समय पारंपरिक खेती से आगे बढ़ने का है। हमें आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाकर आर्थिक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। 30 जून से 4 जुलाई तक चले इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के 40 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में फलों, सब्जियों और फूलों की वैज्ञानिक तरीके से खेती के गुर सिखाए गए। डॉ. विवेक गर्ग (देहरा) और टूर मैनेजर नाजिर की देखरेख में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ज्वालामुखी में खुले में बह रही सीवरेज की गंदगी



**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** धार्मिक नगरी ज्वालामुखी के मुख्य मार्गों पर खुले में बहती सीवरेज गंदगी से स्थानीय लोग व तीर्थयात्री परेशान हो रहे हैं। मुख्य मंदिर मार्ग नंबर 1 से खुले में बह रही सीवरेज ने आईपीएच विभाग सहित नगर परिषद की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। सीवरेज चैंबरों की समय पर सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे पूरे शहर में दुर्गंध फैल गई है और लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नियमित रूप से नालियों और सीवरेज चैंबरों की सफाई करवाने और सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने की मांग की है।

## सरकार पहुंचाना चाहती अनुभवहीन कंपनी को फायदा: राकेश पठानिया

**फिना सिंह परियोजना मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट, धांधली नहीं होगी बर्दाश्त**

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** केंद्र सरकार ने फिना सिंह परियोजना डैम को बनाने के लिए लगभग 300 करोड़ की राशि जारी की है और बजट आते ही प्रदेश सरकार ने डैम को बनाने के लिए टेंडर आमंत्रित किए हैं। टेंडर निविदाएं खुलते ही विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने इस टेंडर प्रकिया के मामले को उठाते हुए प्रदेश सरकार को घेरा था और अब पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने भी सरकार को लपेटा है। राकेश पठानिया ने कहा कि फिना सिंह परियोजना डैम मेरा ड्रिम प्रोजेक्ट है और इस डैम निर्माण में धांधली बर्दाश्दत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिना सिंह परियोजना डैम का 294 करोड़ की लागत का कार्य एक अनुभवहीन कंपनी को आवंटित करने की सरकार की मंशा संदेह के घेरे में दिखाई दे रही है। फिना सिंह सिंचाई परियोजना के अंतर्गत लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से एक बांध का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस बांध कार्य का टेंडर नियमों को ताक में रख कर ऐसी कंपनी को आवंटित करने की तैयारी प्रदेश सरकार ने कर ली है, जोकि अनुभवहीन है। टेंडर की शर्तों को एक अनुभवहीन कंपनी के पक्ष में विशेषकर कंपनी को जानबूझ कर योग्य ठहराने के लिए सुविधानुसार बदला गया है। पठानिया ने कहा कि जब पूर्व में कांग्रेस सरकार रही तो इस परियोजना का काम ठप पड़ा रहा व सिर्फ चहेतों को ऐश करवाई गई। जब भाजपा सरकार सत्ता में आई तो विशेष बजट दिया और इस परियोजना को केंद्र सरकार को भेजा। देश की डैम की विशेष योजनाओं मे इसे जगह मिली, वह भी भाजपा की देन है। अब बजट आया है तो सत्तासीन कांग्रेस सरकार फिर से अनुभवहीन कंपनी को इसका टेंडर देने की चेष्टा कर रही है।



फिना सिंह परियोजना डैम का मास्टर प्लान दिखाते पूर्व वन मंत्री राकेश पठानिया।

## 'आप' कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के रैहन में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) का जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा की अध्यक्षता में हुआ। संवाद सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करना, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना और प्रदेश में पार्टी की पैठ को और अधिक मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार करना था। कार्यकर्ताओं ने हाल ही में मंडी जिले में आई आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वहीं, जिले की सभी 4 विधानसभाओं से आए हुए कार्यकर्ताओं ने विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर अपने विचार और सुझाव साझा किए। प्रभारी ऋतुराज झा ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'आप' प्रदेश के हर वर्ग के लोगों की आवाज बनेगी और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि संवाद सम्मेलन हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रदेश में पार्टी की उपस्थिति को और अधिक मजबूत करने में सहायक होगा। सम्मेलन में नूरपुर संगठनात्मक जिला के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मटौर कॉलेज के लिए 2 करोड़ से बनेगी सड़क: निशु मोंगरा

### बोले- 24 लाख रुपए से इंस्टॉल होगा नया बिजली ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मटौर** डिग्री कॉलेज को लेकर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार गंभीर हो गई है। इस कॉलेज के लिए मटौर स्कूल से होकर जाना पड़ रहा था। सरकार ने कॉलेज के लिए रोड बनाने का फैसला लिया है। वहीं, बिजली का नया ट्रांसफार्मर और नया हैंडपंप भी लगाया जाएगा। कॉलेज रोड पर 2 करोड़ और बिजली ट्रांसफार्मर पर 24 लाख खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा ने दी।

**अधिकारियों को दिए सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश**

मोंगरा पीडब्ल्यूडी और जलशक्ति विभाग के एक्सईएन के साथ मटौर कॉलेज में स्पाट विजिट पर पहुंचे थे। निशु मोंगरा ने बताया कि बगली रोड चौक के निकट से गुजर रहे नाले के पास से करीब 400 मीटर लंबी सड़क कॉलेज के लिए बनाई जाएगी। नाले पर एक स्पैन भी डाला जाएगा। कॉलेज में बिजली का नया ट्रांसफार्मर, हैंडपंप भी लगाया जाएगा। मोंगरा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि मटौर स्कूल की भी कुछ मांगें हैं, जिन्हें पूरा कर लिया जाएगा।



निशु मोंगरा ने पीडब्ल्यूडी और जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ विजिट किया।

**कार्यक्रम** कलूंड में काफ रैली के विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने पर जोर: आशीष

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पशुपालन विभाग की ओर से प्रोजेनी टेस्टिंग जर्सी प्रोजेक्ट के तहत कलूंड में रविवार को बछड़ी रैली (काफ रैली) का आयोजन किया गया। इसमें पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, नकद पुरस्कार, 50 किलो फीड, प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

आशीष बुटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाले दूध उत्पादन को बढ़ावा देना, आधुनिक डेयरी फार्मिंग को प्रोत्साहित करना तथा श्रेष्ठ नस्ल के दुधारू पशुओं के संरक्षण और संवर्धन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि प्रमुख है। अब गाय के दूध का समर्थन मूल्य 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस के दूध का मूल्य 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने पशुपालकों की सुविधा के लिए मोबाइल पशुपालन वैन सेवा भी आरंभ की है। सहायक निदेशक कैटल प्रोडक्शन डॉ. अनीश कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र की 6 पंचायतों में 2022 से लेकर अब तक 2700 गायों का उच्चतम किस्म के वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया है। प्रतियोगिता में 0 से 6 माह और 6 से 12 माह की दो श्रेणियों में कुल 40 बछड़ियों ने भाग लिया। रैली में भाग ले रही बछड़ियों के मालिकों को पशुओं की दवाइयां और पशु खाद्य सामग्री भी प्रदान की गई। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक डॉ. अजय सिंह, उपनिदेशक डॉ. मोहिंदर शामा, सहायक निदेशक डॉ. अनीश कुमार, डॉ. वीरेंद्र पटियाल, डॉ. नंद किशोर सहित पशुपालन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह, नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करते विधायक आशीष बुटेल।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विशाल को 'रवींद्रनाथ टैगोर अवॉर्ड

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**पार्क** प्लाजा चंडीगढ़ जीरकपुर में टाकेसी ओगरा की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और नवाचार के लिए प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा के डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन को 'रवींद्रनाथ टैगोर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पार्क प्लाजा चंडीगढ़ जीरकपुर में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार डॉ. विशाल महाजन को स्कूल की शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की समग्र विकास और समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। समारोह में देशभर के शिक्षाविदों, कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। डॉ. विशाल महाजन ने कहा कि यह सम्मान मेरे अकेले का नहीं, बल्कि पूरे स्कूल परिवार की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। स्कूल कि एमडी डॉ. रिचा महाजन ने कहा कि डॉ. विशाल महाजन का यह सम्मान न केवल हमारे स्कूल के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्रिंसिपल रेणु परमार ने कहा कि यह पुरस्कार डॉ. विशाल महाजन की मेहनत और उनके सतत प्रयासों का परिणाम है। वहीं, स्कूल परिसर में विशेष सभा का आयोजन किया गया। शिक्षकों व छात्रों ने डॉ. विशाल महाजन को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।




पार्क प्लाजा चंडीगढ़ जीरकपुर में आयोजित समारोह में नवाजा।

## मंडी में आपदा से भारी तबाही और सीएम सुक्खू गायब: राकेश शर्मा



फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में संकल्प सभा का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के तीनों मंडलों रे, राजा का तालाब व फतेहपुर में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा विशेष रूप से पहुंचे। इस मौके पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके याद किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए राकेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मित्रों की टोकी की सरकार बनकर रह गई है, जिसका ताजा उदाहरण सरकार द्वारा जारी की गई नोटिफिकेश है, जिसमें बोर्डों के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के मानदेय तथा खर्चे बढ़ाए गए हैं, जो कि निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मंडी में त्रासदी आई हुई है और प्रदेश ने मुख्यमंत्री गायब हैं। सीएम ने वहां जाकर पीड़ितों का हाल जानना तक उचित नहीं समझा है, जबकि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं। भाजपा के हर संगठनात्मक जिला से राशन की सौ-सौ किट्स आपदा प्रभावित लोगों के लिए भेजी जा रही हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रभावित क्षेत्रों में जाने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# गरीब बच्चों का भविष्य संवार रही सुख शिक्षा योजना

## शिमला में 1190 बच्चों को मिला लाभ; अब तक 83.77 लाख आवंटित, पात्र बच्चे को हर माह 1000 रुपए की मदद

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल सरकार की महत्वाकांक्षी इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए शिक्षा का नया सवेरा लेकर आई है। यह योजना विधवा, दिव्यांग और तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक संबल प्रदान कर रही है, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। शिमला जिले में वर्ष 2025-26 के दौरान इस योजना के तहत 18 वर्ष तक के 1190 बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है, जिसके लिए अब तक 83.77 लाख रुपए आवंटित किए गए हैं। प्रत्येक पात्र बच्चे को प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

### प्रभावी ढंग से लागू हो रही यह योजना: डीसी

**उपायुक्त** शिमला ने मुख्यमंत्री के बच्चों के प्रति विशेष स्नेह का उल्लेख करते हुए बताया कि जिला प्रशासन इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना जैसी पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जिले के सभी जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।



### आय एक लाख से कम होनी जरूरी

**इस** योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को बीपीएल श्रेणी से संबंधित होना चाहिए, या वह तलाकशुदा, विधवा महिला या 70 फीसदी से अधिक दिव्यांग होना चाहिए। आवेदक हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी हो और परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम होनी चाहिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित यह योजना बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए भी सहायता प्रदान कर रही है। जिन छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करना है, उन्हें छात्रावास सुविधा और शिक्षण सहायता भी मुफ्त में मिल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना गरीब बच्चों को आगे बढ़ने और अपना भविष्य गढ़ने के कई अवसर दे रही है। शिमला जिले के 11 विकास खंडों में इस योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें बाल विकास परियोजना और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

योजना की पहुंच केवल 18 वर्ष तक के बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 18 से 27 वर्ष के उन युवाओं के लिए भी सहायक है जो अपनी शैक्षणिक यात्रा जारी रखना चाहते हैं। इस आयु वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा, तकनीकी डिप्लोमा या डिग्री हासिल करने के लिए फीस का भुगतान नहीं करना होगा और उन्हें मुफ्त छात्रावास सुविधा भी मिलेगी।

न्यू शिमला सेक्टर-3 की शिशुबाला और सुलोचना जैसी कई लाभार्थियों ने इस योजना के लिए सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है, क्योंकि इससे उनके बच्चों, जिनमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी शामिल हैं, की शिक्षा सुनिश्चित हो पाई है। रीनू ठाकुर ने बताया कि पति के देहांत के बाद आर्थिक तंगी में उनकी बेटी की शिक्षा में बाधा आ रही थी, लेकिन इस योजना ने उन्हें राहत दी है।

# 34 शिक्षकों को अत्याधुनिक तकनीकों से करवाया परिचित

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** डाइट शिमला में समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से स्टेम इंस्पायर एवं क्रिएटिव माइंड विषय पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें शिमला जिले के 24 राजकीय विद्यालयों से आए कुल 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हिमाचल सरकार की इस सराहनीय पहल का उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी के तकनीकी कौशल जैसे पायथन प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व वर्चुअल रियलिटी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराना था। ताकि वे इन नवाचारों को विद्यालयों में छात्रों तक पहुंचा सकें और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बना सकें। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन डाईप्ट शिमला के प्राचार्य जय देव नेगी ने किया। उन्होंने स्टेम शिक्षा की वैश्विक उपयोगिता, वर्तमान शैक्षिक संदर्भ में इसकी अनिवार्यता और स्थानीय विद्यालयों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यक्रम का समन्वयन स्टेम समन्वयक भूपेश शर्मा द्वारा किया गया। जिन्होंने स्टेम व इंस्पायर योजनाओं की भूमिका और उनके माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों तक नवाचार पहुंचाने के महत्व को रेखांकित किया। प्रशिक्षण में स्टैम मीडिया की विशेषज्ञ टीम सुमंत महाजन (जोनल मैनेजर), सचिन पटेल (रिसोर्स पर्सन), हिमांशु राणा (मास्टर ट्रेनर) एवं निधि भारद्वाज (स्टेम इंस्ट्रक्टर) ने गहन तकनीकी सत्रों का संचालन किया। जिसमें प्रतिभागियों को पायथन कोडिंग की मूल अवधारणाओं, मशीन लर्निंग के वास्तविक अनुप्रयोगों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कार्यप्रणाली और वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से शिक्षण-अधिगम अनुभव से रूबरू कराया गया। यह प्रशिक्षण पूर्णतः गतिविधि आधारित एवं हैंडस आन लर्निंग पर आधारित था।

**दो दिवसीय स्टेम इंस्पायर प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न**

# तकनीकी कर्मचारी संघ के 21 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्रदेश तकनीकी कर्मचारी संघ जिला शिमला की एक वर्चुअल बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में महासचिव चमन लाल शर्मा एवं उप महासचिव पवन परमार विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में तकनीकी कर्मचारी संघ के 21 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा की गई। जिसे संघ द्वारा विद्युत बोर्ड प्रबंधन को सौंपा गया था। हाल ही में उस पर सफल वार्ता आयोजित हुई। उस पर जल्दी ही अधिसूचना जारी करने का आग्रह किया गया है।

बैठक में विद्युत बोर्ड में घटती तकनीकी कर्मचारियों की संख्या पर गहरी चिंता व्यक्त की गई और उन्होंने बोर्ड से मांग की है कि बोर्ड में नियमित अंतराल में नियमित भर्ती की जाए। साथ ही बिजली बोर्ड के 66 केवी और उससे ऊपर के सब-स्टेशनों की संपत्ति, ऑपरेशन व मेंटेनेंस एचपीपीटीसीएल को हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर भी गंभीर चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों ने इस प्रस्ताव का एकमत से विरोध किया।

# संतोष को मिली राष्ट्रीय सेवा भारती रोहड़ू इकाई के अध्यक्ष की कमान



राष्ट्रीय सेवा भारतीय रोहड़ू इकाई की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

**राष्ट्रीय** सेवा भारती रोहड़ू इकाई की कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक की अध्यक्षता सेवा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष जगन्नाथ व सहकोषाध्यक्ष विजय एवं जिला विभाग के पूर्ण कालिक मंजित कैलान्टा की अध्यक्षता में हुई।

जिसमें सर्वसहमति से संतोष को अध्यक्ष व सरवन्ता घामटा को उपाध्यक्ष, सुभाष पामटा को सचिव, भानु सुध को सहसचिव, हरीश को कोषाध्यक्ष, बलवान को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अन्य दायित्व में रिता ठाकुर, सुदेश कैलान्टा, डॉ. गौतम, अजय गुप्ता, मोहित, सुरेश लालटा, यशवंत सिंह नेगी व साहिल चौहान को कार्यकारिणी में दायित्व सौंपे गए।

सेवा भारती रोहड़ू का मुख्य उद्देश्य सेवा संस्कार, सामाजिक समरसता, समृद्धि शिक्षा स्वास्थ्य व स्वाबलंबन पर कार्य करेंगी। सेवा भारती नर सेवा नारायण सेवा के सिद्धांत पर कार्य करेंगी।

## बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए महासू जिला भाजपा का मानवीय कदम

# करसोग के लिए राहत सामग्री रवाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**भारतीय** जनता पार्टी की जिला इकाई महासू ने आज मंडी जिला के करसोग विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए खाद्य सामग्री से भरे दो पिकअप वाहन रवाना किए। यह मानवीय पहल भाजपा कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और सेवाभाव को दर्शाता है।

इस अवसर पर, भाजपा जिलाध्यक्ष फाल्टा ने बताया कि यह राहत सामग्री पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से जिला महासू के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति इस नेक कार्य में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। राहत सामग्री वाहनों को रवाना करते समय, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा, ठियोग क्षेत्र के नेता अजय श्याम, कोटखाई-नावर मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा, और ठियोग मंडल अध्यक्ष दूनीचंद कश्यप भी उपस्थित थे।



## आपदा प्रभावित क्षेत्र सराज के लिए खाद्य सामग्री की किटें की रवाना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला विधानसभा क्षेत्र के शिमला शहरी और संजौली मंडलों ने सिराज मंडी क्षेत्र में आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की। प्रत्याशी संजय सूद की अगुवाई में, कुल 120 खाद्य सामग्री किटें सराज मंडी के लिए रवाना की गईं। इस अवसर पर राजीव पंडित, संजीव ठाकुर, किमी सूद, तरुण राणा, तरुण पुरी, राधे और नमन सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने इस मानवीय प्रयास में अपना सहयोग दिया।

# राजनीतिक रोटियां सेंक रहे शिक्षा मंत्री रोहितः सुंदर डोगरा

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई-नावर मंडल भाजपा अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने शिक्षा मंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वे जनता की समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। डोगरा ने हाल ही में शिक्षा मंत्री के रतनाडी पंचायत दौरे का हवाला देते हुए कहा कि मंत्री ने वहां की जनता की समस्याओं को सुनने या उनका समाधान करने की बजाय सिर्फ अपने राजनीतिक हित साधे। उन्होंने मंत्री को कांग्रेस द्वारा चुनाव से पहले ऊपरी क्षेत्र (कोटखाई-नावर क्षेत्र) की जनता से किए गए बड़े-बड़े वादों की याद दिलाई और सवाल किया कि वे वादे कब पूरे होंगे। डोगरा ने क्षेत्र में अटके पड़े कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भी जिक्र किया, जिनमें बाघी में प्रस्तावित सीए (कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर) स्टोर, गुम्मा-बाघी सड़क का अधूरा काम, और चमैन कलबोग कैंची से बाघी तक की सड़क परियोजना का अधर में लटके रहना शामिल है, जिसकी सीधी जिम्मेदारी उन्होंने शिक्षा मंत्री की बताई।

# तीन साल बाद सोलन-पीरन ढूंड बस सेवा शुरू होने पर बांटे लड्डू

अनंत ज्ञान, जुन्गा

**बस सेवा आरंभ करने पर लोगों ने किया मंत्री अनिरुद्ध सिंह का थैंक्स**

**बीते** तीन वर्षों से बंद एचआरटीसी की सोलन-पीरन ढूंड बस सेवा रविवार को एक निजी बस ऑपरेटर पीयूष कोच ने आरंभ कर दी।

बस के पीरन पहुंचने पर लोगों ने ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह के नारे लगाकर सरकार का आभार व्यक्त किया। लोगों ने ड्राइवर और बस मालिक इंद्रजीत वर्मा का माला पहनाकर और लड्डू बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया। इंद्रजीत ने बताया कि यह बस सेवा सोलन से सवा तीन बजे अपराह्न और ढूंड से सुबह छह बजे चलेगी, जो कि 9 बजे सोलन पहुंचेगी। कसुंपटी कांग्रेस मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं हिप्र सहकारी सभा के निदेशक अतर सिंह ठाकुर ने सोलन पीरन ठूंड बस सेवा निजी क्षेत्र में आरंभ करने के लिए कसुंपटी क्षेत्र के विधायक एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह का आभार व्यक्त किया है। पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा ने बताया कि बीते 30 वर्षों से चलने वाली इस बस सेवा को एचआरटीसी सोलन द्वारा बंद करना तर्कसंगत नहीं था। उन्होंने बस सेवा आरंभ करने के लिए मंत्री अनिरुद्ध सिंह का आभार व्यक्त किया। पूर्व प्रधान कमलेश ठाकुर, जबर सिंह ठाकुर, प्रीतम ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, विभिन्न स्वयं सहयता समूह की महिलाएं अनिता वर्मा, निर्मला ठाकुर, सुरेन्द्र सोडी, पूजा ठाकुर, शकुंतला वर्मा, किरण मेहता, रीना वर्मा, निशा वर्मा, विद्या ठाकुर, रंजना वर्मा, रीना मेहता, निशा, वीना सहित ने बस सेवा पुनः आरंभ करने के लिए मंत्री अनिरुद्ध सिंह का धन्यवाद किया।

# भगेड़ फ्लाईओवर फोरलेन के पास बनेगी वर्षा शालिका: धर्माणी



प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**तकनीकी** शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भगेड़ फोरलेन फ्लाईओवर के समीप प्रस्तावित स्थल का दौरा किया, जहां जल्द ही एक आधुनिक सार्वजनिक शौचालय और वर्षा शालिका का निर्माण किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जल्द भूमि संबंधी एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करें, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि भगेड़ फ्लाईओवर के पास रोजाना हजारों लोग सफर करते हैं। यहां सार्वजनिक सुविधाओं की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। सरकार जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हरसंभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# विधायक कटवाल ने शाहतलाई वाया बरठीं सड़क को धनराशि स्वीकृत करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विधायक जीतराम कटवाल ले बताया कि घुमारवीं से शाहतलाई वाया बरठीं सड़क को मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड बनाने के लिए केंद्र से स्वीकृति मिल गई है। इसके लिए 34.95 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इस सड़क के विस्तारीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। बिलासपुर व घुमारवीं समेत कई अन्य क्षेत्रों से बाबा बालक नाथ की तपोभूमि एवं धार्मिक नगरी शाहतलाई में पहुंचना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हाल ही में झंडूता क्षेत्र की 8 सड़कों के विस्तारीकरण को मंजूरी मिली है। केंद्र सरकार के सहयोग से पिछले 7 वर्षों में झंडूता विधानसभा क्षेत्र में 2 दर्जन से अधिक सड़कों के साथ ही 9 पुलों का निर्माण किया गया है। उन्होंने शाहतलाई वाया बरठीं सड़क के लिए धनराशि स्वीकृति करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आदि का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं-शाहतलाई वाया बरठीं सड़क का विस्तारीकरण होने से हजारों लोग, श्रद्धालु और पर्यटक लाभांवित होंगे। वहीं, झंडूता विधानसभा क्षेत्र के विकास में भी मदद मिलेगी।



# पट्टा में भूस्खलन से निर्माणाधीन पेट्रोल पंप और खेतों को भारी नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बिलासपुर के पट्टा क्षेत्र में भारी बारिश के बाद भूस्खलन होने से अफरा-तफरी मच गई। भूस्खलन का सबसे बड़ा असर उस स्थान पर देखने को मिला, जहां एक पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य चल रहा था। जानकारी के अनुसार, बारिश के चलते पहाड़ी दरक गई और भारी मलबा सीधे निर्माणाधीन पेट्रोल पंप पर आ गिरा। इस हादसे से पंप मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

निर्माण सामग्री के साथ-साथ मशीनें भी मलबे में दब गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश इतनी तेज थी कि कुछ ही पलों में पहाड़ी का बड़ा हिस्सा खिसक कर नीचे आ गया। इससे आसपास के खेत भी प्रभावित हुए हैं। किसानों की मक्की और अन्य मौसमी फसलें नष्ट हो गई हैं। खेतों में मलबा भर जाने से खेती योग्य भूमि को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घटनास्थल का शीघ्र निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया जाए और प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जाए।



पट्टा क्षेत्र में भारी बारिश से पहाड़ी से गिरा ल्हासा।

## युवाओं को नशे से दूर और लक्ष्य निर्धारित करने की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** संस्कार संस्था घुमारवीं द्वारा रविवार को छात्र एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के उपकुलपति डॉ. ललित अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त स्क्वाड्रन लीडर इंडियन एयर फोर्स मोनिका वशिष्ठ ने की। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी और अध्यक्ष कुंदन रतवना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. ललित अवस्थी ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करने, सही दिशा में प्रयास करने और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि केवल डॉक्टर या इंजीनियर बनना ही देश सेवा नहीं, बल्कि गांव में स्वरोजगार स्थापित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने सामाजिक जागरूकता को इसका एकमात्र समाधान बताया।

## सलवाड़ में चलाया विशेष पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सलवाड़ पंचायत में विशेष पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई पूर्व उपप्रधान संजय कुमार और पंचायत धनी के उप प्रधान मुकेश कुमार ने की। राजकीय उच्च पाठशाला मरोतन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और प्रधानाचार्य कवि राज सहित अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वन रक्षक जगत पाल, वन मित्र कुमारी कंचन ठाकुर और वन विभाग से मनोज कुमार ने भी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## 35 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** केंद्र सरकार ने घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई सड़क के उन्नयन के लिए 35 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इस बड़ी घोषणा को गत दिवस भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा किया। भाजयुमो जिला बिलासपुर के उपाध्यक्ष आशीष गौतम ने कहा कि यह केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की प्रगति की नई राह है। उन्होंने विकासात्मक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर और झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल का धन्यवाद किया।

## कॉलेज में प्रवेश आवेदन की आज अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से जारी निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए यूजी में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 7 जुलाई तक बढ़ाई गई है। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में यदि कोई इच्छुक विद्यार्थी किसी कारणवश प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर पाया है तो वह महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने कहा कि आवेदन से लेकर फीस जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। विद्यार्थी फीस जमा करने से संबंधित सूचना के लिए अपनी ई-मेल पर चेक करते रहे उसके लिए अलग से को मेरिट सूची नहीं निकाली जाएगी।

## पूर्व जिप सदस्य अंजना ने जन्मदिन पर रोपा पौधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व जिला परिषद सदस्य अंजना शर्मा ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाते हुए मैरीकथला पंचायत के अपने पैतृक गांव छपरोह में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अंजना ने अपनी माता के सम्मान में एक पौधा रोपकर भावुक क्षण साझा किए और कहा कि जन्मदिवस जैसे निजी अवसरों को प्रकृति के नाम समर्पित करना समय की मांग है। हर महिला में परिवर्तन की शक्ति है और आज हम सभी मिलकर उस परिवर्तन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

# ऐतिहासिक नौण खतरे में, बारिश से ढही सुरक्षा दीवार, मकानों पर मंडराया खतरा

अनंत ज्ञान, झंडूता



सुरक्षा दीवार ढहने से ऐतिहासिक नौण पर गिरा मलबा।

**झंडूता** क्षेत्र में ठाकुरद्वारा नरसिंह मंदिर के समीप स्थित 200 साल पुराना ऐतिहासिक नौण, जिसे रानी नागर देई ने बनवाया था, गंभीर खतरे में है। भारी बारिश के कारण नौण की सड़क की ओर की सुरक्षा दीवार पूरी तरह ढह गई है और नौण के अंदर गिर गई है। इससे न केवल सांस्कृतिक धरोहर को नुकसान पहुंचा, बल्कि आसपास के मकानों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। स्थानीय निवासी रमेश राजपूत ने चिंता जताते हुए कहा कि यह नौण लगभग 200 वर्ष पुराना है और हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सड़क के पास की दीवार बारिश के कारण टूटकर नौण में गिर गई है। सड़क का पानी सीधे नौण के बीच में चला जाता है, जिसने इस ऐतिहासिक संरचना को कमजोर कर दिया है। साथ ही एक मकान पर भी खतरा मंडरा गया है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि नौण का निरीक्षण किया जाए और इसके पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध करवाया जाए। इस धरोहर को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान उचित मानकों का पालन नहीं किया गया, जिसके कारण बारिश का पानी नौण की ओर बह रहा है। इसके अलावा, गांव वांडा से सड़क तक आने वाली नाली की नियमित सफाई न होने के कारण गंदा पानी भी नौण में प्रवेश कर रहा है। यह पानी नौण की संरचना को लगातार कमजोर कर रहा है, जिससे दीवार ढहने की घटना हुई। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में जलभराव और नाली के पानी का बहाव नौण और आसपास के मकानों के लिए और बड़ा खतरा पैदा कर रहा है।

# सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मियों को आर्थिक लाभों से रखा वंचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मलोखर इकाई जिला बिलासपुर की मासिक बैठक इकाई के प्रधान भगत राम शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार कि बेरुखी के कारण पेंशनरों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके आर्थिक लाभों से वंचित रखा है। अभी तक लीव एन कैशमेंट, ग्रेच्युटी, संशोधित वेतनमान का बकाया एरियर, महंगाई भत्ते की तीन किस्तें, लगभग 120 महीने का दो महंगाई भत्ते की किस्तों का एरियर और चिकित्सा बिलों का भुगतान करोड़ों के हिसाब से सरकार के पास देनदारियां लंबित हैं, जिनके भुगतान के लिए सरकार पिछले तीस महीने से कोई वित्तीय प्रबंध नहीं कर रही है।

सरकार से आग्रह किया कि पेंशनरों के बकाया भुगतान के लिए वित्तीय प्रबंध करके राहत प्रदान की जाए। पेंशनरों की लंबित मांगों को मनवाने के लिए सभी इकट्ठे होकर कोई ठोस नीति बनाकर संघर्ष की रूप रेखा को संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया जाए। इस अवसर पर इकाई के वरिष्ठ उपप्रधान प्रेम लाल वर्मा, सचिव नगीन चंद ठाकुर, उपप्रधान शिव राम व तेलु राम, वित्त सचिव अच्छर देव, संगठन सचिव बाबू राम शर्मा सहित लगभग 40 पेंशनरों ने भाग लिया।

# नड्डा के बिलासपुर दौरे से भाजपा को मिली नई धार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**शतायु समारोह बना शक्ति प्रदर्शन का मंच**

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के चार दिवसीय बिलासपुर दौरे ने न केवल संगठन को नई दिशा दी, बल्कि पार्टी की आगामी रणनीति की भी झलक दे दी। इसी दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर डॉ. राजीव बिंदल को सौंपी गई और नड्डा ने उन्हें स्थापित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

नड्डा के पिता प्रोफेसर नारायण लाल नड्डा के शतायु समारोह में शिरकत करने पहुंचे डॉ. बिंदल को नड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल से भी मिलवाया। इस राजनीतिक मिलन को महज औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि भाजपा में एकजुटता का संदेश देने वाला कदम माना जा रहा है। इस भव्य आयोजन में न केवल प्रदेश भर से भाजपा कार्यकर्ता जुटे, बल्कि दिल्ली से कई केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी ने इसे शक्ति प्रदर्शन में तब्दील कर दिया। शतायु समारोह के बहाने हुए इस महागठजोड़ ने साफ कर दिया है कि भाजपा 2027 के चुनावी रण के लिए अभी से रणनीतिक मोर्चाबंदी में जुट गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नड्डा का यह दौरा केवल पारिवारिक आयोजन नहीं था, बल्कि हिमाचल भाजपा को एक नए सांचे में ढालने का सुनियोजित प्रयास था। डॉ. बिंदल को संगठन की कमान सौंपकर नड्डा ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब पार्टी नेतृत्व पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगा। आगामी समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह नया नेतृत्व मॉडल प्रदेश की राजनीतिक दिशा और भाजपा की ताकत को किस तरह प्रभावित करता है, मगर एक बात तय है कि हिमाचल में भाजपा का मिशन 2027 अब पूरी तरह सक्रिय हो चुका है।

## किसान संघ के प्रशिक्षण शिविर में समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय किसान संघ बिलासपुर के विकास खंड घुमारवीं में ग्राम समिति के पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर भदरोग में हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विकास खंड घुमारवीं की 14 ग्राम समितियों में से 10 ग्राम समितियों के अध्यक्ष, मंत्री व अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय किसान संघ की संगठन की मूल संकल्पना, भारतीय किसान संघ संगठन कार्य पद्धति, रीति-नीति, ग्राम समिति स्तर पर ग्राम समिति के कार्य योजना संगठनात्मक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक कार्यों, ग्राम समिति के भाग 1 व 2 आदि विषयों की जानकारी दी गई और ग्राम समिति की स्थानीय समस्याओं का आदान-प्रदान और उनके निराकरण के लिए सुझाव पर विस्तार से चर्चा की गई

## सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच ने किया अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत में आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों का दौरा करेगा। इस अभियान की शुरुआत मां चिंतपूर्णी मंदिर में आशीर्वाद लेने के साथ की गई, जहां मंच के पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर पंडित सत्यदेव शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित हुए। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री इशान अख्तर ने बताया कि मंच का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों के बीच सौहार्द और समन्वय को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मंच वर्तमान में 17 राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और 'संवैधानिक नैतिकता' के सिद्धांतों पर आधारित यह अभियान, देश में शांति और एकता का संदेश देगा। महिला मोर्चा की राज्य महामंत्री कंचन रायजादा ने कहा कि सर्वधर्म समभाव का विचार भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह विश्वास करता है कि सत्य की प्राप्ति के सभी मार्ग स्वीकार्य हैं और किसी एक धर्म को दूसरे पर श्रेष्ठ नहीं माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अवधारणा धार्मिक सहिष्णुता और विविधता को पोषित करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### कौड़ी प्रतियोगिता में शिरडी टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पूलन पंचायत के सिरडी के खोली गांव में स्थानीय लोगों ने नागनी माता जातर मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में विशेष तौर पर मंडलाध्यक्ष भाजपा मण्डल भरमौर अंग्रेज कपूर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत पूलन अनीता कपूर उपप्रधान सुनीलदत्त भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर कौड़ी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें शिरडी टीम प्रथम व गैहरा की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया विजेता टीमों को 5100 व उपविजेता को 2100 रुपए के धनराशि दी गई।

### पौधरोपण कर मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती



**अनंत ज्ञान, चंबा।** मेरा युवा भारत जिला चंबा द्वारा मैहला गांव में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती धूमधाम से मनाई। इस उपलक्ष्य पर प्रकाश चंद कश्मीरी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य पर मैहला की बेटी कु. लाघवी शर्मा को विशेष अतिथि और रोहिणी शर्मा व अनिल कुमार भारद्वाज को पंचायत के उपप्रधान भुवनेश सिंह कटोच ने सम्मानित किया। इस मौके पर आरती को प्रथम कार्तिकेय कटोच को द्वितीय व कोनिका को तृतीय स्थान पर रहने पर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने पौधरोपण करके डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को मनाया। इसमें लगभग 80 लोगों ने भाग लिया।

### भरमौर में बारिश न होने से सूख रही फसलें

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** इस समय प्रदेश का आधा हिस्सा जहां बारिश व लैंडस्लाइड से पानी-पानी हो रखा है। वहीं पर जनजातीय क्षेत्र भरमौर में इस वक्त चारों तरफ सुखे की स्थिति बनी हुई है। लोग यहां पर बारिश के लिए देवी-देवताओं की शरण में जा रहे हैं। यहां पर अधिकतर जगह किसानों की खेतों में बोई हुई फसल सूख गई है। हिमाचल के दूसरे कई जिलों में जहां लोग बारिश से तंग आकर मौसम खोलने का इंतजार कर रहे हैं तो वहीं पर जनजातीय क्षेत्र भरमौर में लोग बारिश के लिए इंद्रदेव वह देवी देवताओं की शरण में जाकर क्षेत्र की समृद्धि के लिए बारिश की मांग कर रहे हैं। भरमौर के चाहे पहाड़ी क्षेत्र हो चाहे मैदानी क्षेत्र सब जगह सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। लोगों को मवेशियों को चराने के लिए घास की किल्लत भी सताने लगी है। लोगों की फसल खेतों में सूखना शुरू हो गई है। यहां पर पिछले करीब एक डेढ़ महीने से बारिश न होने के चलते किसान व बागवान भी काफी परेशान हो गए हैं। जानकारों की माने तो अगर अगले एक सप्ताह के भीतर बारिश नहीं होती है तो किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। अपनी फसलों को लेकर किसान व बागवान काफी चिंतित दिख रही है।

### जलरक्षकों को कैबिनेट में नियमित होने की आस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के जल शक्ति विभाग में पिछले 12 वर्षों से सेवा दे रहे जलरक्षकों को अब अपने नियमित होने की उम्मीद जगी है। हाल ही में उपमुख्यमंत्री द्वारा शिमला में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया कि करीब 1500 जल रक्षकों की फाइलें तैयार कर आगामी कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत की जाएंगी, ताकि उन्हें नियमित करने की प्रक्रिया शुरू हो सके। इस निर्णय के बाद प्रदेशभर के जल रक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हिमाचल प्रदेश जल रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जवालु राम ने बताया कि जल रक्षक लंबे समय से अपने नियमितीकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अब जब सरकार ने इस दिशा में गंभीरता दिखाई है, तो सभी को आने वाली कैबिनेट बैठक से सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है। जवालु राम ने यह भी कहा कि कैबिनेट में मंजूरी और नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जल रक्षक संघ शिमला में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सभी मंत्रियों, विभागीय अध्यक्षों और अधिकारियों का धन्यवाद करने पहुंचेगा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के सभी जल रक्षक भाग लेंगे।

### कनिक ने लंबी कूद में जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक विद्यालय जोगिंद्रनगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने डीएवी हिमाचल प्रदेश क्षेत्र-सी खेल प्रतियोगिताओं और समूह स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। ये प्रतियोगिताएं 27 व 28 जून को डीएवी बरमाणा और डीएवी घुमारवीं में आयोजित हुईं, जबकि समूह स्तरीय प्रतियोगिता 4 जुलाई को डीएवी बिलासपुर में संपन्न हुई। क्रिकेट प्रतियोगिता में विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में भी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर विजय पताका लहराई। वहीं, कबड्डी और वॉलीबॉल में विद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त योग और बैडमिंटन में भी विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में कनिक ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में आशीष ने गोला फेंक और प्रबल ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में आदित्य ने लंबी कूद, अक्षित ने 800 मीटर दौड़ और एंजेल ने चक्र फेंक में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इन सभी विजयी विद्यार्थियों का चयन अब राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए किया गया है, जहां वे और बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# बीमार महिला को 9 किलोमीटर तक चारपाई पर उठाकर पहुंचाया अस्पताल

## आजादी के 75 साल बाद भी डिल्ला सहित दर्जनों गांव सड़क सुविधा से वंचित

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जहां देश आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं चंबा विधानसभा क्षेत्र के गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। ग्राम पंचायत चंबी के गांव डिल्ला की एक दर्दनाक घटना ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। गांव डिल्ला की वार्ड सदस्य जानो देवी पत्नी मानसिंह, जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, को गांव के लोगों ने चारपाई पर उठाकर 8 से 9 किलोमीटर पैदल रास्ता तय कर सिविल अस्पताल पहुंचाया। यह दूरी तय करने में ग्रामीणों को 2 से 3 घंटे का समय लगा।

गौरतलब है कि इस क्षेत्र के गांवों में 2010–2011 में सड़क स्वीकृत तो हुई थी, लेकिन आज तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। चंबा मुख्यालय से महज 18–19 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इन गांवों के लोग आज भी मूलभूत सड़क सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। गांव डिल्ला, पधरी, मैनुई, धार, मुहाल, अकीरा,



बीमार महिला को चारपाई पर उठाकर अस्पताल ले जाते हुए।

अच्छेड़, तलेशा, अबोहर, मंडोलू कुंडा, छतेल और जोकानी की संयुक्त आबादी करीब 4200 है, और

**ग्रामीणों की दो टूक- स्थिति नहीं सुधरी तो करेंगे आंदोलन**

आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी ये लोग आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। इन गांवों तक न तो एंबुलेंस पहुंच पाती है और न ही जरूरी सामान समय पर लाया जा सकता है।

पूर्व वार्ड मेंबर मानसिंह, उपप्रधान पवन कुमार, वार्ड सदस्य सुरेश, बिट्टू राम, किशनू, जोत राम, धाजो राम (अबोहर वार्ड), विजय कुमार (धार) और मानसिंह (डिल्ला) सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार और प्रशासन के प्रति गहरा रोष प्रकट किया है।

उनका कहना है कि उन्होंने कई बार ज्ञापन, पत्राचार और मांग उठाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अगर अब भी स्थिति नहीं सुधरी, तो ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करने को मजबूर होंगे।

## प्रीणा के गांव खानाहा से चूंडा तक नहीं बन पाया पैदल चलने योग्य रास्ता

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**जिला** चंबा के दुर्गम क्षेत्र ग्राम पंचायत प्रीणा के गांव खानाहा से लेकर चूंडा तक पैदल चलने योग्य रास्ता नहीं बन पाया है। चार पंचायत को जोड़ने वाला यह रास्ता में राडी, प्रीणा, गांण व बलोठ के लोगों की आवाजाही रहती है।

स्थानीय लोगों कैलाश चंद, परशराम, व्यास देव स्वामी, विमला देवी, तिलक राज इत्यादि लोगों का कहना है कि आजादी के 78 वर्षों बाद भी यह पैदल चलने योग्य रास्ता अब तक नहीं बन पाया है। रात में अंधेरा होने पर यहां रास्ता ढूंढना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि रास्ते के दोनों तरफ भांग व झाड़ियां इस कदर फैल चुके है कि रास्ता ढूंढना बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है। चुनाव से पहले जो वायदे पंचायत प्रधान द्वारा किए गए थे चाहे वह खानाहा में पंचायत भवन को बनाने की बात हो या अच्छे रास्तों की। लोगों को अच्छे रास्तों के नाम पर आज तक ठगा गया है।



रास्ते के दोनों तरफ भांग व झाड़ियों में लोगों को चलने में परेशानी हो रही।

यह रास्ता इतना दुर्गम है कि सावधानी हटी दुर्घटना घटी यह कहावत यहां सही बैठती है। क्योंकि कुछ समय पहले ही दिन के उजाले में पीडब्ल्यूडी में कार्यरत एक शख्स यहां अपनी जान गवा चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भविष्य में ऐसी कोई अप्रिय घटना यहां ना हो जल्द से जल्द इस रास्ते की मरम्मत की जाए।

## आपदा में केंद्र ने नहीं दी हिमाचल को कोई आर्थिक सहायता: दिनेश कुमार

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** हिमाचल के कई हिस्सों में बादल फटने से आए आपदा में 72 के करीब लोग जान गंवा बैठे हैं और करीब 700 करोड़ का नुकसान अभी तक प्रदेश को हुआ है। लेकिन आपदा की इस समय में केंद्र द्वारा ना ही कोई नुकसान के आंकलन के लिए टीम भेजी गई है और ना ही हिमाचल के लिए आर्थिक सहायता का पैकेज दिया है जो हैरान करने वाला है। आपदा की इस स्थिति में केंद्र सरकार ने हिमाचल को पूरी तरह अनदेखा कर दिया है। जबकि यहां से हिमाचल की जनता ने चारों सांसद चुनकर भाजपा के भेजे हैं।



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर डॉ दिनेश कुमार ने कहा है कि आपदा की स्थिति में हिमाचल सरकार अपने स्तर पर अपने संसाधनों से राहत प्रदान करने का प्रयास कर रही है। जबकि केंद्र द्वारा हिमाचल की अनदेखी करना हैरानगी भरा है। हिमाचल में केंद्रीय मंत्री इस वक्त हिमाचल के दौरे पर हैं उनकी तरफ से भी कोई भी राहत का पैकेज अभी तक केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिलाया गया है। उन्होंने कहा है बाढ़ के कारण जहां कई भवन पुल सड़के बुरी तरीके से नष्ट हुई है और प्रदेश में अभी भी 239 सड़कें 250 बिजली ट्रांसफार्मर और 289 पेयजल स्कीमें बंद पड़ी हुई है। गरीब किसान व बागवान के घर जमीन वह बगीचे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिसके कारण सेब व मौसमी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई लोग घर से बेघर हो गए हैं। इस मौके पर प्रदेश सरकार राहत प्रदान करने का अपने स्तर पर प्रयास कर रही है और आवश्यक खाद्य सामग्री के साथ-साथ घर से उजड चुके लोगों को अस्थाई आवास व किराए पर मकान के लिए 5000 रुपए मासिक किराया सहायता दे रही है।

## खजियार में तय समय में बसें न चलने से हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, खजियार।** विश्वविख्यात पर्यटन स्थल खजियार में हिमाचल पथ परिवहन निगम की लापरवाही यात्रियों पर भारी पड़ रही है। तय समय पर बसें न चलने से घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों कॉलेज के विधार्थी रात को 10 बजे घर पहुंच रहे हैं। इस दौरान सभी को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सैलानियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि एचआरटीसी ने जनता के भरोसे की हत्या कर दी है। घंटों धूप में खड़े रहकर बस का इंतजार करना मजबूरी बन गया है। पर्यटन सीज़न में भी समय पर बसें न चलाना लापरवाही की पराकाष्ठा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक परिवहन व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि खजियार जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो जल्द ही बड़ा विरोध प्रदर्शन होगा और यह आवाज़ शिमला तक जाएगी।

## किसानों से सीधा संपर्क रखें वैज्ञानिक: केवल सिंह

### उप मुख्य सचेतक ने किया केवीके सरू का दौरा, उपलब्धियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कृषि विज्ञान केंद्र सरू के दौरे के दौरान।

**प्रदेश** विधानसभा के उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कृषि विज्ञान केंद्र सरू का दौरा किया व केंद्र के प्रभारी व अन्य वैज्ञानिकों से कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों व उपलब्धियां बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र सरू को जिला के किसानों व बागवानों की आर्थिकी को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा और अधिक बेहतर प्रयास करने की आवश्यकता है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार युवा पीढ़ी कृषि व्यवसाय को स्वरोजगार के रूप में अपना कर बेरोजगारी की चुनौतियों से निपट सके। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि जिला चंबा में बागवानी विकास की अपार संभावनाएं हैं तथा इस क्षेत्र में सेब उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकता है। उन्होंने केवीके के वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि वे दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों व बागवानों से सीधा संपर्क बनाएं तथा उन्हें आधुनिक कृषि व बागवानी के लिए उत्तम किस्म के कृषि व बागवानी उत्पादों की पैदावार के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिला चंबा के अधिकांश क्षेत्रों में किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती की जाती है तथा उनके द्वारा तैयार उत्पादों को सीधे बाजार तक पहुंचाने के लिए बेहतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है ताकि संबंधित किसानों को उनके प्राकृतिक कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे जिला के ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्राकृतिक व व्यावसायिक खेती के लिए प्रेरित करें ।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र सरू के प्रभारी व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ धर्मेंद्र कुमार ने उप मुख्य सचेतक को कृषि विज्ञान केंद्र की कार्यप्रणाली व उपलब्धियां बारे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र द्वारा समय समय पर क्षेत्र के किसानों व बागवानों को कृषि व बागवानी की आधुनिक तकनीकों के अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं बारे जागरूकता शिवरों के माध्यम से भी जानकारी प्रदान की जाती है। इसके अलावा किसानों के खेतों अथवा बगीचों में अकस्मात होने वाले रोगों व समस्याओं के बारे में भी वैज्ञानिकों द्वारा गांवों में जाकर उनकी गहन जांच की जाती है तथा किसानों को उनके समाधान बारे मार्गदर्शन किया जाता है।

## वन मंडल डलहौजी का 'सालिक्स फॉर सॉयल अभियान' शुरू

## 3 साल में किया 27 हजार सालिक्स पोल का रोपण

**अनंत ज्ञान, चंबा**



डलहौजी में 'सालिक्स फॉर सॉयल अभियान' के सालिक्स के डंडों का रोपण करते हुए।

**वन** मंडल डलहौजी ने मृदा संरक्षण और भूस्खलन की रोकथाम के उद्देश्य से एक अभिनव पहल के रूप में 'सालिक्स फॉर सॉयल अभियान' आरंभ किया है। वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) रजनीश महाजन के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारी वर्षा के दौरान भूमि कटाव को रोकना तथा पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना है।

वन मंडल डलहौजी द्वारा वर्ष 2023 से एक विशेष पहल की गई है। इस अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष बरसात तथा सर्दियों के मौसम के दौरान अधिक नमी वाले क्षेत्रों में विशेष विधि द्वारा सालिक्स के डंडों का रोपण किया जा रहा है। इस वर्ष वन मंडल डलहौजी में यह अभियान 24 जून से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। जिसके तहत 3 जून तक 72 स्थायी नालों में 13,545 सालिक्स पोल/डंडों का रोपण किया गया, जिसमें स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। इसी प्रकार वर्ष 2023 में 12,500 एवं 2024 में 1,000 सालिक्स के पोल लगाए गए। वर्ष 2025 में इसे मानसून गतिविधियों का नियमित हिस्सा बनाते हुए सालिक्स फॉर सॉयल अभियान की शुरुआत की गई। डीएफओ ने बताया कि सालिक्स नाम का पौधा जिसे स्थानीय भाषा में बदाह या ब्यूइन्स के नाम से जाना जाता है। यह एक नमी अवशोषित करने वाला, मिट्टी को बांधने वाला बहुपयोगी वृक्ष है।

## प्रवीन शर्मा ने हिमाचल से दिल्ली तक समाजसेवा कर जीता लोगों का दिल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा के एक छोटे से गांव ककला से ताल्लुक रखने वाले प्रवीन शर्मा समाजसेवा के क्षेत्र में एक ऐसा नाम बन चुके हैं, जिन्होंने अपने कार्यों से न सिर्फ हिमाचल बल्कि दिल्ली जैसे महानगर में भी लोगों का दिल जीता है। सीमित संसाधनों के बावजूद, उन्होंने सेवा को अपना जीवन लक्ष्य बनाया और जरूरतमंदों की मदद के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रवीन शर्मा की समाजसेवा की शुरुआत 'हेल्पिंग हैंड एनजीओ, चंबा' से हुई, जहां उन्होंने ग्रामीण बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बुजुर्गों को भोजन, कंबल और दवाइया बांटने व जल जीवन मिशन और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों में भाग लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखी। उन्होंने गांव-गांव जाकर युवाओं को नशामुक्ति, शिक्षा और स्वस्थ जीवन की दिशा में जागरूक किया। चंबा में अपनी सेवा यात्रा को मजबूत आधार देने के बाद प्रवीन शर्मा



दिल्ली पहुंचे, लेकिन दिल्ली जाकर भी उनका सेवा भाव थमा नहीं। उन्होंने 'अनमय फाउंडेशन' जैसे प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन से जुड़कर वहां झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा अभियान चलाया, महिलाओं के लिए सिलाई, कढ़ाई और आत्मनिर्भरता से जुड़े प्रशिक्षण शिविर लगाए, और गर्मी-सर्दी के मौसम में खुले में रहने वाले लोगों को भोजन, कपड़े, कंबल और पानी जैसी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराईं।

## मंडी आपदा प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारी बारिश और बादल फटने से मंडी जिले के कई क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा के बाद, भाजपा चंबा ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक महत्वपूर्ण राहत अभियान शुरू किया है। पार्टी द्वारा आपदा प्रभावित करीब 150 परिवारों के लिए आवश्यक राशन सामग्री भेजी गई, जिसमें आटा, चावल, दालें, खाद्य तेल, नमक, चीनी, मसाले, चाय, सैनिटरी पैड और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। इस राहत अभियान का संचालन पांगी भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, चुराह विधायक डॉ. हंस राज,डलहौजी विधायक डी.एस. ठाकुर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने तन-मन-धन से इस पुनीत कार्य में योगदान दिया।

भाजपा का संकल्प है कि 48 घंटे के भीतर राहत सामग्री प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि ज़रूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। स्थानीय कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों ने वितरण कार्य में भी सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे राहत शिविरों के साथ-साथ दुर्गम गांवों तक भी मदद पहुंचाई जा सके। इस अभियान के माध्यम से भाजपा चंबा ने सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए संकट की घड़ी में एकजुटता का संदेश दिया है। पार्टी ने सभी दानदाताओं, कार्यकर्ताओं और सहयोगियों का धन्यवाद किया।

### सूडोकु नवताल- 7483

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7482 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

सोमवार, 7 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** द्वादशी (11:12) **: नक्षत्र** अनुराधा (01:12), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शुभ (10:02), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:53)। **राहुकाल** (07:13-08:57)।

**विशेष दिन**

- 7 जुलाईः वामन जयंती आज।
- 7 जुलाईः वासुदेव द्वादशी आज।
- 7 जुलाईः विश्व क्षमा दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** समय अनुकूल नहीं है, सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। किसी अपने के प्रति शुभ भावनाओं का उदय होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**वृषः** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें, सफलता मिलेगी। कारोबारी समस्याओं से सामना होगा।

**मिथुनः** समय अनुकूल नहीं है, निवेश से बचें। धैर्य से कार्य संपादन में लगे रहेंगे। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**कर्कः** समय का सदुपयोग करें, दोस्तों के साथ मिलकर कोई नया काम शुरू कर सकते है। विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मनचाही कार्य सिद्धि होगी। झूठ बोल कर फंस सकते हैं।

**सिंहः** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी। सामाजिक संबंधों का लाभ मिलेगा।

**कन्याः** दिन की शुरुआत में व्यस्ततापूर्वक होगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी। दूर स्थान से संदेश प्राप्त होंगे।

**तुलाः** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजनों का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी। संबंधों का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिकः** कारोबार विस्तार के योग बन रहे हैं। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजनों का व्यवहार कमजोर रहेगा। दांपत्य संबंधों में मधुरता आयेगी। धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**धनुः** काम बहुत है, आप अच्छे से कार्यनीति बनाएं। फिलहाल काम आरंभ न करें, कुछ दिन धैर्य से काम लें। अपने कार्यों को समर्पित रहें। मध्यान्ह से कुछ राहत का अनुभव होगा।

**मकरः** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदलें। बड़ों का आदर करें। संतान सुख संभव है।

**कुंभः** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। यात्रा सफल रहेगी।

**मीनः** साझेदारी में किये कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान-दुकान खरीदने के योग है। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

## टीलू गांव के 5 परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** मंडी जिला के नाचन विधानसभा क्षेत्र की कोट पंचायत के टिल्लू गांव के पांच परिवार संपर्क मार्ग सही न होने से बेहद परेशान है। इन परिवारों के लिए ग्राम पंचायत कोट व ग्राम पंचायत सलवाहन की सीमा पर कोट पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत बनाया गया फुट बृज गत 2023 में बादल फटने के कारण बह गया था जिससे यह पांचों परिवार संपर्क मार्ग से कट हो गए थे। गांव वासी ताराचंद, नारदू, गुलाब, हेतराम,जगत राम, रोशन,



**2023 में बादल फटने से बह गया था संपर्क मार्ग पर बना फुट ब्रिज**

महेंद्र व अनंतराम ने बताया कि 2 साल पहले चुनाहन गांव में बादल फटने की घटना से जो त्रासदी हुई थी उसकी जद में आने से इन परिवारों के लिए पंचायत द्वारा निर्मित फुट ब्रिज भी बह गया था। साथ ही इन घरों के ऊपर ऊंची पहाड़ी के ढह जाने का खतरा भी इस समय बना हुआ है।

इनका कहना है कि इस समस्या के समाधान के लिए इन्होंने विधायक, ग्राम पंचायत कोट के प्रतिनिधियों तथा उपायुक्त मंडी से डीसी दरबार में पहुंचकर गुहार लगाई थी मगर उनकी समस्याओं पर किसी ने भी कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ित परिजनों ने सीएम सुक्खू से इनके संपर्क मार्ग पर फुट बृज बनाने तथा घरों के ऊपर की पहाड़ी से लैंडस्लाइड को रोकने के लिए उचित उपाय करने की गुहार लगाई है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत सलवाहन के प्रधान पंकज चौधरी ने बताया कि पाली और टिल्लू गांव के लिए इस बृज का निर्माण कोट व सलवाहन पंचायत की सीमा पर होना प्रस्तावित है। बृज के पुनः निर्माण के लिए मनरेगा के तहत 10 लाख की प्रपोज भेजी गई है जिसकी स्वीकृति मिलने पर पुल का निर्माण कर दिया जाएगा।

**चिंता** जिला हॉकी संघ चंबा के सचिव बोले, मैदान और संसाधनों की कमी से पिछड़ रहा है खेल

# कुछ सालों से गिर रहा चंबा की हॉकी का स्तर: मुकेश बेदी

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिला हॉकी संघ चंबा के सचिव मुकेश बेदी ने जिले में हॉकी की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में चंबा की हॉकी का स्तर लगातार गिरा है, जिसका मुख्य कारण कोच की अनुपलब्धता, समुचित मैदान का अभाव और आधुनिक सुविधाओं की कमी है। मुकेश बेदी, जो अपने समय में एक शानदार हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और हिमाचल प्रदेश का कई बार प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, कहते हैं कि



हम हर वर्ष हॉकी टूर्नामेंट आयोजित कर रहे हैं और खेल को जीवित रखने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन अब हॉकी घास के मैदान से एस्ट्रो टर्फ पर पहुंच चुकी है और हमारे पास न कोच है, न आधुनिक मैदान। मैंने पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी इस बारे में बात की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। बेदी का मानना है कि यदि खिलाड़ियों को सही दिशा, प्रशिक्षण और बुनियादी सुविधाएं मिलें, तो चंबा एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।

### खेल छोड़कर छोटे-मोटे काम करने को मजबूर खिलाड़ी: अक्षय



**सीनियर** नेशनल लेवल पर खेल चुके खिलाड़ी अक्षय ने कहा कि आज चंबा में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर हिस्सा लिया है, लेकिन अब वे खेल छोड़कर दुकानदारी या अन्य छोटे-मोटे काम करने को मजबूर हैं। उन्हें खेल कोटे के तहत कोई नौकरी नहीं मिली, इसलिए जीविका चलाने के लिए उन्हें हॉकी से अलग होना पड़ा। उन्होंने कहा कि अगर कोच और एक उचित एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, तो हम निश्चित रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों की हॉकी खेल सकते हैं।

### खिलाड़ियों को दिशा, संसाधन और समर्थन की जरूरत: हिमांशु



**जूनियर** नेशनल लेवल के खिलाड़ी हिमांशु ने बताया कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल होते हुए भी, जिस तरह से यह चंबा जैसे क्षेत्रों में उपेक्षित हो रहा है, वह चिंता का विषय है। खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन्हें दिशा, संसाधन और समर्थन की जरूरत है। चंबा में हॉकी खिलाड़ियों को न तो उचित उपकरण मिल रहे हैं, न ही प्रशिक्षक, और न ही उन्हें भविष्य को लेकर कोई सुरक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि अगर खिलाड़ियों को हॉकी के लिए जरूरी संसाधन, ट्रेनिंग और खेल कोटे के तहत नौकरियों का अवसर मिले, तो यकीनन हॉकी में चंबा की छवि और स्तर दोनों बेहतर हो सकते हैं।

**दूसरों** को माफ करो, इसलिए नहीं कि वे माफी के काबिल हैं, बल्कि इसलिए कि तुम शांति के हकदार हो। – **दलाई लामा**

## संपादकीय

# साइबर ठगी का जाल

हिमाचल प्रदेश में साइबर ठगी के मामले गंभीर चुनौती बन चुके हैं। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में डिजिटल उपयोगिता बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधियों की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी है। अब स्थिति यह है कि हर दिन दर्जनों लोग साइबर ठगों का शिकार हो रहे हैं और लाखों रुपए गंवा रहे हैं। ये घटनाएं न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि आम जनता के मन में डिजिटल माध्यमों के प्रति डर भी पैदा कर रही हैं। हाल ही में सामने आया एक मामला तो बेहद चौंका देने वाला है। एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी को साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 38 लाख रुपए की चपत लगा दी। पहले तो अधिकारी को एक अज्ञात कॉल आया जिसमें दावा किया गया कि उनके नाम पर मुंबई में बैंक खाता खोला गया है और उसमें 6 करोड़ की संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुई है। फिर उन्हें धमकाया गया कि अगर उन्होंने सहयोग नहीं किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डर और भ्रम की स्थिति में उन्होंने खुद ही कई बार बैंक जाकर आरोपियों के बताए खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिए। उन्हें ठगे जाने का एहसास तब हुआ जब कॉल करने वाले नंबर बंद हो गए। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि साइबर ठग अब सिर्फ तकनीक का सहारा नहीं ले रहे, बल्कि मानसिक दबाव और डर का ऐसा माहौल बना रहे हैं कि पढ़े-लिखे, समझदार और जीवन का लंबा अनुभव रखने वाले लोग भी इनके झांसे में आ रहे हैं। साइबर अपराधी अब ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। पहले जहां लिंक भेजकर बैंक खातों की जानकारी चुराई जाती थी, वहीं अब डिजिटल अरेस्ट, फर्जी इनकम टैक्स नोटिस, कोर्ट समन, नकली कस्टमर केयर कॉल या फर्जी नौकरी के बहाने लोगों को फंसाया जा रहा है। ये ठग पीड़ितों की पूरी प्रोफाइलिंग करते हैं, जिसमें नाम, उम्र, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, नौकरी की जानकारी सब पहले से मौजूद होती है। यानी ठगी के पीछे एक सुनियोजित नेटवर्क सक्रिय है। वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज एक दिन में साइबर क्राइम सेल में 59 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें करीब 22 लाख रुपए की ठगी की गई।

यह आंकड़ा हिमाचल जैसे छोटे राज्य के लिए बेहद चिंताजनक है। साइबर क्राइम से निपटना पारंपरिक अपराधों की तुलना में कहीं अधिक जटिल है। साइबर अपराधी न केवल भौगोलिक सीमाओं से परे होते हैं, बल्कि वे बार-बार अपना तरीका, तकनीक और नेटवर्क बदलते रहते हैं। ऐसे में साइबर सेल को प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष बनाना बेहद लाजिमी है। मौजूदा स्थिति में स्टाफ की कमी, सीमित संसाधन और तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव इस समस्या को और जटिल बना रहा है। हालांकि शिमला, सोलन, बद्दी, नालागढ़ और बिलासपुर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना और निगरानी बढ़ाना एक अच्छा कदम है, लेकिन यह तब तक प्रभावी नहीं हो सकता जब तक आम लोगों की भागीदारी और जागरूकता इसमें शामिल न हो। साइबर अपराधों को रोकने में पुलिस और सरकार की भूमिका तो अहम है ही, लेकिन नागरिकों की सतर्कता और डिजिटल अनुशासन कहीं अधिक निर्णायक है। कुछ सावधानियां जिन्हें अपनाना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें।

अज्ञात नंबरों से आई कॉल्स को पूरी जानकारी के बिना गंभीरता से न लें। ओटीपी, पासवर्ड, बैंक जानकारी आदि किसी के साथ भी साझा न करें। अज्ञात स्रोतों से आए अटैचमेंट डाउनलोड न करें। सार्वजनिक वाईफाई या असुरक्षित नेटवर्क से दूर रहें। ब्राउजर और एंटीवायरस को नियमित अपडेट करते रहें। इन प्राथमिक सतर्कताओं के जरिए हम न केवल खुद को, बल्कि समाज को भी सुरक्षित कर सकते हैं। राज्य और केंद्र सरकार को चाहिए कि साइबर अपराध से निपटने के लिए अलग से फंडिंग और आधुनिक प्रशिक्षण की व्यवस्था करें। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। बैंकिंग सेक्टर, टेलीकॉम कंपनियां और तकनीकी सेवा प्रदाता मिलकर एक समेकित अलर्ट सिस्टम विकसित करें, ताकि समय रहते लोगों को खतरे की जानकारी दी जा सके।

इसके साथ ही साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाई जाए। आज भी पीड़ितों को पुलिस थानों और विभागों के चक्कर काटने पड़ते हैं और उन्हें राहत मिलने में हफ्तों लग जाते हैं। इस प्रक्रिया को सरल, तकनीकी और संवेदनशील बनाना होगा। डिजिटल दुनिया में हर सुविधा के साथ खतरे भी जुड़े होते हैं। जैसे हम अपने घरों में दरवाजे बंद रखते हैं, वैसी ही सुरक्षा डिजिटल दुनिया में भी जरूरी है। साइबर अपराध कोई तात्कालिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक संकट बनता जा रहा है।

हमें अब इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। जनता को चाहिए कि वे केवल शिकायत करने तक सीमित न रहें, बल्कि सजग नागरिक की भूमिका निभाते हुए सतर्कता बरतें, सही जानकारी साझा करें और एकजुट होकर साइबर अपराध के खिलाफ लड़ें। वहीं, सरकार को चाहिए कि वह इस क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए। कहावत है-सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। डिजिटल युग में यही बात सबसे अधिक प्रासंगिक है। इसलिए समय रहते चेतना ही समझदारी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर

**महेंद्र** सिंह धोनी भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक का ताज हासिल कर चुकी है। पहले उन्होंने टी-ट्वेंटी विश्व कप 2007 में भारत को जीत हासिल करवाई फिर टेस्ट और एकदिवसीय में भी भारत को नंबर एक तक पहुंचाया। इसके बाद 2011 में 28 साल बाद भारत को एकदिवसीय विश्व कप का खिताब दिलवाया। सूझबूझ भरी कप्तानी, मैदान पर शांत रवैया और किसी भी तरह की जोखिम लेने के लिए हमेशा तैयार रहने वाले कप्तान धोनी युवाओं में एक आदर्श के रूप में देखे जाते हैं। महेंद्र सिंह धोनी का जन्म बिहार (अब झारखंड) के रांची में हुआ। उनके पिता का नाम पानसिंह व माता का नाम देवकी देवी है। उनका पैतृक गांव उत्तराखंड में है, लेकिन बाद में उनके पिता रांची बस गए थे। धोनी के भाई का नाम नरेंद्र और बहन का नाम जयंती है। धोनी की पत्नी का नाम साक्षी है। अपने शुरुआती दिनों में धोनी लंबे-लंबे बाल रखते थे। धोनी को तेज रफ्तार बाइक और कारों का शौक है। आज भी जब कभी धोनी को वक्त मिलता है तो वह अपनी पसंदीदा बाइक पर रांची के चक्कर लगाते हैं। ■



**महेंद्र सिंह धोनी**
**जन्म** :7 जुलाई, 1981



कविता
## मत किसी के दिल को दुखाना
*रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हिप्र)*

**मत** किसी के दिल को यूं ही दुखाना, हमेशा मीठा बोलना औरों के काम आना,
अमीरों को देखकर रुख बदल लेते हैं लोग,
दुखियों की करना सेवा, गरीबों को मत सताना
करना ऐसा नेक काम याद जो रखे जमाना,
जरूरतमंद की सहायता करना, मत बनाना कोई बहाना,
चेहरे पर यदि किसी के मुस्कुराहट ला सको,
इससे बढ़कर नहीं दुनिया का कोई खजाना,
इतना भी मत उलझना किसी उलझन में कि समझ न आए लगे सिर चकराना,
पैदा होता है हल सभी उलझनों का उलझनों के साथ,
शांत मन से सोचना तब सुलझाना, नए लोगों से भी रखना वास्ता अपना,
पुरानों को भी मत भूल जाना, पुरानी चीजों को फेंक देते है आजकल लोग,
नया नौ दिन याद रखना सौ दिन चलता है पुराना,
मिट्टी हो जाएगा हर जीव इस दुनिया का,
ढूंढता फिर रहा है फिर भी खजाना,
मृगतृष्णा है जो कभी नहीं भरती, सबको पता है साथ कुछ नहीं जाना।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लाचारी नहीं, आपदाओं से निपटने की हो पूरी तैयारी



यथार्थ



**समरजीत**

हिमालय की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश अब प्रकृति के आक्रोश का स्थायी केंद्र बनता जा रहा है। भूस्खलन, बादल फटना, बाढ़, ग्लेशियरों का पिघलना और सालभर भूकंप की घटनाएं यहां आम हो गई हैं। खासकर मानसून सीजन में हिमाचल का हर जिला किसी न किसी रूप में आपदा की चपेट में होता है। कुल्लू और कांगड़ा के बाद मंडी जिले में जगह-जगह बादल फटने से सब तहस-नहस हो गया है। करोड़ों रुपए की संपत्ति बर्बाद हो गई। कई लोग बेमौत मारे गए और कई घायल हुए। कहीं आशियाने उजड़ गए तो कहीं पशुशालाएं ढह गईं। सड़कों की कनेक्टिविटी कटने से खाने-पीने के लाले पड़ गए। बीमार होने पर इलाज मुश्किल हो गया। कुछ जगह तो बिजली भी नहीं है। लोग अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। सवाल यह नहीं है कि आपदाएं क्यों आ रही हैं, बल्कि सवाल यह है कि क्या हिमाचल उनके लिए तैयार है? और यदि नहीं, तो उसे कौन-सा वैश्विक मॉडल अपनाना चाहिए, ताकि हर साल होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। बादल फटने की घटनाएं हिमालयी क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, असम और पूर्वोत्तर राज्यों में सबसे ज्यादा घटित होती हैं।

लेह (2010), केदारनाथ (2013), मंडी (2023 और 2025) की घटनाएं भयावह उदाहरण हैं। ऊंची पर्वत शृंखलाएं और गहरी घाटियां यहां की जटिल भौगोलिक बनावट मानसूनी हवाओं को रोकती हैं, जिससे भारी मात्रा में वर्षा एक सीमित क्षेत्र में गिरती है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वैश्विक तापमान वायुमंडल में अधिक वाष्प बनाता है, जिससे अत्यधिक वर्षा और बादल फटने जैसी घटनाएं घटित होती हैं। यह बेहद दुखद है कि पहाड़ों का लगातार अत्यधिक कटाव और हरियाली की कमी जलवायु को असंतुलित करती जा रही है।

**क्या है मानवजनित कारण?** अनियंत्रित भवन निर्माण, पहाड़ियों की बिना स्टडी के कटाई और नेशनल हाई-वे तथा फोरलेन निर्माण आपदाओं के सबसे बड़े कारण हैं। पुराने जल निकासी मार्गों को बंद कर देने के अलावा पत्थर, रेत-बजरी का अवैध खनन भी बड़ा कारण है। इन सामग्रियों को एकत्र करने के लिए खड्डों की गहराई कई जगह 20-30 फुट तक खोद दी गई है। इससे जलप्रवाह की दिशा और वेग दोनों असामान्य हो गए हैं। इससे भी एक कदम बढ़कर नदी-नालों और प्राकृतिक जलधाराओं पर मकान और होटल बनाए जा रहे हैं। नतीजतन पानी के प्राकृतिक मार्ग बाधित हो रहे हैं, जिससे अचानक बाढ़ का खतरा कई गुना बढ़ गया है।

**हिमाचल के सामने तिहरी चुनौती:** हिमाचल प्रदेश आज गंभीर आपदा संकट से जूझ रहा है, जिसके पीछे तीन प्रमुख कारण हैं-प्राकृतिक, मानवजनित और प्रशासनिक। ये तीनों मिलकर राज्य को हर साल आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिकीय दृष्टि से गहरी चोट पहुंचा रहे हैं। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति इसे स्वाभाविक रूप से संवेदनशील बनाती है। ऊंचे पहाड़, गहरी घाटियां और तेजी से बदलता मौसम मानसून के दौरान बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं की आशंका को कई गुना बढ़ा देता है। जलवायु परिवर्तन की वजह से अब मौसम की भविष्यवाणी करना भी कठिन होता जा रहा है। वर्षा की तीव्रता और समय में असमानता के कारण स्थिति और भी गंभीर हो रही है। विकास की दौड़ में प्रकृति की अनदेखी की जा रही है। अवैध खनन, नदियों और खड्डों में अतिक्रमण और अनियंत्रित निर्माण कार्यों ने पारिस्थितिकी संतुलन पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। नतीजतन बाढ़ और भूस्खलन के खतरे कई गुना बढ़ गए हैं। जंगलों की कटाई और पहाड़ियों की अंधाधुंध खुदाई ने प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट कर दिया है। वहीं, हिमाचल में आपदा प्रबंधन की तैयारियां आपदा आने के बाद शुरू होती हैं। आपदा से पहले न तो पर्याप्त तैयारी होती है, न ही स्थानीय चेतावनी प्रणाली पर ध्यान दिया जाता है। राहत कार्य और मुआवजा वितरण के बाद ही प्रशासन की सक्रियता खत्म हो जाती है। यह दृष्टिकोण अब अप्रासंगिक हो चला है। यदि हिमाचल को आपदाओं से सुरक्षित बनाना है, तो इस तिहरी चुनौती से निर्णायक रूप से निपटना ही होगा।

**क्या हिमाचल आपदा के लिए तैयार है?:** हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन की आवश्यकता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। हालांकि, राज्य ने बीते वर्षों में आपदा से निपटने की दिशा में कुछ कदम जरूर उठाए हैं, लेकिन मौजूदा हालात ये संकेत देते हैं कि अभी भी तैयारियों में कई गंभीर कमियां हैं। राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के तहत हिमाचल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल को आपदा से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। कुछ जिलों में डिजास्टर कंट्रोल रूम, मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और रेस्क्यू उपकरण भी मौजूद हैं। इसके अतिरिक्त, हिमाचल राज्य आपदा प्रबंधन योजना के तहत कुछ प्राथमिक दिशा-निर्देश भी तय किए गए हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव और पंचायत स्तर पर चेतावनी प्रणाली अत्यंत कमजोर है। ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता, सीमित इंटरनेट कनेक्टिविटी और साक्षरता की कमी इस संकट को और बढ़ा देती है। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों का गठन और सक्रियता बहुत कम है। पंचायतें आपदा पूर्व तैयारियों में भाग नहीं लेतीं। स्कूलों या अस्पतालों में आपदा अभ्यास हो तो रहे हैं, लेकिन नियमित नहीं। हालांकि, प्लानिंग लेवल पर व्यवस्थाएं जरूर बनी हैं, लेकिन वास्तविक जमीनी तैयारियों का अभाव स्पष्ट दिखता है।

**किस देश से सीख सकता है हिमाचल?:** आपदाओं से निपटने में जापान पूरे विश्व में आदर्श देश माना जाता है, क्योंकि वहां तो सालभर आपदाएं आती ही रहती हैं। भूकंप, सुनामी, तूफान और ज्वालामुखी विस्फोट यहां आम हैं, लेकिन आज यह देश आपदा प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ है। वहां हर नागरिक को आपदा प्रशिक्षण मिलता है। स्मार्ट शेल्टर, मल्टी लेयर अर्ली वॉर्निंग सिस्टम, सक्षम स्थानीय निकाय उसके पास हैं। स्कूलों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक हर जगह भूकंप और बाढ़ की तैयारी अनिवार्य है। हिमाचल को जापान के चेतावनी मॉडल और प्रशिक्षण कार्यक्रम को अपनाना चाहिए। वहीं, दक्षिण कोरिया टेक्नोलॉजी आधारित बचाव को तवज्जो देता है। मोबाइल पर वास्तविक समय में अलर्ट वहां मिलता है। प्लास्टिक या कंक्रीट के आपदा शरणगृह भी उनके पास हैं। हाईवे और बांधों के पास सेंसर लगे होते हैं, जो जल स्तर बढ़ते ही अलार्म बजा देते हैं। हिमाचल के सभी बांधों और झीलों में यह तकनीक अनिवार्य की जाए तो नुकसान काफी हद तक रोका जा सकता है। न्यूजीलैंड में नागरिक सशक्तिकरण मॉडल काम करता है। गेट रेडी ऐप बहुत बढ़िया बनाया है और नागरिक कार्यशालाएं तो लगती ही रहती हैं। हर मोहल्ले और ब्लॉक का अपना आपदा मैप और ड्रिल कैलेंडर होता है। हिमाचल को जिला स्तर पर नागरिक आधारित आपदा समूहों का गठन करना चाहिए। चीन के युन्नान, सिचुआन और तिब्बत क्षेत्रों में भी ऊंचाई, मानसूनी हवाएं और वातावरणीय नमी के चलते बादल फटते हैं। हालांकि, चीन ने सैटेलाइट तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की मदद से आपदा पूर्व चेतावनी में उल्लेखनीय प्रगति की है। वहीं, अमेरिका के रॉकी पर्वत क्षेत्र, विशेष रूप से कोलोराडो, एरिजोना और न्यू मैक्सिको में 'फ्लैश फ्लड' के रूप में बादल फटने जैसे हालात बनते हैं, लेकिन यहां आपदा चेतावनी प्रणाली उन्नत है। यूरोप के स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, उत्तरी इटली के अल्पाइन क्षेत्रों में भी ऐसी घटनाएं होती हैं, लेकिन इन देशों में जल प्रबंधन और इंजीनियरिंग संरचनाएं आपदा को नियंत्रित करने में सक्षम हैं।

**क्या हिमाचल बड़े भूकंप के लिए तैयार है?:** हिमाचल भूकंपीय जोन 4 और 5 में आता है, जिसमें उच्चतम खतरा रहता है। कांगड़ा (1905), चंबा (1945) और 1975 के भूकंपों से इतिहास गवाह है कि यहां बड़ी आपदा कभी भी लौट सकती है। यदि बड़ा भूकंप आता है तो शहरी क्षेत्र शिमला, सोलन, मंडी और कांगड़ा, चंबा में भारी तबाही हो सकती है, क्योंकि यहां ज्यादातर इमारतें भूकंपरोधी नहीं हैं। रेस्क्यू के संसाधन सीमित हैं और संचार व यातायात तुरंत बाधित हो जाएगा। भूकंप प्रोटोकॉल पर सघन कार्य जरूरी हैं। स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी दफ्तरों में भूकंप से निपटने की रिहसर्सल समय-समय पर होती रहनी चाहिए।

**समाधान और नीति सुझाव:** अलर्ट सिस्टम सुदृढ़ और सटीक करना होगा। गांव स्तर पर सौर ऊर्जा आधारित ऑडियो सायरन बजने चाहिए। व्हाट्सऐप-आधारित ग्रुप अलर्ट सिस्टम भी जरूरी है। स्कूलों में विद्यार्थियों को आपदा शिक्षा का पाठ अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाए, ताकि वह घर जाकर अपने माता-पिता और अन्य पारिवारिक सदस्यों को भी इसके बार में बता सकें। शिक्षक और छात्रों की वार्षिक ड्रिल अनिवार्य करें। ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति में प्रत्येक पंचायत में प्रशिक्षित वॉलंटियर टीम बनाएं। जिला प्रशासन से ऑनलाइन जुड़ा सिस्टम डेवलप किया जाए। अवैध खनन और अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई बेहद लाजिमी है। ड्रोन और ज्योग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम के माध्यम से खनन की निगरानी की जाए तो बहेतर रहेगा। जलधाराओं के 50 मीटर दायरे में निर्माण निषेध किया जाना चाहिए।

**इंफ्रास्ट्रक्चर का पुनर्निर्माण:** पुल, सड़कें, नालियां और बांधों का डिजाइन आपदा-संवेदनशील हो। शहरी क्षेत्रों में रिजर्व रेस्क्यू रूट्स बनें। हिमाचल अब केवल पर्वतीय राज्य नहीं रहा, यह एक हाई रिस्क जोन बन चुका है। हर साल बादल फटना, भूस्खलन और बाढ़ अब सामान्य घटनाएं हो गई हैं और भविष्य में भूकंप की आशंका इस संकट को और भी भयानक बना सकती है।

**आपदा से पहले जागना होगा:** जापान और अमेरिका जैसे देश यह सिखाते हैं कि तकनीक, प्रशिक्षण और स्थानीय भागीदारी से आपदा का प्रभाव कम किया जा सकता है। भारत को अपनी भौगोलिक विविधता और तेजी से बदलते मौसम को देखते हुए स्थानीय स्तर पर सतर्कता, शिक्षा और तकनीकी निवेश को बढ़ाना होगा।

जब तक हम आपदा को केवल कुदरत का कहर मानते रहेंगे, तब तक हम हर मानसून में नुकसान झेलते रहेंगे, लेकिन जब हम इसे बड़ी चुनौती मानेंगे, तभी हम इससे सशक्त रूप से निपट पाएंगे। अब समय आ गया है कि हिमाचल अपने आपदा प्रबंधन मॉडल को पूरी तरह नए सिरे से गढ़े। विकास जरूरी है, लेकिन यदि वह हर साल सैकड़ों जानें ले रहा है, तो वह विनाश का दूसरा नाम है। हमें आपदा के बाद नहीं, आपदा से पहले जागना होगा वरना हिमाचल की नदियों और खड्डों में सिर्फ मानव का लाचार इतिहास बहता रहेगा।

**रिस्पांस करें:** editoranantgyaan@gmail.com

# 'एक पेड़ मां के नाम' प्रकृति के संरक्षण के लिए अनमोल योगदान



**लेखक : विक्रम वर्मा**
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

प्रकृति में वर्तमान समय में हो रहे परिवर्तन और ह्रास का सबसे बड़ा कारण पृथ्वी से लुप्त होती अमूल्य वनसंपदा है और इसका प्रत्यक्ष अनुभव हम प्रतिदिन कर रहे हैं। मनुष्य ही प्रकृति का उपयोग और दोहन अपनी सुविधाओं के लिए करता है और यह मनुष्य का ही कर्तव्य है कि प्रकृति की हर चीज की भरपाई करे, ताकि वर्तमान में हमारा कर्तव्य और भावी पीढ़ी का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके, वर्तमान समय का यह एक महत्वपूर्ण दायित्व है, जो हम सभी को मिलकर निभाना है। मां—यह शब्द जितना छोटा है, उतना ही गहरा और व्यापक भी। मां का स्थान संसार में कोई नहीं ले सकता। मां अगर हमें जीवन प्रदान करती है तो पेड़ उस जीवन को बनाए रखने के लिए प्राणवायु, जिसके बिना जीवन का अस्तित्व शून्य है। अपने बच्चों के लिए त्याग, प्रेम, ममता और सहनशीलता की प्रतिमूर्ति होती है।

ठीक वैसे ही एक पेड़ भी हमारे जीवन में मां की तरह होता है—निस्वार्थ, बिना किसी अपेक्षा के, हमें जीवनदायिनी छाया, फल-फूल, हवा और शुद्धता देता है। आज जब पर्यावरण संकट की ओर बढ़ रहा है विभिन्न प्रकार की विनाशकारी घटनाएं घटित हो रही हैं। जो मानव अस्तित्व के लिए भयंकर चुनौती है हिमाचल प्रदेश के वर्तमान हालात यही ब्यां कर रहे हैं, तो एक पेड़ मां के नाम लगाना न केवल प्रकृति के प्रति कृतज्ञता है, बल्कि मां के प्रति अपनी भावनाओं को प्रकृति के साथ जोड़ने का सुंदर प्रयास भी है और मानवता के प्रति एक उपकार भी है।

मां और पेड़ दोनों ही जीवनदायिनी हैं। मां अपने बच्चे को जन्म देती है, पालती-पोसती है, हर कठिनाई में उसकी ढाल बनती है। पेड़ भी धरती का श्रृंगार हैं। वे हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन), फल, फूल, लकड़ी, छाया, औषधियां, और सबसे जरूरी शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं। जिस तरह मां बिना किसी स्वार्थ के अपने बच्चों की सेवा करती है, उसी तरह पेड़ भी बिना किसी भेदभाव के सभी को फल-फूल और छाया देते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में मां का स्थान सर्वोपरि होता है। उसकी ममता और त्याग को शब्दों में बांधना मुश्किल है। मां के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के कई तरीके हो सकते हैं, लेकिन अगर हम मां के नाम एक पेड़ लगाते हैं, तो यह कृतज्ञता प्रकृति के साथ जुड़कर और भी सार्थक हो जाती है। यह न केवल मां के प्रति सम्मान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा संदेश भी है। आजकल कई जगहों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए।



यह पेड़ मां के त्याग, ममता और सेवा का प्रतीक बन जाता है। जब यह पेड़ बड़ा होता है, तो उसकी छाया में न जाने कितने लोग विश्राम करते हैं, उसके फल-फूल से न जाने कितने जीव लाभान्वित होते हैं। यह पेड़ मां के नाम एक जीवंत स्मारक बन जाता है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता है। पेड़ लगाना केवल एक भावनात्मक कार्य नहीं, बल्कि यह पर्यावरण की रक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। पेड़ वायु को शुद्ध करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, भूमि का कटाव रोकते हैं, वर्षा लाने में सहायक होते हैं, और जैव विविधता को बनाए रखते हैं। मां के नाम पेड़ लगाना बहुत सरल है। सबसे पहले, अपने घर, स्कूल या किसी सार्वजनिक स्थान पर एक उपयुक्त स्थान चुनें। वहां एक पौधा लगाएं—यह आम, नीम, पीपल, बरगद, अमरूद या कोई भी स्थानीय प्रजाति का हो सकता है। पौधे के पास एक तख्ती लगाएं, जिसमें लिखा हो—'यह पेड़ मेरी मां के नाम'। इस पौधे की देखभाल करें, जैसे मां अपने बच्चों की करती है।

समय-समय पर पानी दें, खाद डालें, और उसकी सुरक्षा करें। जब वह पौधा बड़ा होगा, तो आपको गर्व महसूस होगा कि आपने मां के नाम एक हरित स्मारक बनाया है। सरकार के द्वारा चलाया गया यह अभियान अवश्य ही फलदायक होगा यदि सभी नागरिक मिलकर इस अभियान में अपनी सक्रिय और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करें, संबंधित विभाग को बढ़-चढ़कर जनसमुदाय के साथ मिलकर इसे एक मिशन का रूप प्रदान करना होगा. तभी सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हो सकते हैं। हमारे भारतीय समाज में पेड़ों को देवी-देवताओं की तरह पूजा जाता है। पीपल, बरगद, तुलसी आदि को पवित्र माना जाता है। मां के नाम पेड़ लगाना हमारी संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने का भी एक सुंदर तरीका है। यह बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करता है। जब बच्चे देखेंगे कि उनके माता-पिता ने अपने माता-पिता के नाम पेड़ लगाए हैं, तो वे भी इस परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। आज जब ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन,बाढ़ और भूस्खलन जैसी विनाशकारी घटनांए केवल मात्र धरा पर अमूल्य वन संपदा के विघटन से ही उत्पन्न हो रही हैं।

ऐसी परिस्थितियों में अधिक से अधिक पेड़ लगाना अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य है। पेड़ लगाना सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। अगर हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए, तो करोड़ों पेड़ लग सकते हैं, जिससे धरती फिर से हरी-भरी हो सकती है। यह अभियान न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। 'एक पेड़ मां के नाम' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक भावनात्मक, सामाजिक और पर्यावरणीय आंदोलन है। यह हमें सिखाता है कि मां के त्याग और ममता को प्रकृति के साथ जोड़ना कितना सुंदर और सार्थक है। जन्मदात्री मां की तरह ही जीवनदायिनी प्रकृति भी हमारे जीवन के लिए आवश्यक सुविधांए प्रदान करती हैं.जब भी आप किसी पेड़ की छांव में बैठें, फल खाएं या उसकी हरियाली देखें, तो याद रखें—यह पेड़ भी किसी मां के नाम हो सकता है। आइए, हम सब मिलकर अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाएं और इस धरती को हरा-भरा बनाएं। यही मां के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी और प्रकृति की सुंदरता, शोभा और अद्वितीय स्वरूप को संरक्षित और भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जा सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# आखिर बीएसएल परियोजना से विस्थापितों को क्या मिला?



**लेखक : बालक राम**
वरिष्ठ पत्रकार, पंडोह, मंडी



बीएसएल परियोजना के स्थापना दिवस पर विशेष

ब्यास सतलुज लिंक नहर (बीएसएल) परियोजना भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की सबसे पुरानी और लाभदायक योजनाओं में शुमार है, जिससे बीबीएमबी प्रबंधन को करोड़ों की नहीं, बल्कि अरबों रुपए की आय प्राप्त हो रही है। इस परियोजना का निर्माण पंजाब, हरियाणा राजस्थान और हिमाचल ने मिलकर किया है। इसका निर्माण कार्य वर्ष 1962 में आरंभ हुआ और 7-7-1977 को इस परियोजना से डैहर में विद्युत उत्पादन शुरू हुआ जो निरंतर जारी है। 990 मैगावाट की इस परियोजना से देश के बहुत सारे राज्यों में विद्युत सप्लाई की जाती है। इतना ही नहीं, इस परियोजना से खेतों की प्यास भी बुझाई जाती है। जिससे अन्न उत्पादन में वृद्धि होती है।

निर्माण के दौरान हजारों लोगों को रोजगार मिला, जिनमें से सैकड़ों परिवार आज भी बीबीएमबी में बतौर नियमित कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं यानी यह परियोजना विद्युत उत्पादन के साथ सिंचाई, पर्यटन और रोजगार का माध्यम है तथा देश की सबसे कमाऊ परियोजना है, इसलिए देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे राष्ट्र गौरव के नाम से परिभाषित किया था।

**दुष्प्रभाव :** बेशक यह परियोजना राष्ट्रीय धरोहर है। हमें इस पर गर्व है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित परियोजना के विस्थापित परिवार हैं, जो आज भी जमीन के बदले जमीन मांग रहे हैं। लगभग 450 परिवार पंडोह में विस्थापित हुए हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत परिवारों को आज तक जमीन नहीं मिल पाई है। कुछ परिवारों ने तो हिमाचली होने का भी अधिकार खो दिया है। वे दर दर की ठोकरें खाने को विवश हैं। परियोजना में रोजगार भी बाहरी राज्यों के लोगों को ही मिल रहा है। विस्थापित परिवारों को न बिजली न पानी और न ही शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं मिल पा रही हैं। परियोजना के नाम पर आवश्यकता से ज्यादा भूमि अधिग्रहण किया गया। आज उस खाली पड़ी जमीन को बीबीएमबी द्वारा कंपनियों को लीज पर दिया जा रहा है। कुछ सरकारी उपक्रम स्थापित किए जा रहे, मगर विस्थापित की मूल भूमि भी उन्हें हस्तांतरित नहीं की जा रही है, जबकि यह उनका कानूनी अधिकार है।

**स्थापना दिवस:** बीएसएल नहर परियोजना अपना स्थापना दिवस 7-7-1977 से धूमधाम से आयोजित करती है, मगर आज तक विस्थापित परिवारों के लिए कोई योजना अथवा इनसेंटिव नहीं दिया गया, जबकि इस आयोजन के असली हकदार विस्थापित परिवार हैं।

**बीबीएमबी के अस्पताल और स्कूल की दुर्दशा:** पंडोह में बीएसएल का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खंडहर बन चुका है। वर्ष 2024 में मात्र एक ही विद्यार्थी पूरे स्कूल में पढ़ता था। इस वर्ष 3 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। सीबीएसई स्कूल है,मगर खंडहर से ज्यादा कुछ नहीं। ऐसी ही दुर्दशा पंडोह में बीबीएमबी अस्पताल की है, जिसका भवन 1964 में 2 ऑपरेशन थियेटर (ओटी) के साथ बनाया गया था। कभी यह पंडोह क्षेत्र का सबसे बढ़िया अस्पताल हुआ करता था, मगर जैसे ही डैम का निर्माण कार्य संपन्न हुआ इस अस्पताल का पतन भी शुरू हो गया और आज बिना डॉक्टर का अस्पताल बन कर रह गया है। देश के लिए यह परियोजना एक बड़ी और लाभदायक योजना है, मगर स्थानीय लोगों और विस्थापितों के लिए यह परियोजना किसी अभिशाप से कम नहीं है। ऐसे में इसका स्थापना दिवस आयोजित करना भी केवल परियोजना में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के खान -पान और मौज -मस्ती से ज्यादा और कुछ नहीं है।

**अधिकारों का हनन :** पंडोह डैम विस्थापित कल्याण समिति के संस्थापक प्रधान बीआर भाटिया ने कहा कि यह परियोजना राष्ट्र गौरव है। हमारे लिए भी देश सर्वोपरि है, मगर जिस परियोजना में हमारे अधिकारों का हनन होता है, हमें मिलने वाली सुविधाओं पर डाका मारा जाता है, हमें शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जाता है ऐसी परियोजना हमारे लिए ही नहीं, अपितु सबके लिए अभिशाप बन जाती है। इसके लिए केवल और केवल बीबीएमबी ही जिम्मेदार है। स्थापना दिवस विस्थापित परिवारों और डैम निर्माण में अपनी जान कुर्बान करने वालों के साथ धोखा है, क्योंकि इस कार्यक्रम में इन्हें शामिल नहीं किया जाता है। स्थापना दिवस का इतिहास गवाह है कि आज तक पंचायत जनप्रतिनिधियों अथवा हिमाचल सरकार के किसी मंत्री तक को इस आयोजन में आमंत्रित नहीं करना भी इस परियोजना के दुष्परिणामों में शुमार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र में 24 मेडिकल टीमें पैदल पहुंचकर दे रहीं स्वास्थ्य सेवाएं: उपायुक्त

# 9 गर्भवती महिलाएं सुरक्षित पहुंचाई मंडी-नेरचौक

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** सराज विधानसभा क्षेत्र में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद जहां जिला प्रशासन, सेना, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ इत्यादि बचाव दल राहत व बचाव कार्यों में जुटे हैं, वहीं स्वास्थ्य विभाग भी पूरी मुस्तैदी से प्रभावित क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहा है। विभाग ने 24 मोबाइल मेडिकल टीमें गठित की हैं, जिनमें से 10 टीमें जंजैहली, 10 थुनाग और 4 टीमें बगस्याड़ क्षेत्र के प्रभावित गांवों में पैदल जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

बादल फटने की घटना के बाद जहां सड़कों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है, ऐसे दूरदराज और दुर्गम गांवों में मोबाइल मेडिकल टीमें डेरा जमाकर कार्य कर रही हैं। डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा निरंतर स्वास्थ्य जांच, आवश्यकतानुसार दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों से अब तक विभिन्न माध्यमों से 9 गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित क्षेत्रीय अस्पताल मंडी और मेडिकल कॉलेज नेरचौक भेजा जा चुका है। एक गर्भवती महिला को जंजैहली से वाया करसोग आईजीएमसी शिमला भेजा गया है।



गर्भवती महिलाओं को सड़कें खराब होने पर पैदल अस्पताल ले जाते हुए।

### 2000 क्लोरीन गोलियां व 49 मेडिकल किटें बांटी

**स्वास्थ्य** विभाग ने विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों की नियमित जांच और निगरानी पर बल दिया है। इसके साथ ही आपदा के दौरान फैलने वाले संक्रमण से बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक दवाएं वितरित की जा रही हैं। अब तक 2000 क्लोरीन टेबलेट और 49 प्राथमिक चिकित्सा किटें वितरित की गई हैं।

### दो महीने की दवाइयों का स्टॉक उपलब्ध: डीसी

**उपायुक्त** एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि बादल फटने की घटना से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के साथ ही उनकी सेहत का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री महोदय के निर्देशों पर मंडी जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच का कार्य जारी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बाड़ा, परबाड़ा, बस्सी, सरोहा, अनाह, तांदी, केलोधार, धरोट स्वास्थ्य केंद्रों में दो महीने का दवाईयों का स्टॉक उपलब्ध है।

# पंडोह के लाल पुल का पुनर्निर्माण जल्द होगा शुरू

## टेंडर स्वीकृत, विजय कपूर कंस्ट्रक्शन को मिला निर्माण कार्य

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** राजकाल के लाल पुल पंडोह का पुनर्निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। इस एतिहासिक लाल पुल के पुनर्निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मंडी की प्रतिष्ठित विजय कपूर कंस्ट्रक्शन कम्पनी को इसका निर्माण कार्य मिला है। कंपनी ने ₹14,18,59,819 (चौदह करोड़ अठारह लाख उनसठ हजार आठ सौ उन्नीस रुपए) की लागत में यह टेंडर हासिल किया है।

गौरतलब है कि यह लाल पुल पंडोह क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों को जोड़ता है। वहीं बदार क्षेत्र के लोगों के लिए यह पुल भाग्य रेखा है। आवाजाही का एकमात्र साधन है। जो वर्ष 2023 की आपदा में पूरी तरह से टूट गया था, जिससे हजारों लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों के लोगों को वैकल्पिक लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा था, जिससे उनका समय और संसाधन दोनों प्रभावित हो रहे थे। अब इस पुल के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया के शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

देव समाज के अध्यक्ष मोहन लाल वजीर, वेस राम धामी, सीएम खजाना, देवेंद्र ठाकुर प्रधान, पदम ठाकुर , हरी राम ,दलीप ठाकुर, टेक चंद, राजू, खीरामणी, नीलामनी, हिमा देवी प्रधान महिला मडल देयोरी, नगीना ठाकुर, देश राज प्रधान, ठाकुर दास भडारी का कहना है कि पुल टूटने के बाद उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और जीवन-यापन में भी कठिनाई आई। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



यहां बनाया जाना है पुल।

### गुणवत्ता व समयसीमा का रखा जाए विशेष ध्यान

**स्थानीय** निवासी ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि लोग जल्द से जल्द इस पुल का लाभ उठा सकें। प्रशासन की ओर से भी इस काम की निगरानी की जाएगी ताकि भविष्य में आपदाओं से पुल को सुरक्षित रखा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा पीड़ितों को दी 40 हजार की मदद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित स्याठी गांव के पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आज धन्वंतरि स्वास्थ्य मिशन बसंतपुर की ओर से मानवीय पहल करते हुए 40,000 रुपए अकी आर्थिक सहायता और आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई। संगठन के कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाई और उनके दुःख की इस घड़ी में साथ खड़े होने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पीड़ितों से संवाद किया और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



### 31,000 रुपए की मदद का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र के स्याठी गांव में आई हाल की आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए पूर्व सैनिक संगठन 'कोर ऑफ सिग्नल्स यूनिट सरकाघाट' ने 31,000 रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। संगठन के चेयरमैन वेटरन अमृत लाल सकलानी ने कहा कि स्याठी गांव में आपदा के कारण कई परिवारों के घर और जमीनें नष्ट हो गई हैं और गांव के लोग अत्यधिक भयभीत हैं। संगठन ने समाज से अपील की है कि इस कठिन समय में वे पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। वेटरन अमृत लाल सकलानी ने बताया कि शीघ्र ही स्याठी ग्राम आपदा पीड़ित सहायता समिति के खाते में राशि स्थानांतरित कर दी जाएगी। संगठन ने अन्य सामाजिक संगठनों और सक्षम व्यक्तियों से भी अपील की है कि वे इस आपदा के समय मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

### मंडी में मनाया दलाईलामा का 90वां जन्मदिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रविवार को 14वें दलाईलामा के 90वें जन्मदिवस को मंडी में श्रद्धा और गर्मजोशी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह-संयोजक सन्नी ईपन ने दलाईलामा की लंबी उम्र की कामना की और उन्हें आदरपूर्वक खड़ा अर्पित किया। सन्नी ईपन ने यह भी आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग हमेशा प्रदेश के सभी अल्पसंख्यक समुदायों के हित में खड़ा रहेगा, जिनमें बुद्धिस्ट समुदाय भी शामिल है। इस कार्यक्रम का आयोजन तिब्बती सेटलमेंट कार्यालय की ओर से किया गया, जिसमें पंडोह, सुंदरनगर, मंडी और रिवालसर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैंकड़ों अनुयायियों ने भाग लिया।

### दलाईलामा शांति, करुणा के प्रतीकः राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** तिब्बती बस्ती चौंतड़ा में परम पूज्य दलाईलामा के 90वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह का आयोजन कम्युनिटी बास्केटबॉल ग्राउंड में हुआ, जहां तिब्बती समुदाय के सैकड़ों लोगों ने अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दलाईलामा के जीवन, संघर्ष और विश्व स्तर पर दिए गए योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक प्रकाश राणा ने दलाईलामा को शांति, करुणा और सहअस्तित्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दलाईलामा का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने तिब्बती संस्कृति के साथ-साथ भारतीय मूल्यों को भी वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान किया है।'

### अपर जैहमत के रमेश के दोनों बेटे बने सीए

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की तहशील बलद्वाडा के अपर जैहमत के रमेश चंद के छोटे बेटे सौरभ कुमार ने हाल ही में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है जबकि बड़े बेटे अरुण ने तीन वर्ष पहले चार्टड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर ली थी और आजकल वो दुबई में एक बहुत बड़ी नामी कंपनी में कार्यरत हैं। इन दोनों भाइयों की प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) पंडोह जिला मंडी से तथा उच्च शिक्षा चंडीगढ़ से प्राप्त की है। इन दोनों भाइयों ने चार्टड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता व गांव के साथ-साथ पूरे इलाके का नाम भी रोशन किया है, जिससे पूरे इलाके व गांव में बड़ी खुशी की लहर है। सरकाघाट के विधायक दलीप सिंह ठाकुर ने दोनों भाईयों को साधुवाद एवं शुभकामनाएं दी है।

### चेतन सोनी तीसरी बार बने अध्यक्ष

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चच्योट द्वितीय की कार्यकारिणी 2025- 2028 का चुनाव रविवार को चैलचौक में संपन्न हुआ। जिसमें लगातार तीसरी बार चेतन सोनी खंड के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने गए। हेम सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खेम सिंह महासचिव, अर्चना सह सचिव और संत राम कोषाध्यक्ष चुने गए। महिला विंग में अनिता शर्मा को प्रधान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ढमेश्वरी, महासचिव तारा देवी और कोषाध्यक्ष सुनीता कौंडल चुनी गई। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष चेतन सोनी ने तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर खंड के सभी प्राथमिक शिक्षकों का आभार जताया। चेतन सोनी ने कहा कि वे प्राथमिक शिक्षकों को समस्याओं का हल करने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

### स्वेता ठाकुर को टोपी व शॉल पहनाकर नवाजा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बता-री-बिहू पंचायत के चनेहड़ गांव की होनहार बेटी स्वेता ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एलाइड परीक्षा में 36वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वेता अब उद्योग विस्तार अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। रविवार को जीवन ठाकुर ने अपने जोगिंद्रनगर स्थित कार्यालय में स्वेता ठाकुर से भेंट की और उन्हें टोपी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वेता ठाकुर युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वेता की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। स्वेता की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी लगन और मेहनत इस बात का प्रमाण है कि समर्पण और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक 9 जुलाई को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक आगामी 9 जुलाई को मिनी सचिवालय जोगिंदरनगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री करेंगे। महा सचिव रमेश पठानिया एवं वित्त सचिव रविन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में सभी पेंशनरों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं, ताकि बैठक में अपने विचार, सुझाव एवं समस्याएं खुलकर रख सकें। उन्होंने कहा कि बैठक की सफलता पेंशनरों की पूर्ण भागीदारी पर निर्भर करती है। बैठक में जहां व्यक्तिगत समस्याओं और मांगों पर चर्चा की जाएगी, वहीं प्रदेश में हाल ही में हुई भारी वर्षा के चलते हुए भूस्खलन और जान-माल के नुकसान की भरपाई को लेकर भी विचार-विमर्श होगा।

# गोहर में आपदा प्रभावितों के लिए 3 राहत शिविर स्थापित

## बाड़ा में 4 परिवारों के 16, कुटीर बाड़ा में 3 परिवारों के 15 व स्यांज में 3 परिवारों के रह रहे 14 सदस्य

अनंत ज्ञान, गोहर

**जिला** मंडी के उपमंडल गोहर में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा राहत शिविर स्थापित किए गए हैं।

कार्यवाहक एसडीएम स्मृतिका नेगी ने बताया कि उपमंडल गोहर में आपदा प्रभावितों के लिए ग्राम पंचायत बाड़ा, स्यांज और जलशक्ति विभाग की निरीक्षण कुटीर बाड़ा में 3 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। राहत शिविर ग्राम पंचायत बाड़ा में चार परिवारों के 16, निरीक्षण कुटीर बाड़ा में तीन परिवारों के 15 तथा ग्राम पंचायत स्यांज में तीन परिवारों के 14 सदस्य रह रहे हैं। प्रशासन द्वारा राहत शिविरों में अब तक 55 राशन किट, 4 कंबल प्रदान किए गए हैं। इन शिविरों में रसोई घर का भी प्रावधान किया गया है। विश्राम गृह बाड़ा राहत शिविर में रह रहे परवाड़ा गांव के 40 वर्षीय परमानंद ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि गांव में ही डेयरी का कार्य करते थे। 30 जून रात्रि को हुई भारी बारिश व बाढ़ से उनका घर तथा डेयरी फार्म का नामोनिशान नहीं रहा है। वे किसी तरह जान को जोखिम में डालते हुए इस त्रासदी से बच निकले। उन्हें व उनके परिवार को पंचायत प्रधान व वार्ड सदस्य द्वारा जिला प्रशासन द्वारा विश्राम गृह के राहत शिविर में ठहराया गया है, जहां पर उन्हें भोजन सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन व सीएम सुक्खु का आभार जताया है।

कार्यवाहक एसडीएम स्मृतिका नेगी ने बताया कि उपमंडल गोहर में अब तक लगभग 7 लाख रुपए की राहत राशि, 489 तिरपाल, 75 राशन किट तथा 45 कंबल वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही क्रश चैरिटेबल ट्रस्ट, नेरचौक व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन एवं कामधेनु ऑपरेटर्स जैसी निजी संस्थाओं द्वारा भी आपदा प्रभावितों के लिए राशन, कपड़े, खिलौने, बिस्तर तथा अन्य आवश्यक राहत कोष सामग्री प्रदान की गई है।



आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजते हुए व साथ में कार्यवाहक एसडीएम स्मृतिका नेगी।

### सहायता करने के लिए करें संपर्क: स्मृतिका

**स्मृतिका** नेगी ने लोगों से भी आग्रह किया कि जो दानी सज्जन इस प्रकार वर्षा से आई आपदा में, प्रभावित लोगों के पहनने के कपड़े, बिस्तर, जूते, बर्तन और राशन आदि सामान देकर मदद करना चाहते हों तो वे निःसंकोच कृष्ण चंद कानूनगो एसडीएम कार्यालय गोहर मोबाइल नंबर 9418468350 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जीवन ठाकुर ने विस्थापित परिवारों की समस्याओं का मौके पर किया समाधान



अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**ग्राम** पंचायत टिकरी मुशैहरा के निक्का ठाणा गांव में हाल ही में प्राकृतिक आपदा के चलते विस्थापित हुए परिवारों की सुध लेने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गांव पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही कई समाधान सुनिश्चित किए। विस्थापित परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई और गांववासियों के साथ मिलकर ब्रेकफास्ट भी किया गया। गांव में पशुओं की देखभाल कर रहे लोगों ने बिजली की समस्या की ओर ध्यान दिलाया, जिस पर तत्काल सोलर लाइट की व्यवस्था की गई।

जनप्रतिनिधि ने संबंधित विभागों को राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी परिवार आवश्यक सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रशासन हर पीड़ित तक पहुंचे और हरसंभव मदद दी जाए।

# आपदा राहत कोष के लिए आगे आया रोटरी क्लब, मकरीड़ी स्कूल में लगेगा स्मार्ट प्रोजेक्ट



जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण शर्मा व उपस्थित सदस्य।

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** मंडी जिला समेत जोगिंद्रनगर क्षेत्र में आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए रोटरी क्लब ने बड़ा कदम उठाया है। क्लब के लगभग 40 सदस्यों ने स्वेच्छा से अधिक से अधिक धनराशि प्रशासन के राहत कोष में जमा करवाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय रोटरी क्लब के नए सत्र 2025-26 की पहली बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष डॉ चंद्रभूषण शर्मा और सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने की।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मकरीड़ी स्कूल में ई-लर्निंग के लिए स्मार्ट डिजिटल प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा।

क्लब सचिव रणजीत चौहान ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने के उद्देश्य से ऐहजू व भराड़पट्ट स्कूलों के बाद अब मकरीड़ी स्कूल को भी स्मार्ट शिक्षा प्रणाली से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही रोटरी क्लब द्वारा जुलाई-अगस्त माह में भराड़ू में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाने की भी घोषणा की गई।

## आपदा प्रभावितों को विधायक राणा ने दिया मदद का भरोसा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खद्दर, तुल्लाह, खड़िहार व लांगणा के आपदा प्रभावित गांवों का भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने दौरा किया। भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित इन क्षेत्रों में जाकर उन्होंने मौके की स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

विधायक राणा ने कहा कि सरकार और प्रशासन मिलकर प्रभावित परिवारों को हरसंभव राहत उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो और तात्कालिक सहायता शीघ्र पहुंचाई जाए। इस दौरान कई प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। विधायक ने कहा कि इस दौरे का उद्देश्य केवल नुकसान का आकलन करना ही नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों को मानसिक और नैतिक संबल देना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावितों के पुनर्वास के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे और उन्हें जल्द से जल्द सामान्य जीवन की ओर लौटाया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक के इस कदम की सराहना की और आशा जताई कि सरकार की ओर से शीघ्र ठोस सहायता मिलेगी।

# भारी बारिश से स्याठी गांव के बेघर हुए 11 मनरेगा मजदूरों को मिलेगी सहायता

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**धर्मपुर** खंड की लौंगनी ग्राम पंचायत के स्याठी गांव में 1 जुलाई को हुई भारी बारिश के कारण 20 परिवार बेघर हो गए हैं, जिनमें से 11 परिवार मनरेगा एवं निर्माण मजदूर हैं। प्रभावित मजदूरों में राजो देवी, अती देवी, ज़ुल्मी देवी, रीता देवी, नीलमा, रूमा, रेखा, सोमा, सुनीता, शनिचरू और देश राज शामिल हैं। यह सभी मजदूर हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार बोर्ड से पंजीकृत हैं।

इसके अलावा, थुनाग क्षेत्र में भी बोर्ड के एक कर्मचारी का घर ढह गया है। बोर्ड के सदस्य और सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने इस मुद्दे को लेकर बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर से चर्चा की और वित्तीय सहायता प्रदान करने का सुझाव दिया। इस पर बोर्ड अध्यक्ष ने निर्णय लिया कि सोमवार को एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रभावित परिवारों को सहायता पैकेज देने का निर्णय लिया जाएगा।

**भूपेंद्र ने कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव से की चर्चा**

### जिले में व्यापक नुकसान

**भूपेंद्र** सिंह ने बताया कि मंडी जिले के धर्मपुर के अलावा सराज, नाचन और करसोग क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है, जिनमें बोर्ड से पंजीकृत मनरेगा एवं निर्माण मजदूर भी शामिल हैं। ऐसे में इन सभी को इस विपत्ति के समय विशेष सहायता देने की आवश्यकता है।

### बोर्ड अध्यक्ष का आश्वासन

**बोर्ड** अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि पैकेज तय होने के बाद वे खुद प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे और मजदूरों से मिलकर तत्काल राहत प्रदान करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने मंडी जिले के श्रम कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे दो दिन में पंजीकृत मजदूरों का विवरण बोर्ड राज्य कार्यालय को भेजें, ताकि राहत कार्य में कोई देरी न हो।

# परिधि की टीम के पास हर सवाल का जवाब

## छाणंग स्कूल में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**शिक्षा** खंड द्रंग-1 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला छाणंग में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें परिधि, रेणुका, रिया व कल्पना की टीम ने सभी सवालों का सही जवाब देकर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 10 राउंड में विभिन्न प्रकार के सवाल पूछे गए, जिनका परिधि की टीम सभी सवालों के सही जवाब दिए।

इसके अलावा परिधि की टीम ने दूसरी टीम से पास हुए 3 सवालों के भी सही जवाब देकर अपनी टीम अंत तक शीर्ष पर बनाए रखा। परिधि की टीम ने कुल 115 अंक हासिल किए। वहीं हेलिना राजपूत की टीम ने 95 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा कर्ण की मात्र 65 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रही। शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने प्रतियोगिता का संचालन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाने से नौनिहालों के सामान्य ज्ञान में बढ़ोत्तरी होने के साथ- साथ उनके आत्मविश्वास में भी इजाफा होता है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस स्कूल में आज हुए अभी दो सप्ताह ही हुए हैं, लेकिन समय-समय पर नौनिहालों में इस तरह की स्पर्धाएं करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विजेता नौनिहालों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद छाणंग स्कूल के नौनिहाल शिक्षक के साथ।

# चामुंडा मंदिर में दुपट्टे से लटकी मिली विवाहिता

## मायका और ससुराल पक्ष ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** उपमंडल अंतर्गत चामुंडा माता मंदिर, काढ़ी धार (स्यांज) में रविवार सुबह एक दर्दनाक व रहस्यमयी घटना सामने आई, जहां दुगराई बासा पंचायत की दीक्षा देवी पत्नी सुनील कुमार ने दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी।

जानकारी के अनुसार दीक्षा देवी बीते कुछ महीनों से अपने मायके स्यांज क्षेत्र के ग्वाड़ गांव में रह रही थीं। सुबह मंदिर के बाहर से गुजर रहे लोगों ने जब मंदिर की छत से महिला को लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचित किया। गोहर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि घटना को आत्महत्या बताया जा रहा है, लेकिन मामले के कई पहलुओं ने इसे संदिग्ध बना दिया है। मृतका के पिता जीवा नंद ने आरोप लगाया है कि उनके दामाद सुनील कुमार ने दीक्षा को रात के समय बहला-फुसलाकर ले जाया था। वहीं, ग्वाड़ पंचायत के प्रधान सोहन लाल ने भी फांसी को संदेहास्पद बताया है और कहा कि यह 'सीधी फांसी की तरह नहीं लगती'। इधर, माइका व ससुराल पक्ष मौके पर ही आमने-सामने हो गए और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। माइका पक्ष ने दीक्षा के पति सुनील कुमार, उसके माता-पिता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करवाया और मामले को सुलझाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जो सभी तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर रही है। गोहर थाना प्रभारी देशराज ने बताया कि मामले में निष्पक्ष जांच की जा रही है। यह मामला अब पुलिस व फॉरेंसिक जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि यह आत्महत्या थी या इसके पीछे कोई और साजिश छुपी है।



विरोध-प्रदर्शन करती हुई महिलाएं।

**आपदा** एनएच निर्माण से सरकाघाट और धर्मपुर के प्रभावित क्षेत्रों में हो रही तबाही से स्थानीय लोग चिंतित

# कंपनियों के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई, अब खतरे में घर

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट और धर्मपुर के प्रभावित क्षेत्रों में हो रही तबाही के लिए जिम्मेदार निर्माण कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से स्थानीय लोग चिंतित हैं। हिमाचल किसान सभा ने चोलथरा, रखोह, सरकाघाट और आसपास के इलाकों में कंपनियों द्वारा की गई अवैध डंपिंग की जानकारी प्रशासन को दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब यह मलबा सड़कों, घरों और लोगों की जमीनों को नुकसान पहुंचा रहा है।

विधायक और विपक्ष के नेताओं ने स्थिति का निरीक्षण किया, लेकिन जब निर्माण कार्य हो रहा था तब उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। अब घरों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। पिछले दो वर्षों से किसान सभा ने सुरक्षा दीवारें बनाने की मांग की थी, लेकिन कंपनी ने अब तक कोई व्यवस्था नहीं की। भूपेंद्र सिंह और किसान सभा ने मांग की है कि गावर और बीआरएन कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई इन कंपनियों से की जाए। धर्मपुर और सरकाघाट में अवैध डंपिंग की वजह से स्थिति और भी बदतर हो गई है। गासियां खड्ड में डंपिंग के कारण पाड़छु पुल ढह गया, और उसका मलवा बहकर धर्मपुर पहुंच गया। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। यह स्थिति प्रशासन की निष्क्रियता और निर्माण कंपनियों की मनमानी को उजागर करती है।



एनएच निर्माण कार्य के दौरान की गई बेतरतीब कटिंग से मकान को पैदा हुआ खतरा।

### सरकाघाट में प्रदर्शन 9 को

**किसान** सभा और स्थानीय लोग प्रशासन से निराश हैं। उन्होंने 4 जून को सरकाघाट थाना में शिकायत दी थी, लेकिन अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। अब 9 जुलाई को सरकाघाट में विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय नेता, किसान सभा और नागरिक सभा के सदस्य प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे।

### तमन्ना ने आईआईटी दिल्ली में पाया प्रवेश

**उमेश, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल के कपाही गांव (लुहाखर) की बेटी तमन्ना ठाकुर द्वारा गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) की परीक्षा अच्छे रैंक से उत्तीर्ण कर आईआईटी दिल्ली के लिए चयन हुआ है। तमन्ना की इस उपलब्धि से सुंदरनगर सहित जिला और प्रदेश का नाम रौशन हुआ है। तमन्ना देश के बड़े एवं प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी दिल्ली में जियोटेक्निकल और जियो-एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग विषय में एमटैक की पढ़ाई कर रही है। तमन्ना की इस शानदार सफलता से उनके परिवार, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों में गर्व और खुशी की लहर है। तमन्ना के पिता पवन देवगन ठाकुर समाजसेवी हैं तथा माता शशि ठाकुर एक छोटी सी कन्फेक्शनरी की दुकान चलाती हैं, जो घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ व्यवसाय को भी बखूबी संभालती हैं।

# ऊना जिले में बाढ़ का प्रकोप : औद्योगिक क्षेत्रों के साथ आम जनमानस के डूबे करोड़ों

## जिले में मूसलाधार बारिश के कारण जन-जीवन पटरी से उतरा; ऊना के गगरेट, अंब, बसाल औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रलय से करोड़ों का नुकसान





बड़ूही में फकीरा के मोहल्ला वार्ड दो में बाढ़ से रास्ते का नुकसान देखते हुए एसडीएम और अन्य, (मध्य) ऊना की स्वां नदी की सहायक खड्ड में जल प्रलय का दृश्य जो किनारों में खड़े पेड़ भी बहा ले गया, (दाएं) ऊना के समीप एक नाले में आई भयंकर बाढ़ की स्थिति देखने क्षतिग्रस्त पुल पर जमा हुए लोग।

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना**

जिले में मूसलाधार बारिश के कारण जन जीवन पटरी से उतर गया। ऊना के गगरेट, अंब, बसाल औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रलय से करोड़ों का नुकसान हो गया। उधर, खतरे के निशान से ऊपर तक स्वां नदी का जलस्तर भी पहुंचता दिखा है। ऊना के समीप नंगल सलांगड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 45 कामगारों की दमकल महकमे ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। क्षतिग्रस्त रामपुर जनकौर वैली ब्रिज में लोग जान जोखिम में डालकर बाढ़ की स्थिति देखने पहुंचते रहे। जिले में अबकी बरसात का यह पहला दिन था, जिसने सबकुछ हिलाकर रख दिया। शनिवार देर शाम से बरसात के कारण कई औद्योगिक क्षेत्रों में पानी भर गया। करोड़ों के राजस्व का नुकसान उद्यमियों और किसानों का हुआ है। लोक निर्माण विभाग के साथ साथ बिजली और पानी के महकमे भी प्रभावित हुए हैं।

**कुटलैहड़ में विधायक विवेक ने संभाली राहत कार्यों की कमान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हुई रविवार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। भारी बारिश के चलते कई क्षेत्रों में जलभराव, घरों की दीवारों के गिरने, सड़क मार्गों के बंद होने और डंगों के टूटने जैसी घटनाएं सामने आईं। इस प्राकृतिक आपदा में हुई तबाही और जनता को हुए नुकसान का जायजा लेने स्वयं विधायक विवेक शर्मा क्षेत्रभर में पहुंचे और स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। विधायक विवेक शर्मा ने बारिश के कारण प्रभावित हुए गांवों का दौरा करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नुकसान का आकलन किया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि जिन परिवारों को तत्काल सहायता की आवश्यकता थी, उन्हें निजी आय से सीधे पांच हजार रुपऐ प्रति परिवार की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर रास्तों को जल्द से जल्द बहाल किया जाए और डंगों की मरम्मत कार्य शुरू किया जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। जनता को हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए हम पूरी कोशिश करेंगे। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। विवेक शर्मा ने जानकारी दी कि भारी बारिश से कुटलैहड़ क्षेत्र में हुए नुकसान का संपूर्ण ब्यौरा तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंपा जाएगा ताकि प्रभावित परिवारों को राहत राशि मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस संकट की घड़ी में वे स्वयं जनता के साथ खड़े हैं और किसी भी परिवार को अकेला महसूस नहीं होने देंगे।

कुटलैहड़ के तूफानी दौरे के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कई जगहों पर लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि वह जनता के लिए केवल एक विधायक नहीं, बल्कि एक बेटा और भाई बनकर सेवा में लगे हुए हैं। उनका मानना है कि जनप्रतिनिधि का धर्म केवल भाषण देना नहीं, बल्कि आपदा की घड़ी में लोगों के बीच खड़े रहकर काम करना है।

**गगरेट में झुग्गी-झोपड़ी वालों ने किया परिवार का रेस्क्यू**

**गगरेट।** गगरेट क्षेत्र में बीती रात हुई मूसलधार बारिश ने तबाही मचा दी। पुराना अंब रोड स्थित जगन्नाथ मित्तल उर्फ बिल्लू के घर में रात के समय अचानक पानी घुस आया, जिससे पूरे घर का कीमती सामान पानी में डूब गया और लगभग डेढ़ से दो लाख रुपए तक के नुकसान का अनुमान जताया जा रहा है। तेज बारिश के चलते अचानक पानी का स्तर बढ़ा और घर में घुस गया। परिजन उस समय गहरी नींद में थे, लेकिन झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घरवालों को समय रहते बाहर निकाला और रेस्क्यू किया। यदि कुछ और मिनटों की देरी होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस मानवीयता और साहस का क्षेत्रवासी भी सराहना कर रहे हैं। जगन्नाथ मित्तल ने बताया कि टीवी, फ्रीज, बिस्तर, कपड़े, राशन सहित अन्य घरेलू सामग्री पूरी तरह से खराब हो गई है। पानी इतनी तेजी से घर में घुसा कि संभलने का मौका ही नहीं मिला।

उन्होंने प्रशासन से मुआवज़े और त्वरित राहत की मांग की है ताकि परिवार को दोबारा अपने पैरों पर खड़ा किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका पहले भी जलभराव की समस्या से जूझता रहा है, लेकिन अब हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं। बरसात के मौसम में हर साल ऐसे हादसे सामने आते हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

प्रभावित परिवार ने प्रशासन से मौके पर आकर स्थिति का जायजा लेने और उचित सहायता उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई है। क्षेत्रवासियों ने भी प्रशासन से अपील की है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

### गगरेट औद्योगिक क्षेत्र को बारिश ने दिए जख्म



**सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान, घनारी।** रविवार को मूसलाधार बारिश के कारण के कारण औद्योगिक क्षेत्र गगरेट के उद्योगों में काफी मात्रा में नुकसान हो गया, कमल कोरो कंट्रोल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड उद्योग में नाले का पानी ओवरफ्लो तथा सही निकासी न होने की वजह से अंदर पानी घुस गया। पानी के कारण उद्योग के अंदर लगी हुई लाखों रुपए की मशीन ने खराब हो गई। पानी की रफ्तार इतनी तेज थी कि उद्योग के साथ बनाई गई रिटेनिंग वॉल तथा शर्ट को तोड़ती हुई काफी मात्रा में कच्चा माल पानी अपने साथ बहा कर सोमभद्रा नदी में ले गया। उद्योग के मैनेजर संजय सिंह और चेतन सिंह के अनुसार के उद्योग का लगभग एक करोड़ का नुकसान हो गया, उन्होंने उद्योग विभाग से मांग की है कि जो औद्योगिक क्षेत्र के साथ नाला है, उसके दोनों तरफ ऊंची रिटेनिंग दीवारें बनाई जाएं तथा पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए। इस विषय में जिला जॉइंट डायरेक्टर उद्योग विभाग ऊना अंशुल धीमान ने कहा है कि औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में भारी बारिश के कारण नुकसान की जानकारी मिली है अधिकारियों को नुकसान की असेसमेंट करने के आदेश दे दिए गए हैं और उद्योगपतियों को राहत दी जाएगी।

### कीचड़ की गुलामी में जी रहा वार्ड नं. 2 फकीरा

**स्वतंत्रता** प्राप्ति को 75 साल से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन वार्ड नंबर 2 फकीरा की तस्वीर आज भी बदहाल है। बारिश होते ही यह इलाका कीचड़, गंदगी और जलभराव से जूझने लगता है। गलियों में इस कदर कीचड़ है कि लोगों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रधान व प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बच्चों का स्कूल जाना हो या बुजुर्गों का बाहर निकलना–हर कदम मुश्किलों भरा है। एक बुजुर्ग निवासी ने कहा कि हमने आजादी तो देखी, पर असली आजादी तो तब होगी, जब हम इस कीचड़ से निकल पाएंगे। स्थानीय लोगों की मांग है कि वार्ड में जल्द से जल्द उचित रास्ते का निर्माण, नाली सफाई और उचित जल निकासी की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस रोजमर्रा की परेशानी से राहत मिल सके। आज भारी बारिश के चलते जब ये आवादी के सभी रास्ते बंद हो गए तो मौजूदा प्रधान और अंब के एसडीएम मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया और मौजूदा ग्रामीणों से कहा जल्दी ही समस्या का हल हो जाएगा और रास्ते मे पड़ा मलबा जल्दी हटवा दिया जाएगा और रास्ता सुचारु रूप से चालू कर दिया जाएगा।

### कशयारी में पशुशाला की दीवार गिरी, बचे पशु

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल बंगाणा के तहत पंचायत बड़ूही के कशयारी गांव में भारी बारिश ने एक और कहर बरपाया है। गांव निवासी प्रीतम चंद सरपाल की पशुशाला की एक दीवार रविवार सुबह को बारिश के चलते अचानक गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ और पशु भी पूरी तरह सुरक्षित रहे। हादसे के बाद पशुशाला की ओर जाने वाला रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है और मकान को भी खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा नुकसान न हो। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही मूसलधार बारिश से भूमि कमजोर हो चुकी है, जिससे ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है।

## बाढ़ से बचाए 45 कामगार



नंगल सलांगड़ी में बाढ़ में फंसे कामगारों का होम गार्ड और दमकल विभाग ने रेस्क्यू किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

होमगार्ड्स के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने जानकारी दी कि जिले में रविवार को मूसलाधार बारिश के बीच फायर ब्रिगेड विभाग की 5 टीमों ने 11 स्थानों पर रेस्क्यू किया । रेस्क्यू काल ज्यादा आने से बंगाणा से फायर गाड़ी को रेस्क्यू के लिए ऊना की टीम में शामिल किया गया । बचाब दल की टीमों ने नंगल स्लांगडी स्थित हिमटैक्स उद्योग में 45 लोगों का रेस्क्यू कर जान बचाई। अंब फायर ब्रिगेड चौकी की टीम ने गगरेट के उद्योग में हुए जल भराव को समय रहते बाहर निकाला है।

ऊना जिले में आठ स्थानों पर घरों में जल भराव की समस्या पेश आई है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए बरसाती पानी को बाहर किया है। कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने बताया कि हिमटेक्स प्रा लिमिटेड नंगल स्लांगडी में उद्योग में जलभराव होने से 45 कामगार बाढ़ में फंस गए थे जिसे फायर ब्रिगेड टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला है। उन्होंने बताया कि डेरा बाबा रुद्रू आश्रम नारी में, ऊना शहर के वार्ड नंबर 1 में संजय कुमार की दुकान में, जय माता दी पेट्रोल पंप रायसरी में, इसी गांव में राजेश कुमार व सुनील दत्त के घरों में, तयुड़ी में सुभाष चंद के घर में, चलोला में रण बहादुर के घर में, सरजेहड़ा झंबर में हरका दास के घर में बरसाती जल का भराव हो गया था।

वहीं, मूसलाधार बारिश में ही अंब के गांव नकडोह के वार्ड नंबर एक में व गगरेट में तिगाकशा उद्योग में बरसात का पानी भर गया । सभी कॉल्स पर फायर ब्रिगेड टीमों ने मौका पर पहुंचकर पानी को बाहर निकाला है व करोड़ों की संपत्ति को बचाया गया है। बरसाती पानी की निकासी न होने से कई स्थानों पर नाले बंद होने से घरों के अंदर पानी घुसने से खाद्य सामग्री, कपड़े, घरेलू समान खराब हो रहा है, जिससे पीड़ित वर्ग को खासा नुकसान हो रहा है। अग्निशमन केंद्र ऊना के प्रभारी अशोक राणा ने बताया कि जिले में बरसाती मौसम के चलते अलर्ट चल रहा है। जल भराव की सूचनाएं मिलते ही फायर ब्रिगेड टीमें घटना स्थल पर पहुंच रही है और कार्य कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा अशोक पर हमला सोची-समझी साजिश : अजय



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पंजैन गांव स्थित ऐतिहासिक बाबा पहाड़िया मंदिर में हाल ही में हुई हिंसक घटना को लेकर सामाजिक और धार्मिक माहौल में गहरी चिंता फैल गई है। राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन एवं जिला ऊना युवा मोर्चा के महासचिव अजय ठाकुर ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ बाबा अशोक कुमार पर नहीं, बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति और श्रद्धालुओं की आस्था पर हमला है। अजय ठाकुर ने स्पष्ट रूप से इसे एक सुनियोजित साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि यह हमला कुटलैहड़ के शांतिपूर्ण वातावरण को भंग करने की एक गहरी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने पहले मंदिर की रेकी की, फिर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे बंद किए और उसके बाद गद्दी पर बैठे हुए बाबा अशोक कुमार पर हमला किया गया।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ स्थित बंगाणा भाजपा कार्यालय में भारत माता के सच्चे सपूत और एकात्म राष्ट्रवाद के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनके विचारों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के अंत में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पार्टी की वैचारिक मजबूती के लिए आवश्यक हैं। इस मौके पर रणवीर राणा, ज्योति शर्मा, सूरम सिंह, अनिल पटियाल सुदर्शन शर्मा के अलावा अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### व्यवसाई नरेंद्र की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी व समाजसेवी नरेंद्र कपिला बब्बू की माता धर्मवती (90) का रविवार शाम को निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह 11.30 बजे स्वर्गधाम ऊना में किया जाएगा। वह अपने पीछे तीन पुत्र व तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक व धार्मिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया है। सांसद अनुराग ठाकुर, विधायक सतपाल सिंह सत्ती, रोटरी क्लब ऊना के प्रधान यशपाल ठाकुर, हिमोत्कर्ष परिषद के अध्यक्ष जतिंद्र कंवर, इन्नरव्हील क्लब अध्यक्ष शोभा सोनी, व्यापार मंडल प्रदेशाध्यक्ष सुमेश शर्मा, ऊना व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रिंस राजपूत, रघु पुरी, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी, प्रदेश क्रिकेट संघ सदस्य सुरेंद्र शर्मा, संयुक्त व्यापार मंडल के चेयरमैन अश्वनी जैतिक, जनहित मोर्चा के अध्यक्ष राजीव भनोट, हरिओम गुप्ता, नगर परिषद ऊना के पूर्व अध्यक्ष बाबा सरबजोत सिंह बेदी, पुष्पा चौधरी, विनोद पुरी, पवन कपिला, नवदीप कश्यप, जनकराज खजांची, महिंद्र वर्मा, अजय शर्मा सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### सिराज में कल तक पहुंचाई जाएंगी 100 राहत किटें : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रदेश में उत्पन्न हुई आपदा के मद्देनज़र भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने कहा कि पार्टी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ता राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। इस आपदा से मंडी जिले का सिराज क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। कंवर ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से सिराज क्षेत्र में 100 से अधिक राशन किटें भेजी जा रही हैं, जो कल तक वहां पहुंचा दी जाएंगी। इसके साथ ही अन्य राहत सामग्री व सहायता के लिए भी पूरी तैयारी की गई है। कंवर ने कहा कि पूरा प्रदेश इस संकट की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने एसो. के सौजन्य से प्रभावितों को भेजे 100 कंबल



राहत सामग्री के साथ रेडक्रॉस सोसायटी ऊना और मार्जोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन हरोली के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मंडी जिले में हालिया प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना ने मार्जोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन हरोली के सौजन्य से 100 कंबल भेजे हैं। यह राहत सामग्री रविवार को मंडी जिला प्रशासन को प्रेषित की गई, जिससे जरूरतमंद परिवारों को तत्काल राहत मिल सके।

इस मानवीय पहल में मार्जोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह, सचिव नरेश कुमार, सदस्य आशीष, पूर्व सदस्य गिरीधर कृष्णन व सन्नी सूद, संरक्षक संजीव भंडारी और अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय संख्यान उपस्थित रहे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने मार्ज़ोन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में ऐसे सहयोग समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अन्य संस्थाओं और नागरिकों से भी राहत कार्यों में भागीदारी की अपील की है।

## 50 मीटर में मानसी और सलमान बने बेस्ट स्विमर



स्विमिंग प्रशिक्षण हासिल करने वाले प्रतिभागी मुख्य अतिथि के साथ।

अनंत ज्ञान टीम, अंब/ऊना

ऊना जिले के युवाओं को स्विमिंग स्किल की पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब एवं हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित करवाई गई। इसमें ऊना जिले के विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसके समापन समारोह में ड्रैगन वोट एंव ट्रेडीशनल के प्रदेश सचिव रितेश आहलुवालिया ने शिरकत की। रितेश आहलुवालिया ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने का आह्वान किया।

ऊना जिला स्विमिंग एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य रशीद मोहम्मद ने बताया कि ऊना जिले के बच्चों, युवाओं एवं स्विमिंग के 60 खिलाड़ियों के लिए पांच दिवसीय शिविर शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब में चल रहा था। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सलमान मोहम्मद, इशान खान, राजेश, वीर, हर्षित, संजीव, राजीव, वहीं लड़कियों में मानसी राणा, ज्योति, सुषमा, आरती, पलक, पलाक्षा, प्रियंशा, तन्वी, अंजली के बीच हुआ।

इसमें सीनियर 50 मीटर रेस फाइनल में पहुंचने वाले सलमान मोहम्मद इशान खान, मानसी राणा, आरती, जूनियर टीम में वीर, हर्षित मोहम्मद, कंचन, पलाक्षा, प्रियंशा, तन्वी, अंजली में हुआ। फाइनल सीनियर में लड़कियों में मानसी राणा प्रथम, आरती द्वितीय तथा ज्योति तृतीय तथा लड़कों में प्रथम सलमान मोहम्मद तथा इशान खान दुसरा तथा राजीव तीसरे स्थान पर रहे। 50 मीटर मिक्स रेस में सलमान मोहम्मद प्रथम, मानसी राणा द्वितीय तथा इशान खान तृतीय स्थान पर रहे।

25 मीटर जूनियर टीम लड़कों में प्रथम हर्षित मोहम्मद और द्वितीय वीर तृतीय स्थान पर कंचन रहे तथा लड़कियों में प्रथम पलाशा, द्वितीय प्रियंशा, तृतीय तन्वी और चौथे स्थान पर अंजली रही। मुख्यातिथि रिश्ते आहलुवालिया, कोच संदीप कुमार वाटर स्पोर्ट्स सैंटर के चेयरमैन रशीद मोहम्मद सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

## देशव्यापी हड़ताल में 12 संगठन लेंगे हिस्सा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंटक नेता कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि मजदूर विरोधी फैसलों के विरोध में 9 जुलाई को होने जा रही देशव्यापी हड़ताल पर केंद्रीय यूनिट की सामान्य समिति जिसमें इंटक, सीटू, लगभग 12 फेडरेशन जिसमें रेलवे, बैंक, बीमा सभी सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन के पदाधिकारी व कर्मचारी भाग लेंगे। इसमें बीजेपी समर्थक, भारतीय मजदूर संघ, इस हड़ताल में शिरकत नहीं करेंगे, क्योंकि वह भाजपा सरकार के साथ देश के आम मजदूर व कर्मचारियों की मांगों का विरोध करते हैं क्योंकि वे पूंजीपतियों की बात मानकर ही चलते हैं, अब देश के लोग इनकी चालें समझ चुके हैं।

इनके चेहरे पर से नकाब उतर चुके हैं। मोदी सरकार मजदूरों के पक्ष में नहीं है। हिमाचल में मनरेगा, आंगनबाड़ी, आउटसोर्सिंग, ठेकेदारी, व अन्य सभी कर्मचारी हड़ताल में भाग लेंगे। कामरेड जगत राम ने ज्यादा से ज्यादा इस हड़ताल में भाग लेने की लोगों को अपील की है।

**चिंता** धनेत स्कूल में तीन प्रवक्ताओं की कमी को लेकर विधायक विवेक से मिले अभिभावक

## बच्चों की पढ़ाई नहीं होने दी जाएगी बाधित : विवेक



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा लोगों से स्कूल में खाली पदों को लेकर बातचीत करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के धनेत पंचायत की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेत में तीन प्रवक्ताओं के चल खाली पदों को लेकर स्थानीय अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों में चिंता का माहौल बना हुआ था। छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता देख स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने स्कूल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

विधायक विवेक शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों और स्कूल स्टाफ को आश्वस्त करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक प्रवक्ताओं के स्थायी पदों पर नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक वह निजी स्तर पर तीन योग्य प्रवक्ताओं की नियुक्ति करवाएंगे, जिनका वेतन वे स्वयं वहन करेंगे।

विधायक विवेक शर्मा ने यह भी बताया कि वह संबंधित विभागों से इस विषय पर लगातार संपर्क में हैं और जल्द ही नियमित नियुक्तियों की प्रक्रिया को पूर्ण करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि आने वाला समय तभी उज्ज्वल हो सकता है, जब आज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

विधायक विवेक शर्मा की इस पहल की स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने सराहना की। उन्होंने विधायक विवेक शर्मा की दूरदर्शिता और संवेदनशीलता के लिए आभार जताया। अभिभावकों ने कहा कि यह कदम यह दर्शाता है कि विधायक को न केवल विकास कार्यों की चिंता है, बल्कि शिक्षा जैसे मौलिक विषय को भी वह गंभीरता से लेते हैं।

स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी विधायक विवेक शर्मा के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई में आ रही रुकावटें दूर होंगी और पढ़ाई का माहौल बेहतर होगा। वहीं, छात्र-छात्राओं में भी इस फैसले को लेकर उत्साह देखा गया। विधायक विवेक शर्मा की यह पहल न केवल धनेत क्षेत्र के लिए उदाहरण बनेगी, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी जनप्रतिनिधियों को प्रेरणा देगी कि वे शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक योगदान दें। विधायक विवेक शर्मा की यह कार्यशैली उन्हें जनता के बीच लोकप्रियता दिलाने में अहम भूमिका निभा रही है।

## जयपुर के जत्थे ने ध्यूंसर सदाशिव महादेव मंदिर में टेका माथा

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** बाबा अमरनाथ बर्फानी के दर्शनों के लिए 4 जुलाई को 250 यात्रियों का पहला जत्था जयपुर से रवाना हुआ। अमरनाथ बर्फानी यात्रा श्री बर्फानी सेवा समिति जयपुर के बैनर तले 13 दिवसीय यात्रा अमरनाथ के लिए 4 जुलाई को सुबह मोती डंगुरी गणेश मंदिर में माथा टेककर रवाना हुई।

शनिवार को यह जत्था हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के ऐतिहासिक धौमेश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में शाम को पहुंचा। मंदिर में पहुंचने पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र की पंचायत डीहर गांव खड़ोह निवासी विजय शर्मा और मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने यात्रियों का स्वागत किया। सभी यात्रियों के लिए समाजसेवी विजय शर्मा, तरसेम पठानिया और अश्वनी द्वारा उनके खाने-पीने और ठहरने की व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

अमरनाथ यात्रा के संयोजक मोती लाल सैनी और वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि यात्रा जयपुर से 4 जुलाई को रवाना हुई। इससे पहले समाजसेवी विजय शर्मा को संयोजक मोतीलाल सैनी और वीरेंद्र अग्रवाल ने उन्हें सम्मानित किया। यात्रियों का यह जत्था 10 जुलाई को बाबा बर्फानी अमरनाथ पहुंचेगा।



जयपुर से आया जत्था ध्योमेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने के बाद।

# रूपी रैला झरने में सुविधाओं को तरसे सैलानी

## रास्ते व सड़क की हालत खस्ता, जान जोखिम में डालकर पहुंचते हैं पर्यटक

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रूपी रैला वाटर फॉल बेशक देश दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, लेकिन सड़क व रास्ते की खस्ताहालत व अन्य मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण पर्यटकों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं, जिस कारण धीरे-धीरे पर्यटक इस पर्यटन स्थल से मुंह मोड़ रहे हैं। स्थानीय पर्यटन कारोबारियों व लोगों के अनुसार यदि इस पर्यटन स्थल पर सरकार की नजर-ए-इनायत हो जाए तो पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ़ हो रही है। लेकिन सड़क व रास्ते की हालत खराब होने के कारण और पर्यटकों को यहां पर अन्य मूलभूत सुविधाएं न मिलने के कारण अब रूपी रैला वाटर फॉल तक सैलानी नहीं पहुंच पा रहे हैं। जो आते भी हैं उन्हें भी

**2023 और इस बार बादल फटने से आई बाढ़ से भी रास्ते को पहुंचा है नुकसान**



काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं, जिससे पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। मार्ग जहां करीब 11 माह पूर्व आई प्राकृतिक आपदा में 500 मीटर का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ था और 11 माह बीत जाने के बावजूद आम जनता के आग्रह पर प्रशासन ने इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया है। वहीं, अभी हाल ही में भी यहां पर बादल फटने के कारण आई बाढ़ से रास्ते को नुकसान हुआ है। जिस कारण अब पर्यटक यहां नहीं आ पा रहे हैं।

इसका खामियाजा देश-विदेश से घूमने आ रहे पर्यटकों और स्थानीय पर्यटन कारोबारियों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी प्रीतम सिंह सहित अन्य लोगों के अनुसार सैंज घाटी में ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां पर्यटन से युवाओं का अच्छा-खासा कारोबार शुरू हो सकता। असुविधाओं के चलते यह स्थान पूर्ण रूप से उभर नहीं पाए हैं। इन्हीं में से एक रूपी रैला वॉटर फॉल भी है जहां पर पर्यटकों को पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह है कि इस पर्यटन स्थल को विकसित करने की दिशा में उचित कदम उठाए जाएं।

### सरकार विकास करवाने की दिशा में नहीं उठा रही कदम : शौरी

**बंजार** विस क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस वॉटर फॉल को विकसित करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उसके बाद इस पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए एक बहुत बड़ा मास्टर प्लान भी बनाया था, उस पर कार्य शुरू भी कर दिया था। अब कांग्रेस सरकार के समक्ष भी इस वॉटर फॉल सहित अन्य पर्यटन स्थलों को विकसित करने की मांग बार-बार की जा रही है, लेकिन प्रदेश सरकार बंजार विस क्षेत्र में विकास करवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। 2023 में प्राकृतिक आपदा आने के बाद यहां के लिए जाने वाली सड़क पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। रास्ता भी टूट गया है। भाजपा की सरकार जब सत्ता में आएगी उस समय सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे।

# गड़सा घाटी में आज बादल फटने की नहीं कोई घटना : डीसी

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि कुल्लू जिला की गड़सा घाटी में आज बादल फटने की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर आज गड़सा क्षेत्र में बादल फटने की एक पुरानी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे वर्तमान से जोड़कर भ्रम फैलाया जा रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गड़सा में न तो बादल फटने की कोई घटना हुई है और न ही क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई है।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने लोगों से अपील की है कि वे इस प्रकार के भ्रामक और पुराने वीडियो पर भरोसा न करें। किसी भी आपदा या मौसम संबंधी जानकारी के लिए केवल मौसम विभाग और जिला प्रशासन द्वारा जारी की सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि बारिश के मौसम में नदी-नालों के किनारे, बाढ़ और भूस्खलन संभावित स्थानों से दूर रहें। प्रशासन सोशल मीडिया पर फैल रही झूठी सूचनाओं पर नजर रख रहा है।

# पंचकर्म पद्धति से उपचार के लिए करना होगा इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला में अगर आप पंचकर्म पद्धति से अपना उपचार करवाना चाहते हैं तो फिलहाल आपको इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। जिला में मरीजों की संख्या इतनी है कि आगामी अक्तूबर तक कोई तिथि नहीं मिलेगी। ढालपुर स्थित जिला आयुष अस्पताल कुल्लू के अलावा आयुष अस्पताल कटराई में मरीजों को पंचकर्म पद्धति सुविधा मिल रही है। दोनों जगह मरीजों का उपचार पंचकर्म पद्धति से किया जा रहा है। लोगों का पंचकर्म पद्धति की ओर कितना रुझान बढ़ रहा है इस बात का अंदाजा यहां से लगा सकते हैं कि जिला के इन दोनों आयुष अस्पतालों में पंचकर्म पद्धति से उपचार करवाने वालों की संख्या ज्यादा हो रही है।

**उपचार के लिए हो रही एडवांस बुकिंग**

आलम यह है कि एडवांस में बुकिंग चल रही है। इस पद्धति से उपचार करवाने के लिए ढाई से तीन माह की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। लिहाजा, कुल्लू जिला में आयुष की पंचकर्म पद्धति मरीजों के लिए वरदान साबित होने के साथ ही लोगों का इस पद्धति की ओर रुचि लगातार बढ़ रही है। आयुष अस्पताल कटराई में पंचकर्म की सुविधा मिल रही है और मरीज भी पंचकर्म विधि से उपचार करवाने को तरजीह दे रहे हैं। ऐसे में तीन माह तक की एडवांस बुकिंग चल रही है।

### रोजाना पांच से छह मरीजों का हो रहा उपचार

**हालांकि,** आयुष अस्पताल में रोजाना पांच से छह मरीजों का उपचार पंचकर्म विधि से हो रहा है। इस विधि से एक मरीज के उपचार में डेढ़ घंटे तक का समय लग जाता है। वहीं, सात दिनों तक लगातार मरीज को इस विधि से उपचार दिया जाता है। अस्पताल प्रबंधन के पास अभी करीब 70 मरीज पंजीकृत हैं, जिनका उपचार पंचकर्म विधि से होना है।

### सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक बुकिंग

**पंचकर्म** आयुष विभाग के दवा निरीक्षक एवं विशेषज्ञ डॉ. मनीष सूद ने कहा कि अस्पताल में पंचकर्म की विभिन्न विधियों से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण करीब सितंबर माह के अंतिम सप्ताह तक बुकिंग चल रही है। मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन को बुकिंग करनी पड़ रही है।

### पंचकर्म से है बढ़ती रोग प्रतिरोधक क्षमता

**डॉ.** नताशा एसडीएमओ कटराई ने बताया कि आयुष अस्पताल कटराई में पंचकर्म की सुविधा का मरीजों को लाभ मिल रहा है। अस्पताल में नियमित तौर पर पंचकर्म की सेवाएं दी जा रही है। पंचकर्म रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। जोकि काफी ज्यादा लाभदायक है।

### यह हैं पंचकर्म की विधाएं

**पंचकर्म** की कई विधियों से मरीजों के विभिन्न रोगों का उपचार किया जाता है। इनमें स्नेह पान, अभ्यग, वाष्प स्वेदन वमन, विरेचन, अनुवासन वस्ति, निरूह वस्ति, मात्रा वस्ति, चैतरण वस्ति, कटी वस्ति, ग्रीवा वस्ति, शिरो वस्ति, पटोल पत्र स्वेदन, जमदीर पिंड स्वेदन, शिरो धारा, नस्य कर्म, शिरो पिच्छु, तेपन आदि विधाएं पंचकर्म में शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### केलांग आयुष अस्पताल में लगाया नि:शुल्क शिविर



**अनंत ज्ञान, केलांग।** बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के अवतरण दिवस के अवसर पर रविवार को जिला आयुष अस्पताल केलांग में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का डॉ. नोरबू व डॉ. रणधीर मनेपा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य कुंगा बौद्ध ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. मनेपा ने जानकारी दी कि धर्म गुरु दलाई लामा के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर जिला आयुष अस्पताल केलांग में शिविर आयोजित किया गया। जबकि 7 जुलाई सोमवार को पंचायत भवन गोंधला में एक्युपंक्चर और कुप्पिंग पर नि:शुल्क शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस निशुल्क शिविर में ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की है। वहीं, उन्होंने बताया कि केलांग में आयोजित शिविर में भारी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

### नए क्षेत्र में मिले इलेक्ट्रिक ऑटो को अनुमति

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू जिला में इलेक्ट्रिक रिक्शा की परमिशन को लेकर ऑटो चालकों में विरोध है उनका कहना है कि कुल्लू जिला में पहले ही 1000 से अधिक लोग ऑटो रिक्शा चला कर अपनी रोजी-रोटी कमा रहे है। तो वहीं कुल्लू शहर में ही 350 ऑटो चालक है ऐसे में उन्होंने आरटीओ के माध्यम से प्रदेश सरकार से यह मांग रखी है कि इलेक्ट्रिक ऑटो की परमिशन से उन्हें कोई एतराज नहीं है। वह बस इतना चाहते है। जहां पर ऑटो की परमिशन नहीं है। वहां पर नए क्षेत्र में इलेक्ट्रिक ऑटो की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि बंजार, सैंज, मणिकर्ण, जरी, कसोल, ओट, थलौट ऐसी जगह है। जहां पर पर्यटक भी आते है। और स्थानीय लोगों को भी अपने घरों के लिए बसों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में इन जगह पर युवाओं को इलेक्ट्रिक ऑटो की परमिशन दी जा सकती है। इससे ऑटो रिक्शा यूनियन को भी कोई एतराज नहीं है और न ही इलेक्ट्रिक ऑटो से उन्हें कोई परेशानी है।

### 'हमारी प्रकृति हमारी धरोहर' के तहत की सफाई

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** प्रकृति को अपनी धरोहर मानते हुए नग्गर घाटी के युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक सराहनीय पहल की है। घाटी के प्रसिद्ध बागवान टीकम राम के आह्वान पर, क्षेत्र के कई नौजवानों ने नग्गर के साथ लगते जंगलों और नशाला चामुंडा माता के प्रांगण में 'हमारी प्रकृति हमारी धरोहर' कार्यक्रम के तहत एक विशाल सफाई अभियान चलाया। यह अभियान ऐसे समय में चलाया गया है जब हिमाचल प्रदेश पिछले कुछ वर्षों से लगातार प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है, जिसने घाटी के अस्तित्व पर सवालिया निशान लगा दिया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, प्रकृति को संरक्षित रखना अब और भी अधिक आवश्यक हो गया है। युवाओं के इस प्रयास को वरिष्ठ नागरिकों रोशन लाल और प्रेम सिंह ने भी खूब सराहा। इस अभियान में शामिल सभी लोगों ने घाटी की प्रबुद्ध जनता से प्रकृति को संरक्षित करने और इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने की भावुक अपील की है। यह अभियान दर्शाता है कि कैसे सामूहिक प्रयासों से हम अपनी प्राकृतिक विरासत को बचा सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।



# काईस से कोटाधार सड़क की हालत खस्ता, विभाग नहीं गंभीर

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** काईस से कोटाधार साढ़े आठ किलोमीटर सड़क की हालत बेहद खस्ता है। आलम यह है कि बजट के बावजूद सड़क मरम्मत का कार्य नहीं हो रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में विभाग के प्रति भारी रोष है। सड़क में जगह-जगह पड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं।

बीडीसी सदस्य खेख राम ने बताया कि 2023 में भी इस सड़क के रखरखाव हेतू बजट का प्रावधान किया गया था लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण पैसा वापस चला गया और बाद में बाढ़ आने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी 52 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग अभी भी कुंभकर्णी नींद पर सोया है। खेख राम ने बताया कि बीते दिन स्थानीय लोग लोक निर्माण विभाग के



बीडीसी सदस्य खेख राम अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन देते हुए।

अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा से मिले और जल्द कार्य शुरू करने का आग्रह भी किया। उन्होंने हैरानी जताई कि विभाग टेंडर होने के बावजूद भी कार्य नहीं कर रहा है।

गौर रहे कि आज कल घाटी में फल व सब्जियों का सीजन चला हुआ है । किसानों और बागवानों को अपनी नकदी फसल को मंडियों में लाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विभाग को प्री मानसून से पहले ही इस सड़क का कार्य करवाना चाहिए था।

विभाग के सुस्त रवैया होने के कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि विभाग के इस सुस्त रवैये और लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग को चेताया है कि यदि विभाग समय रहते इस सड़क की मरम्मत नहीं करवाता है तो लोग सड़कों पर उतर जाएंगे जिस का जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग होगा।

लोगों ने इस बजट प्रावधान के लिए स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य का आभार प्रकट किया है। साथ ही सरकार व लोनिवि मंत्री से विभाग को शीघ्र सड़क मरम्मत का कार्य शुरू करने के निर्देश देने का भी आग्रह किया है। स्थानीय निवासी प्रेम चंद, लाल चंद शर्मा, संजीव और मेहर चंद ने बताया कि यदि समय रहते ठेकेदार कार्य नहीं करता है तो अन्य ठेकेदार को यह कार्य सौंपा जाना चाहिए।

ठेकेदार द्वारा कार्य विलंब होने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कार्य विलंब की सूरत में ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

> कार्य ठेकेदार को दिया जा चुका है। हाल ही में आई बाढ़ के कारण प्लांट तक जाने की सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ठेकेदार को कार्य शुरू करने का नोटिस जारी किया जा चुका है। यदि ठेकेदार कार्य करने में विलंब करता है तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोनिवि कटराईं डिवीजन।**

# हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसो. के विजय ठाकुर बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली से संबंध रखने वाले विजय ठाकुर को हिमाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष की कमान मिली है। उनकी इस ताजपोशी पर जिला जिला कुल्लू बैडमिंटन एसोसिएशन ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसी सिलसिले में कुल्लू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा कटराईं के होटल शुभम में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान कुल्लू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार ने विजय ठाकुर को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर की और उम्मीद जताई है कि विजय ठाकुर की अध्यक्षता में प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन निरंतर ऊंचाईयों की ओर अग्रसर होगा।



विजय ठाकुर का स्वागत करते बैडमिंटन एसोसिएशन के पदाधिकारी।

अपने संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष विजय ठाकुर ने कुल्लू बैडमिंटन एसोसिएशन के सभी सदस्यों का उनके स्वागत और सम्मान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसो. के अध्यक्ष राकेश कुमार ,कोषाध्यक्ष नीरज उपाध्याय, सचिव जितेंद्र, सदस्य रानू अवस्थी, मंगत राम सहित सदस्य उपस्थित रहे ।

# आपदा प्रभावितों के साथ है प्रदेश सरकार : पटियाल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू ।** प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री इंदु पटियाल ने कहा कि 2023 के बाद हिमाचल प्रदेश एक बार फिर आपदा की त्रासदी से जूझ रहा है। आपदा की इस



घड़ी में प्रदेश सरकार प्रभावितों का दुख दर्द बांटने के साथ राहत एवं पुनर्वास कार्यक्रम में युद्धस्तर पर प्रयासरत है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि हिमाचल प्रवास पर चार दिन रुकने के बावजूद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावितों की सुध लेना भी सही नहीं समझा।

उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा हिमाचल के होने के बावजूद यहां की जनता का दु:ख बांटने नहीं पहुंचे और आपदा क्षेत्र से नदारद पाए गए। उन्होंने कहा कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी न ही भाजपा का कोई सांसद ही जनता के मध्य पहुंचा। उन्होंने कहा कि जनता जिन्हें बहुमत से चुनती है उनका यह प्रथम कर्तव्य बनता है कि किसी भी मुसीबत में जनता के सहयोग हेतु साथ, संग खड़े रहें। उन्होंने कहा कि दु:ख की घड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विक्रमादित्य सिंह, जयराम ठाकुर जनसहयोग को बखूबी निभा रहे हैं।

# दलाई लामा के जन्मदिवस पर विद्यार्थी किए पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के बटाहर बिहाल स्थित हिमालयन बौद्ध संस्कृति विद्यालय में रविवार को बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा का जन्म उत्सव करुणा दिवस के रूप में मनाया गया।

विद्यालय प्राचार्या पलकी ठाकुर समेत सभी सहभागियों ने बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के दीर्घ जीवन हेतु विशेष पूजा प्रार्थना की। इस अवसर पर शांति करुणा तथा अहिंसा समेत सभी मानवीय मूल्य को अपनाने एवं अपनी पूजा पद्धति को मानते हुए अन्य सभी उपासना पद्धतियों को सम्मान देने का संकल्प लिया गया।



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रसिद्ध पर्यावरणविद किशन लाल

सहभागियों ने तिब्बत समस्या के शीघ्र समाधान तथा प्राचीन नालंदा परंपरा में निहित ज्ञान विज्ञान को प्रचारित प्रसारित और प्रकाशित करने पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय का वार्षिक को उत्सव भी मनाया गया, जिसमें मुख्यातिथि तथा सरसेई ग्राम पंचायत की प्रधान सरला देवी, प्रख्यात पर्यावरणविद् किशन चंद, तिब्बत देश के संपादक प्रोफेसर श्यामनाथ मिश्रा, डॉ. नीलचंद, जंस्कर लद्दाख समिति के प्रधान रमेश, काईस गोंपा के खेंपो तन्जिन नवांग तथा खम्पा सोसाइटी मनाली के प्रधान विजय नर्सरी से कक्षा दशवीं तक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए ।

पनगां गोपा की भिक्षुणियां विभिन्न गोंपा की लामागण तथा कैलाश बौद्धि विद्यालय मनाली के प्रधानाचार्य तीर्था घीसिंग सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# देवताओं की विदाई के साथ संपन्न हुआ कुंगश मेला

**अनंत ज्ञान, आनी**

कुंगश में आयोजित पारंपरिक बीस आषाढ़ मेले के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक लोकेंद्र कुमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा।



मेले के समापन अवसर पर विधायक लोकेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं के साथ वादा खिलाफी कर केवल कुछ चुनिंदा महिलाओं को 1500 की राशि देकर अपने चुनावी वादे की पूर्ति का दिखावा किया है, जबकि हकीकत में यह योजना न तो व्यापक है और न ही न्यायसंगत। विधायक ने कहा कि यह जनता की आंखों में धूल झोंकने के समान है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार सत्ता में आते ही जमीनी स्तर पर ठोस कार्य करेगी। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने कुंगश क्षेत्र के किसानों की सुविधा के लिए पौने सात करोड़ रुपये की उठाऊ सिंचाई योजना स्वीकृत की थी, जिससे बंजर भूमि को उपजाऊ बनाया जाना था, लेकिन कांग्रेस सरकार अपने ढाई साल के कार्यकाल में भी इसे पूरा नहीं कर पाई।

### मेला कमेटी को 1 लाख रुपए की घोषणा

**विधायक** लोकेंद्र कुमार ने कहा कि भाजपा ही क्षेत्र के वास्तविक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भाजपा की सरकार बनते ही कुंगश क्षेत्र में युवाओं के लिए आईटीआई खोली जाएगी, जिससे उन्हें तकनीकी शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर विधायक ने मेला कमेटी को 1 लाख रुपए और मेले में भाग लेने वाले सभी 15 महिला मंडलों को 20-20 हजार रुपए देने की घोषणा की, जिससे समारोह स्थल पर उत्साह का माहौल बन गया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. राजेश राणा ने मेला कमेटी को 21,000, जबकि समाजसेवी मूल चंद बिष्ट ने भी 21,000 की राशि भेंट की। पूर्व एपीएमसी चेयरमैन अमर ठाकुर ने क्षेत्रवासियों को मेले की शुभकामनाएं दीं और सभी का आभार जताया। समापन समारोह में महिला मंडलों और स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मेले को यादगार बना दिया। समारोह में विधायक लोकेंद्र कुमार, पूर्व एपीएमसी चेयरमैन अमर ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, डॉ. राजेश राणा, मेला कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर, सुनील वर्मा सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# सीएम सुक्खू विधायकों व मंत्रियों पर कसें नकेल : भारद्वाज

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस सरकार के मंत्री व विधायक सत्ता के नशे में चूर होकर कानून को अपने हाथों में ले रहे हैं, जिस कारण लोगों के दिलों से कानून का भय खत्म हो रहा है। यह बात कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कही।

उन्होंने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश के एक कैबिनेट मंत्री पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ मारपीट के आरोप लगे हैं, तो वहीं, बिलासपुर जिला में पूर्व विधायक द्वारा पुलिस अधिकारी से धक्का-मुक्की करने का मामला भी उजागर हुआ था।

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पार्टी पदाधिकारियों, विधायकों, मंत्रियों पर नकेल कसने की बात भी कही है। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा है कि अगर कोई अधिकारी ठीक काम नहीं कर रहा है तो उसके विरुद्ध नियमों अनुसार कार्रवाई करने का प्रावधान है।

**विडबंना** | **10 जुलाई से होगी यात्रा शुरू, अधर में रास्तों के मरम्मत कार्य**

# श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए रास्तों की हालत खस्ता

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** उत्तरी भारत की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव यात्रा शुरू होने में अब महज़ 3 दिन शेष हैं। लेकिन 35 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के रास्ते अभी पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। खासकर निरमंड उपमंडल में जाओं से सिंहगाड बेस कैंप होते हुए ब्राहटी नाला तक का करीब 24 किलोमीटर लंबा ट्रैक पिछले वर्ष बादल फटने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसमें कई जगह अभी भी यात्रियों को खतरा बना हुआ है।

सनद रहे कि गत वर्ष बादल फटने के बाद बने गहरे खड्डु, टूटा हुआ रास्ता और जर्जर पुल श्रद्धालुओं की जान को जोखिम में डाल सकते हैं। भीम डवारी और पार्वती बाग के बीच के रास्ते में तो नई पुलिया की जरूरत है, वहीं भीम डवारी के पास बाढ़ से बनी कई




मीटर गहरी खाई पर नया रास्ता और वैकल्पिक पुल लगाना अनिवार्य हो चुका है। ब्राहटी नाला के पास भी ट्रैक बेहद खतरनाक हाल में है, जहां जरा सी चूक भारी हादसे का सबब बन सकती है।

### समय रहते शुरू नहीं किया मरम्मत कार्य

**पिछले** साल 31 जुलाई की रात बादल फटने की घटना से यात्रा मार्ग को भारी नुकसान पहुंचा था। लोगों का कहना है कि अब तक मरम्मत का काम पूरा नहीं हो पाया है। हैरानी इस बात है कि बीते कई दशकों से लगातार होने वाली यात्रा को लेकर श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट एवं जिला प्रशासन ने तैयारियां समय रहते पूरी नहीं की, बल्कि इसे एक रूटीन में किया गया है। श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट और प्रशासन दावा कर रहे हैं कि 10 जुलाई से पहले रास्तों को ठीक कर लिया जाएगा, लेकिन जमीन पर हालात अलग ही कहानी कह रहे हैं। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की चिंता जायज़ है कि जो काम सालभर में न हो सका, वो 4 दिनों में कैसे होगा?

### कई जगहों पर हैं बेहद तंग रास्ते

**आधिकारिक** तौर पर यात्रा शुरू होने के एक महीना पहले ही श्रीखंड यात्रा से दर्शन कर लौट आये यात्री पूर्ण चंद का कहना है कि वे भोले के भक्त हैं और 17 बार श्रीखंड यात्रा सकुशल पूरी करने के अलावा केदारनाथ, अमरनाथ आदि की यात्रा भी की है। लेकिन श्रीखंड की यात्रा इसके रास्तों के कारण ही बेहद कठिन और खतरनाक है। इस यात्रा पर इस बार रास्ते इतने संकरे और खतरनाक हैं कि उतराई में आने वाले और चढ़ाई में चढ़ रहे यात्रियों को एक साथ गुजरने में दिक्कत आएगी। जिन्हें समय रहते सुधारने की जरूरत थी।

### हर साल कई लोग गंवा देते हैं जान

**गौरतलब** है कि हर साल इस कठिन यात्रा में खतरनाक रास्तों, ऑक्सीजन की कमी और अत्यधिक ठंड के कारण कई यात्री अपनी जान गंवाते हैं। आंकड़ों के अनुसार अब तक 42 मौतें हो चुकी हैं, जबकि गत वर्ष ही 5 यात्रियों की मौत श्रीखंड यात्रा के दौरान हुई थी। ऐसे में अधूरी तैयारियां और क्षतिग्रस्त रास्ते बड़े हादसों को न्योता दे सकते हैं। प्रशासन, ट्रस्ट और सरकार को इस ओर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।

### यात्रा के रास्तों की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा : एसडीएम

**निरमंड** के एसडीएम मनमोहन सिंह ने बताया कि श्रीखंड यात्रा के रास्तों की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। यात्रा शुरू होने से पहले इसे पूरा भी कर लिया जाएगा। यात्रियों से अपील की है कि केवल मेडिकली फिट व्यक्ति ही बेस कैंप में पंजीकरण के बाद यात्रा पर निकलें।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने करवाया चेकअप



गुरुद्वारा साहिब भुंतर में आयोजित शिविर के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

गुरुद्वारा साहिब भुंतर में रविवार को नाड़ी परीक्षण व पंचकर्म थेरेपी और नेत्र जांच का निशुल्क शिविर आयोजित किया।

यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर रोटरी आई अस्पताल हाट-बजौरा, गांधीनगर व हिमालयन होलीस्टिक हेल्थ सेंटर तथा भुंतर सुधार समिति के संयुक्त सौजन्य से गुरुद्वारा साहिब भुंतर में लगाया गया।

शिविर का 200 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। आंखों की निशुल्क जांच के साथ लोगों ड्रॉप्स भी दी। वहीं साथ ही उचित दाम पर चश्मे भी उपलब्ध करवाए। भुंतर सुधार सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व रोटरी क्लब के चेयरमन इंदीवर मेहता ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सभी सदस्यों, डॉक्टर व कैंप में योगदान करने वाली दोनों संस्थाओं सहित गुरद्वारा साहिब भुंतर कमेटी का आभार जताया।

शिविर में हिमालयन होलीस्टिक हेल्थ सेंटर केयर सर्विस डॉ. आकांक्षा शर्मा आयुर्वेदा, अनीता वालिया, केदार व सेंटर सुपरी वाइजर, महिमन चंद्र, रोटरी क्लब आई अस्पताल हाट-बजौरा गांधीनगर कुल्लू से नवीन टेक्निशियन आदि सहित सभी सदस्यों उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान 15 तक करवाएं फसल का बीमा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में फसलों का बीमा करवाने के लिए पुर्नोत्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना क्रियान्वित की जा रही है। मक्की व धान की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। यह जानकारी कृषि उप निदेशक सोलन देव राज कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि टमाटर की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। देव राज कश्यप ने कहा कि इच्छुक किसान फसलों का बीमा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। किसान अपनी जमाबंदी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, बिजाई प्रमाण पत्र आदि लेकर लोकमित्र केन्द्रों में जा कर बीमा करवा सकते हैं। किसान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं। उप निदेशक ने कहा कि मक्की व धान की फसल के लिए 60 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। मक्की तथा धान की फसल का बीमा करवाने के लिए किसानों को 96 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि टमाटर की फसल के लिए 02 लाख रुपए प्रति हैक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को टमाटर की फसल के लिए 800 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि ऋणी किसानों के लिए यह योजना ऐच्छिक की गई है। उपनिदेशक ने आग्रह किया कि किसान अपनी मक्की, धान व टमाटर की फसल का बीमा करवाएं ताकि फसलों का नुकसान होने की स्थिति में उन्हें कृषि बीमा कम्पनियों से मुआवज़ा मिल सके।

### भाजपा ने करसोग के लिए भेजी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, सोलन।** मंडी जिला सहित अनेक जिलों में आई आपदा के बाद भाजपा राहत सामग्री पहुंचाने में जुटी है। सोलन भाजपा द्वारा सोलन से कम्बलों व तिरपाल की दूसरी गाड़ी करसोग के लिए भेजी गई है ताकि पीड़ित मानवता की सेवा इस आपात स्थिति में हो सके। सोलन एम्पावरमेंट एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश कश्यप ने बताया कि आपदा के बाद भाजपा राहत सामग्री पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि कम्बल व तिरपाल की दूसरी गाड़ी करसोग के लिए भेजी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही राशन किट की एक और गाड़ी भी भेजी जाएगी। ताकि इस आपदा की घड़ी में कोई भूखा ना रहे। डॉ राजेश ने कहा कि मानव सेवा परमो धर्म की सोच लेकर मंडी के करसोग में बाढ़ और बादल फटने से प्रभावित लोगों के लिए 200 कंबल और 24 टेंट भेजे हैं। इससे पहले, कल थुनाग क्षेत्र के पीड़ितों के लिए 300 कंबल और 24 टेंट भेजे गए थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर सभी पीड़ितों की रक्षा करें।

### अमूल्य जीवन बचाने में रक्तदान सहायक : संजय



**अनंत ज्ञान, सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जो जरूरतमंदों के लिए एक सच्चा उपहार है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट में संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करने के उपरांत जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि रक्तदाता द्वारा दिए गए रक्त से हर दिन सभी उम्र के लोगों के जीवन की रक्षा करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा रक्तदान जहां एक अमूल्य जीवन को बचाने में सहायक है वहीं स्वयं व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। विधायक ने कहा कि मिशन के माध्यम से वर्ष 1987 से लेकर अभी तक 9000 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है जिसमें 14 लाख लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। इसके लिए संत निरंकारी मिशन दाड़लाघाट संस्था को 11 हजार रुपए व संस्थान में 10 सोलर लाइट्स लगवाने की घोषणा की। विधायक ने इस अवसर पर जनसमस्याएं भी सुनी।

### आंगनबाड़ी के पदों के लिए साक्षात्कार 5 अगस्त से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बाल विकास परियोजना सोलन के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की भर्ती के लिए साक्षात्कार 5 व 6 अगस्त, 2025 को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन कविता गौतम ने दी। कविता गौतम ने कहा कि आंगनवाड़ी वृत्त सोलन ग्रामीण की ग्राम पंचायत सलोगड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र सलोगड़ा ग्रामीण, आंगनबाड़ी वृत्त सोलन ग्रामीण की ग्राम पंचायत बसाल के आंगनबाड़ी केंद्र बावरा तथा आंगनबाड़ी वृत्त सोलन अर्बन के नगर निगम सोलन के आंगनबाड़ी केंद्र सोलन गांव में एक-एक पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का भरा जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 5 अगस्त को बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। आंगनबाड़ी वृत्त गम्बरपुर की ग्राम पंचायत जाडली के आंगनबाड़ी केंद्र कल्याणा, आंगनबाड़ी केंद्र भरोल, रोड़कोटी, घलियाणा, हिम्मतपुर तथा दाउंसी में एक-एक पद सहायिका का भरा जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 05 अगस्त, 2025 को बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र कोठी देवरा, गलानग, कोठों, कालूही, ऊंचा गांव, अम्बाकोटी, बड़ोल तथा सेर बनेड़ा में एक-एक पद आंगनबाड़ी सहायिका का भरा जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार 06 अगस्त को होंगे। आवेदनकर्ता इन पदों के लिए 30 जुलाई तक बाल विकास परियोजना अधिकारी सोलन के कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### विद्यासागर बने पच्छाद आदर्श संस्था के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सराहां।** आदर्श संस्था का पच्छाद इकाई का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से विद्यासागर अग्रवाल को पच्छाद आदर्श संस्था का अध्यक्ष चुना गया। तारा दत्त शर्मा व भूपेंद्र भंडारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। रविंद्र ठाकुर व शिवम गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया। यह चुनाव आदर्श संस्था के प्रदेश प्रेस सचिव व पच्छाद के प्रभारी देवराज शर्मा की अध्यक्षता में करवाए गए। इसके अलावा देवांशु शर्मा को आदर्श संस्था का पच्छाद इकाई का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। सुखचैन सिंह को डिंगर किन्नर, लाना बांका व धार टिक्करी पंचायत का प्रभारी बनाया गया। जबकि रीना ठाकुर को बागथन,डिंगर किन्नर व लाना बांका पंचायत का प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा सुनील शर्मा व सोम ठाकुर को पच्छाद इकाई का महासचिव,धर्मपाल शर्मा को सचिव, रिषभ शर्मा व कार्तिक सहसचिव,रविंद्र ठाकुर व रामलाल,शर्मा को मुख्य सलाहकार बनाया गया। क्षमा दत शर्मा, जगमोहन सिंह व सुरेंद्र पुंडीर को सलाहकार बनाया गया। इसके अलवा सुनील शर्मा, कुणाल, गर्ग,राकेश शर्मा, अक्षित मित्तल व चंद्रदेव कटौच को सदस्य बनाया गया।

# सपरून में मिलेगी पार्किंग की सुविधा

## फुटपाथ और वाटर टैंक का भी होगा निर्माण, 50 लाख रुपए होंगे खर्च

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** नगर निगम सोलन जल्द ही वार्ड 13 और 14 में पार्किंग और फुटपाथ की सुविधा प्रदान करने वाला है। शहर के सपरून में वार्ड 14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगी। यहां पर तेजी से जमीन की लेवलिंग का कार्य चल रहा है। यहां फोरलेन निर्माण के बाद बची जमीन को प्रशासन ने नगर निगम को विकास कार्यों के लिए स्थानांतरण किया है। इसमें यहां पर जल्द ही 25 30 गाड़ियों की पार्किंग सुविधा मिल जाएगी।

पार्किंग बनने से वार्ड 13 और 14 के वाहन चालकों को पार्किंग की पर्याप्त सुविधा मिलेगी। साथ ही सोलन आने वाले वाहन मालिक भी सपरून में अपने वाहन पार्क कर सकेंगे।

इतना ही नहीं साइल टेस्टिंग के बाद यहां वाटर स्टोरेज टैंक भी बनेगा। दोनों वार्डों में पानी की समस्या को देखते हुए यहां पर एक ऑस्ट्रेलियाई तकनीक से वॉटर टैंक का भी निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भूमि सुधार का कार्यक्रम चल रहा है। वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण में 15 लाख रुपए खर्च होंगे। सपरून में पहले ही फुटपाथ का निर्माण चल रहा है। इस कार्य में वॉटर पाइपलाइन आड़े आ रही थी लेकिन अब वाटर लाइन को शिफ्ट कर दिया गया है।



सपरून में विकास कार्यों का निरीक्षण करते पार्षद राजीव कौड़ा।

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

**सपरून** में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसाइटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड-1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है तो लोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी।

### सामाजिक संस्थाओं ने प्रमुखता से उठाया मुद्दा

**सामाजिक** संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण की योजना सिरे चढ़ी। कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था जिससे हाईकोर्ट के आदेश से हटाया गया है।

> सपरून में फुटपाथ निर्माण में आड़े आई पेयजल पाइपलाइन को शिफ्ट किया जा चुका है। अब फुटपाथ और पार्किंग निर्माण में तेजी आएगी। कोशिश रहेगी की फुटपाथ का निर्माण जल्द पूरा हो, ताकि स्थानीय लोगों को पैदल चलने की सुगमता होगी।
>
> **-राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

# संगठनात्मक तौर पर हर कार्यकर्ता को बनना है रोल मॉडल : बिंदल



सिरमौर पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** तीसरी बार भाजपा की प्रदेश कमान संभालने के बाद डॉ. राजीव बिंदल शनिवार को अपने गृह जिला सिरमौर के जिला कार्यालय दीप कमल पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गृह जिला पहुंचने पर जिला भाजपाइयों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### आपदा पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

इस अवसर पर पांवटा साहिब के विधायक एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, पच्छाद विधायक रीना कश्यप, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बलदेव तोमर, प्रदेश भाजपा सचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य मनीष चौहान, जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं प्रदेशअधक्ष डॉ. राजीव बिंदल के द्वारा राशन के रूप में राहत सामग्री के वाहन को भी रवानगी दी गई। कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचारप्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल ने कहा कि संगठनात्मक तौर पर जिले के हर कार्यकर्ता को रोल मॉडल बनना है। यही नहीं, आने वाले पंचायती राज चुनाव और 2027 के लिए अभी से ही तैयारी में जुट जाना है। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

डॉ. बिंदल ने कहा, 'यह हमारा सौभाग्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे अनुभवी और कुशल संगठक हमें मार्गदर्शन दे रहे हैं। भाजपा ने संगठन को और मजबूत किया है और हमें उनसे निरंतर प्रेरणा मिलती है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाना है।

# जनता का पैसा अपने मित्रों पर लुटा रही सुक्खू सरकार : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश की जनता का पैसा अपने मित्रों पर लूटा रहे हैं। रावत ने बताया कि पिछले कल प्रदेश सरकार ने निगमों एवं बोर्डों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों के वेतन भत्ते में भारी भरकम बढ़ोतरी कर पहले निगमों एवं बोर्डो के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को तीस हजार रुपए वेतन मिलता था लेकिन पिछले कल प्रदेश सरकार ने इनके वेतन भत्ते में 50 हजार रुपए की बढ़ोतरी की है। अब इनको वेतन के रूप में प्रति महा 80 हजार रुपए मिलेगा। आवास भत्ता प्रति महा 25 हजार रुपए अलग से मिलेगा इतना ही नहीं दैनिक भत्ता राज्य के भीतर 250 रुपए एवं राज्य के बाहर 400 प्रतिदिन के हिसाब से मिलेगा सत्कार भत्ता 3500 रुपए टेलीफोन भत्ता 9000 रुपए अलग से मिलेगा।

सरकार की अर्थव्यवस्था आईसीयू में पड़ी है जिसको लोन के इंजेक्शन से जिंदा रखा जा रहा है लेकिन सरकार जनता का पैसा अपने मित्रों पर बहा रहे हैं।

# संस्कृत भविष्य के लिए आवश्यक : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की**



शिक्षका को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि संस्कृत जहां सभी भारतीय भाषाओं की जननी है वहीं सनातन जीवन परंपरा का पूर्णसार की जानकारी हमें मूल रूप से संस्कृत से ही मिलती है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथालग में राज्य स्तरीय हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के त्रैवार्षिक अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा के पठन-पाठन से मनुष्य की मनोवृत्ति में शुद्धता और स्वच्छता का संचार होता है।

संजय अवस्थी ने कहा कि संस्कृत भाषा पढ़ाने वाले शिक्षक न केवल भाषा का ज्ञान देते हैं बल्कि भाषा के संरक्षण का कार्य भी करते हैं। उन्होंने बताय कि संस्कृत भविष्य के लिए आवश्यक है। वहीं युवाओं को नशे से दूर रखने में संस्कृत भाषा अहम भूमिका निभा सकती है।

संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच है कि वहीं समाज आगे बढ़ता है जो समाज शिक्षित होता है। डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना भी ऐसी ही एक योजना है।

इस योजना के तहत एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं परिषद को 21 हजार देने की घोषणा की। विधायक ने जन समस्याएं भी सुनी।

# बाप-बेटे पर मारपीट और धमकी का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट थाने में मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता मोहिंद्र लाल शर्मा पुत्र रूपलाल शर्मा गांव बढ़यार (चाखड़) ने आरोप लगाया है कि सोहन लाल और उनके बेटे लक्ष्य ने उनके साथ मारपीट और धमकी दी।

शिकायतकर्ता अर्की से घर वापस आया और अपनी गाड़ी एचपी-11-9477 को घर के पास खड़ी की। सोहन लाल और उनके बेटे लक्ष्य ने उसका रास्ता रोका और गाली-गलौज करने लगे। जब शिकायतकर्ता ने बचकर घर जाने की कोशिश की, तो दोनों बाप-बेटा ने उसे धक्का-मुक्की करने लगे। इस मामले में थाना दाड़लाघाट में एफआईआर की गई है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रहा है।

# नकली दवा की आपूर्ति करने वाले रैकेट का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दवा नियंत्रण प्रशासन, हिमाचल प्रदेश तथा केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के अधिकारियों द्वारा एक संयुक्त छापेमारी में नकली सक्रिय औषधि घटकों (एपीआईएस) की आपूर्ति करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है।

विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, निरीक्षण टीम ने सिरमौर जिला के पांवटा साहिब बस स्टैंड के पास स्थित एक परिसर में अचानक छापा मारा। यह परिसर थोक दवा व्यापार के लिए 25 दिसम्बर, 2028 तक वैध लाइसेंस प्राप्त है। यहां से दो प्रकार के एपीआईएस थायोकॉल्चीकोसाइड और एजिथ्रोमाइसिन, जो नकली होने के संदेह में हैं, की बरामदगी की गई। दवा नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर ने कहा कि जब्त की गई दवा जो आमतौर पर सूजन और मांसपेशियों की ऐंठन में प्रयुक्त होती है। एजिथ्रोमाइसिन, जो एक व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली एंटीबायोटिक है। उक्त दवाओं के लिए संबंधित परिसर का लाइसेंसधारी एवं मालिक कोई खरीद रसीद प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके चलते टीम ने उन्हें हिरासत में लिया गया।



दवाई की जांच करते अधिकारी।

प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि इन नकली एपीआईएस की आपूर्ति उत्तराखंड से की जा रही थी, जहां से दो और गिरफ्तारियां की गई हैं। डॉ. कपूर ने कहा कि संबंधित लाइसेंसिंग अथॉरिटी एवं औषधि निरीक्षक व जांच को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल सोलन पार्टी कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया है। वहीं शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अक्षय भरमौरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं आपदा में जान गवाने वाले दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन रखा।

# सुक्खू सरकार आम जनता पर बरपा रही कहर : मेला राम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों भारी बरसात के चलते बादल फटने और भूस्खलन के कारण त्राहिमाम मची है और सरकार राहत और बचाव के नाम पर आर्थिक दिवालिया के चलते कुछ भी नहीं कर पा रही है ।



प्रदेश की सुक्खू सरकार पर आर्थिक दिवालियापन का आरोप लगाते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने बताया कि आसमान में इंद्र और हिमाचल की धरती पर सुखविंद्र आम जनता पर कहर ढा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई सालों के दौरान पूरे प्रदेश में भारी बरसात से जान माल की अभूतपूर्व क्षति हुई है परंतु सरकार की ओर से राहत के नाम पर प्रभावितों को ठेंगा दिखाया जा रहा है ।

जिला प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में बरसात के कारण पक्की सड़कें खराब हो चुकी है और बादल फटने से भूस्खलन के कारण परिवहन व्यवस्था चरमरा गई है परंतु प्रदेश सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है और आम जनता में त्राहि त्राहि मची है।

# पुलिस ने दो मामलों में 10 लीटर शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर पुलिस द्वारा नशा व शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पांवटा ब्लॉक के गांव में एक व्यक्ति के कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

एसपी एनएस नेगी ने बताया कि प्रभारी पुलिस थाना पुरुवाला सूचना मिली कि हेमराज निवासी नारीवाला, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर अपने घर के साथ ही जंगल में जाने वाले रास्ता पर अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। पुलिस ने सुचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब बरामद करने में सफलता पाई। एसपी ने बताया कि एक अन्य मामले में जारी है।

इसी तरह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रामा नंद निवासी गांव निहालगढ़ तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर के घर से 5 लीटर अवैध शराब बरामद की है। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# दून और नालागढ़ भाजपा ने आपदा प्रभावितों को भेजा राशन

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

प्रदेश के जिला मंडी में आई प्राकृतिक आपदा प्रभावित लोगों को दून और नालागढ़ भाजपा ने राशन से लदा ट्रक रविवार को भेजा। जिसे भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, पूर्व विधायक परमजीत सिंह और नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने झंडी देकर रवाना किया।

रतन पाल ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा राहत सामग्री आपदा प्रभावितों के लिए भेज रही है, जिसमें सोलन के बाद आज यहां पर नालागढ़ और दून भाजपा द्वारा राशन से लदा ट्रक रवाना किया, जिसमें राशन की किटें भेजी जा रही है। इनमें चावल, आटा, दाल, नमक, सरसों का तेल, कुछ मसाले, ऐसी सामग्री की 100 किटे गाड़ी के माध्यम से मंडी के लिए आज बद्दी से रवाना की गई और हमारा प्रयास है कि शाम तक किटें मंडी में पहुंच जाएंगी। इस आपदा की घड़ी में हम सब मिलजुल कर कोई न कोई सहयोग अवश्य करें। उन्होंने भाजपा हाईकमान और कार्यकर्ताओं का आभार जताया तथा कहा कि भाजपा इस मुसीबत की घड़ी में हर संभव सहायता के लिए तैयार है।



आपदा प्रभावितों को राशन से भरा ट्रक रवाना करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

इस अवसर पर पूर्व विधायक परमजीत सिंह, पूर्व विधायक केएल ठाकुर, पूर्व विधायक विनोद चंदेल, जिला महामंत्री बलबीर ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमर चंद संधू, जिला सचिव गुरमैल चौधरी, मंडल प्रधान बद्दी मान सिंह मेहता, नालागढ़ की मंडल प्रधान शालिनी शर्मा, पंजेरा के जोगिंद्र जिन्दू, डीआर चंदेल, तरसेम चौधरी, राज कुमार चौधरी, संजीव ठाकुर, संजय राय, राज संधू, कृष्ण कौशल, निर्मल सिंह निम्मा, सुनील लाखा, लाल चंद ठाकुर, वीरेंद्र चौधरी, केसी संगर, नसीब सैनी, लवली ठाकुर, कुलदीप सिंह, छोटा गुरमैल, राजबीर सिंह, दिनेश कौशल, ललित, जोगिंद्र ठाकुर के अलावा अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आस** — यशवंतनगर से लेकर राजगढ़ तक अनेक स्थानों पर लहसुन से स्टोर भरे

# दाम बढ़ने की उम्मीद में लहसुन किया डंप

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** लहसुन के दाम बढ़ने की उमीद में गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र के किसानों ने हजारों टन लहसुन को स्टोर कर दिया है।

यदि स्टोर किए गए लहसुन को समय पर नहीं बेचा गया तो बरसात के मौस यह अंकुरित भी हो सकता है जिससे किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। यशवंतनगर से लेकर राजगढ़ तक अनेक स्थानों पर लहसुन से स्टोर भरे पड़े हैं।

बीते वर्ष चेन्नई मंडी में ट्रिपल ए ग्रेड का लहसुन अधिकतम 180 से 200 रुपए प्रति किलोग्रमा बिका । इसी आशा में किसानों ने लहसुन को स्टोर में डंप कर दिया है। प्रगतिशील किसान रविकुमार, बलबीर, मोहनलाल, राजेश पुंडीर का कहना है कि गिरिपार क्षेत्र में लहसुन किसानों की आमदनी का मुख्य साधन बन चुका है।

अतीत में गिरिपार क्षेत्र में अदरक किसानों की मुख्य फसल हुआ करती थी और इस क्षेत्र को अदरक उत्पादन में प्रदेश में अव्वल माना जाता था। वर्तमान में दक्षिण भारत में सिरमौर के लहसुन की बहुत मांग है और पहाड़ी लहसुन का प्रयोग आयुर्वेदिक औषधियों के बनाने के लिए भी किया जाता है ।

### लहसुन के दाम बढ़ने की नहीं कोई संभावना

**विनोद** शर्मा आढ़ती के अनुसार चेन्नई मंडी में ट्रिपल ए ग्रेड का लहसुन 120 से 125 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है जबकि प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन के अतिरिक्त अन्य स्थानीय मंडियों में लहसुन के अधिकतम दाम 40 से 105 रुपए प्रति किलोग्राम है । वर्तमान में लहसुन के रेट बढ़ने की कोई संभावना नहीं है ।



### किसानों की आर्थिकी में आया बदलाव : विभाग

**कृषि** विभाग के अनुसार सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र में करीब चार हजार हैक्टेयर भूमि में लहसुन की खेती की जा रही है। लहसुन की खेती से गिरिपार क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है और ग्रामीण क्षेत्रों में अब हर घर में शहरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध है ।

# डांस चैंपियनशिप के करवाए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में रविवार को हिमाचल डांस चैंपियनशिप के ऑडिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऑडिशन के बाद अब सेमीफाइनल और फाइनल राउंड आयोजित किए जाएंगे।

सेमीफाइनल और फाइनल राउंड में चयनित प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और विजेताओं को पुरस्कार और सम्मानित किया जाएगा। डांस ऑपन ए ड्रीम अकादमी दाड़लाघाट के कोरियोग्राफर साहिल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है।

# एमयूएन प्रतियोगिता में ओक सदन अव्वल



पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में हुई अंतर्सदनीय एमयूएन प्रतियोगिता के दौरान अव्वल रहने वाले छात्र व साथ हैं अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में 3 से 5 जुलाई तक अंतर्सदनीय एमयूएन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन छात्र समन्वयक वेदांशी बुंदेला द्वारा चेयरपर्सन की भूमिका में किया गया जिनके साथ उपाध्यक्ष के रूप में समृद्धि जामवाल भी मौजूद रहीं । पाइन स्कूल की हेड ऑफ स्कूल कैप्टेन रेणु शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों को उत्साहित करते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी भी विषय की गहराई को समझने के लिए अधिक गहन शोध करना आवश्यक है।

अंतिम परिणाम इस प्रकार रहा। इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि आर्यन सिरसवाल, उच्च सराहना कौस्तव खटकर और महक मिश्रा, विशेष उल्लेख सिमरथ और कीरत अरोड़ा, मौखिक उल्लेख में अविशी वर्मा और अमोघ नेगी, सर्वश्रेष्ठ आगामी प्रतिनिधि में कृष्णवी, अलाइका और कायरा मलिक एमयूएन प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर ओक सदन विजेता रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### मात-पिता गोधाम में लगाया 164वां भंडारा




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मात-पिता गोधाम महातीर्थ में रविवार को 164वें भंडारे में कई राज्यों से पधारे गोभक्तों ने भजन गायक सिद्धार्थ भैया के भजनों से मंत्र मुग्ध होकर गोमाताओं का आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि मात-पिता गोधाम महातीर्थ में बन रहे विश्व के प्रथम मात-पिता मंदिर में हर महीने के पहले रविवार को भजन-कीर्तन, भंडारा तथा गोमाताओं की सेवा के लिए सैकड़ों की तादाद में गोभक्त यहां पर पहुंचते हैं। इस मौके पर संस्था की ओर से प्रधान अमरजीत बंसल, लाजपत राय गर्ग, बब्बू, कपिल वर्मा, तेजिंद्र वालिया, नवदीप, कृष्ण गोपाल आदि मौजूद रहे।

### बच्चों का एमआईएस पोर्टल पर जनरेट हो रजिस्ट्रेशन नंबर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के प्राइवेट स्कूल संघ ने नर्सरी कक्षा के बच्चों का भी एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट करने का ऑप्शन देने की मांग की है। इसके लिए संघ ने शिक्षा निदेशक को एक पत्र लिखा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडु ने रविवार को बताया कि प्राइवेट स्कूलों में एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन एडमिशन बाल वाटिका थर्ड से आरंभ होते हैं, जिनकी उम्र साढ़े चार वर्ष होती है। उनका ऑनलाइन पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट होता है, लेकिन नर्सरी कक्षा यानी तीन से चार वर्ष के बच्चे का एमआईएस पोर्टल पर एसआरएन जनरेट नहीं होता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के सेक्शन 12(1)(सी) के प्रावधान अनुसार मान्यता प्राप्त स्कूलों को अपने विद्यालय की एंट्री लेवल कक्षा में कुल दाखिल सीटों की 25 फीसदी सीटें दिखानी अनिवार्य हैं। अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में एंट्री कक्षा नर्सरी से शुरू होती है जिसमें तीन से चार वर्ष तक के बच्चे का दाखिला किया जाता है लेकिन इस उम्र के बच्चों का एमआईएस पोर्टल पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट का कोई फीचर नहीं दिया गया है। इसलिए इनका दाखिला ऑनलाइन ही किया जाता है। प्राइवेट स्कूल संघ हरियाणा ने मांग की है कि तीन से चार वर्ष (नर्सरी कक्षा) के बच्चों को भी पोर्टल पर ऑनलाइन करने के लिए एमआईएस पर स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट करने के लिए ऑप्शन दिया जाए।

### कुरुक्षेत्र में बनेंगे गीता के 18 अध्यायों से जुड़े द्वार



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को नई पहचान दिलाने की कवायद में लगी प्रदेश सरकार ने यहां गीता के 18 अध्यायों पर आधारित द्वार बनवाने का फैसला किया है। इसके अलावा गीता के प्रति श्रद्धालुओं व पर्यटकों का जुड़ाव बढ़ाने के लिए गीता स्टडी, मेडिटेशन और रिसर्च सेंटर बनाया जाएगा। हाल ही में हुई कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की 82वीं बैठक में लिए गए फैसलों पर अमल करने का काम अब शुरू हो गया है। नई योजना के अनुसार धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में गीता के 18 अध्यायों पर 18 भव्य द्वार बनाए जाएंगे। फिलहाल, पिपली गीता द्वार और सन्निहित सरोवर सूर्य द्वार बनाए गए हैं। राज्यपाल की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड को सभी द्वार बनाने की योजना का ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन जगहों को भी चिह्नित किया जाएगा, जहां पर यह द्वार बनाए जाएंगे। इन स्थानामें में पिहोवा रोड ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग, झांसा रोड व सेक्टर-3 बाईपास सहित कई अन्य स्थान हैं।

# सरकारी जमीनों से भू-माफिया का कब्जा हटवाएगी सरकार

## राजस्व विभाग ने 24 विभागों से अवैध कब्जों की तलब की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले सरकारी विभागों की अपनी ही जमीनों पर भू माफिया ने अवैध कब्जे कर लिए हैं। प्रदेश में सबसे अधिक कब्जे ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की जमीनों पर किए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 24 विभागों से अवैध कब्जों की रिपोर्ट तलब की है। विभाग की ओर से 2018 से हटाए गए कब्जों की जानकारी भी मांग की है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 24 विभागों को पत्र लिखकर अवैध अतिक्रमण का ब्योरा मांगा है। विभागों को भेजे पत्र में वित्तायुक्त की ओर से राजस्व विभाग के वेब पोर्टल पर विभागों व संस्थानों से संबंधित भूमियों पर अवैध कब्जों की जानकारी न देने पर भी नाराजगी जताई है। विभाग की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि उन अवैध कब्जों की जानकारी दी जाए, जिन मामलों में कोर्ट में केस दायर नहीं किए गए हैं। उन पर पीपी एक्ट 1972 या किसी अन्य न्यायोचित धारा के अधीन केस दायर अपने-अपने विभागों व संस्थानों की सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने बारे कार्रवाई करते हुए विभाग को तुरंत अवगत कराया जाए। इसके साथ वित्तायुक्त ने वर्ष 2018 से लेकर अब तक कितने अतिक्रमण हटाए गए हैं और उसका कुल रकबा कितना है, इसकी भी रिपोर्ट मांगी है। राजस्व विभाग की ओर से पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों पर कितने अवैध कब्जे हैं और कितनों को हटाया गया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसायटी, निदेशक उच्चतर शिक्षा, सेकेंडरी शिक्षा व प्राथमिक शिक्षा, महानिदेशक तकनीकी शिक्षा, महानिदेशक आईटीआई, मुख्य प्रशासक हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, एमडी हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कारपोरेशन, महानिदेशक स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर अवैध अतिक्रमण की जानकारी मांगी है। वहीं एचएसआईआईडीसी, एचएसवीपी, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, रीहैबिलिटेशन, रिवेन्यू एवं आपदा प्रबंधन, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग, राज्य परिवहन और टूरिज्म विभाग को पत्र लिखकर अवैध अतिक्रमण की जानकारी मांगी है।

# कटारिया ने 13 बटालियन सीआरपीएफ के प्रांगण में वैलनेस पार्क का किया उद्घाटन



**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** 13वीं बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल चंडीगढ़ परिसर में 'वन महोत्सव' के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब एवं चंडीगढ़ प्रशासक राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

राज्यपाल का आगमन राष्ट्रीय सम्मान के साथ हुआ। बटालियन की कमांडेंट कमल सिसोदिया द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात राज्यपाल ने परिसर में वृक्षारोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

राज्यपाल ने 13 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रांगण में वैलनेस पार्क एवं औषधीय उद्यान का उद्घाटन किया। उन्होंने कैंप परिसर में असमतल भूतल को एक हरित मनमोहक उद्यान में परिवर्तन करना तथा परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों के पौधरोपण के लिए 13 बटालियन के कमांडेंट व सभी जवानों को इस सफल आयोजन और हरियाली के प्रति उनके योगदान के लिए सराहना प्रकट की।

इस कार्यक्रम में गृह सचिव मनदीप सिंह बराड़, मुख्य वन संरक्षण अधिकारी सौरभ कुमार एवं 13 बटालियन के अधिकारीगण तथा जवानों ने भाग लिया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर रविवार को चंडीगढ़ में विभिन्न स्थानों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण एवं सफाई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिले में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्रपाल मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी और संजीव राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड प्रकोष्ठ द्वारा किया गया, जिसकी अगुवाई प्रदेश संयोजक भूपिंद्र शर्मा ने की। इस अवसर पर प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक शक्ति प्रकाश देवशाली, जिला अध्यक्ष भूपिंद्र सिंह सैनी, जिला महामंत्री राजेश सिंगला, जिला सचिव शक्ति श्रीवास्तव एवं अंतरजोत सिंह, मंडलाध्यक्ष कमल शर्मा, मंडल महामंत्री राजकुमार सैनी और नवीन कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इसी कड़ी में चंडीगढ़ के परमंडल नंबर 21 में भी पौधरोपण और सफाई अभियान आयोजित किया गया।

# मोटी रकम के चक्कर में मां-बेटे ने किया बच्चे का अपहरण

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** संतानहीन किसी अमीर व्यक्ति की गोद भरने के लिए योजनाबद्ध तरीके से छह साल के एक बच्चे का अपहरण कर लिया गया। इससे पहले कि अपहरणकर्ता अपनी इस योजना में कामयाब हो पाते, पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। उनके कब्जे से अपहृत बच्चे को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी में एक महिला व एक युवक हैं। ये दोनों मां-बेटा हैं।

जानकारी के अनुसार 23 जून 2025 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-40 गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि गांव कन्हई सेक्टर-45 गुरुग्राम से उसके छह साल के बच्चे का अपहरण हो गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने थाना सेक्टर-40 में केस दर्ज करके बच्चे की तलाश शुरू की। मानव तस्करी विरोधी शाखा गुरुग्राम के इंचार्ज सहायक उपनिरीक्षक कुलदीप की पुलिस टीम ने इस मामले में एक महिला समेत दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान शिवम व महिला मनोज के रूप में हुई है। ये दोनों मां-बेटा हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी शिवम को दो जुलाई को आगरा से काबू किया गया।

# एसआई राजबीर ने अमेरिका में जीते रजत व कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**

हरियाणा पुलिस में गुरुग्राम में तैनात सब इंस्पेक्टर (एसआई) राजबीर ने अमेरिका में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहां हुई वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स चैंपियनशिप में राजबीर ने दो पदक जीतकर हरियाणा प्रदेश और हरियाणा पुलिस का नाम रोशन किया।

उनकी इस उपलब्धि पर गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास कुमार ने उन्हें बधाई दी है। राजबीर मूलरूप से सोनीपत जिला की तहसील गोहाना के गांव गढ़वाल के रहने वाले हैं। परिवार के साथ फरीदाबाद में रहते हैं। उनकी तैनाती गुरुग्राम में है। वर्ष-2000 में हरियाणा पुलिस विभाग में बतौर सिपाही उनकी नियुक्ति हुई थी। वर्तमान में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के कार्यालय की सुरक्षा शाखा में बतौर इन्चार्ज तैनात हैं। अमेरिका के अलबामा में आयोजित वर्ल्डपुलिस एंड फायर गेम्स में राजबीर ने पॉवर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता बेंच प्रेस व पुश-पुल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एक रजत पदक व एक कांस्य पदक जीता।

राजबीर ने 45 प्लस आयुवर्ग में 93 किलोग्राम भारवर्ग की बेंच प्रेस स्पर्धा में कुल 170 किलाग्राम व पुश-पुल स्पर्धा में कुल 235 किलोग्राम वजन उठाकर यह उपलब्धि हासिल की। गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें हरियाणा पुलिस का गौरव बताया है।

## देश-विदेश

### इसराइली हमले में गाजा में 33 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, गाजा।** अल-बलाह अस्पताल अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इसराइली हवाई हमलों में गाजा में कम से कम 33 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि इसराइल की सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह लड़ाई ऐसे समय हुई जब इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धविराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वॉशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआती 60-दिवसीय युद्धविराम की योजना पेश की है, जिसमें गाजा में मानवीय आपूर्ति में वृद्धि के बदले हमास की तरफ से बंधक बनाए गए लोगों की आंशिक रिहाई शामिल होगी। प्रस्तावित युद्धविराम में 21 महीने से चल रहे युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करने पर बातचीत करने का आह्वान किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलें देगा अमेरिका : जेलेंस्की

**एजेंसी, कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत अब तक की सबसे अच्छी और सार्थक थी। जेलेंस्की ने बताया कि अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइलें देगा। हमने वायु सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की और मैं मदद करने की इच्छा के लिए आभारी हूं। पैट्रियट प्रणाली बैलिस्टिक खतरों से सुरक्षा की कुंजी है। गौरतलब है कि हाल में अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार उपलब्ध कराने से इन्कार कर दिया था, जिसके बाद जेलेंस्की ने कहा था कि वह ट्रंप से इस मुद्दे पर बात करेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों नेताओं ने कई अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की, जिन पर दोनों पक्षों के अधिकारी आगामी बैठकों में विचार करेंगे। ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बातचीत पर अपनी निराशा दोहराई, जिसमें उन्होंने कहा था कि मॉस्को युद्ध विराम की दिशा में काम करने के लिए तैयार नहीं है। यूक्रेन को और अधिक पैट्रियट मिसाइलें देने के सवाल पर ट्रंप ने कहा, उन्हें रक्षा के लिए उनकी आवश्यकता होगी, क्योंकि वे बहुत कठिन तरीके से प्रभावित हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### ब्रिक्स समिट में भाग लेने नहीं पहुंचे शी जिनपिंग

**एजेंसी, ब्रासीलिया।** ब्राजील में रविवार को ब्रिक्स समिट शुरू हुआ। इस बैठक में 11 सदस्य देशों के नेता भाग ले रहे हैं। ब्रिक्स संस्थापक देशों में शामिल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें शामिल नहीं हुए। 2013 में चीन का राष्ट्रपति बनने के बाद शी जिनपिंग पहली बार इस समिट में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने पिछले कई सालों में ब्रिक्स को पश्चिमी वर्चस्व के विकल्प के रूप में खड़ा करने की कोशिश की है। जिनपिंग की जगह उनके भरोसमंद सहयोगी और चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग समिट में शामिल होंगे। सिंगापुर यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर चोंग जा ईआन के मुताबिक ब्रिक्स चीन के लिए अभी भी पश्चिमी दबाव से बाहर निकलने का एक जरिया है। (अनंत ज्ञान)



## रेस्क्यू टीमों ने 850 से ज्यादा लोगों को बचाया

# अमेरिका के टेक्सास में बारिश बाढ़ से अब तक 51 की मौत



अमेरिका के टेक्सास राज्य में भारी बारिश होने से ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से जलमग्न हुआ क्षेत्र।

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ आ गई थी। इससे अब तक 51 लोगों की मौत हो गई। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया।, जबकि लगभग 27 लड़कियां लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फुट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि बाढ़ का खतरा अभी भी बरकरार है। रेस्क्यू टीमें काम कर रही हैं। इसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन शामिल है। अभी तक 850 से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है। (अनंत ज्ञान)

**अभी भी लापता हैं 27 लड़कियां**

**मोदी ने पीड़ित परिवारों के प्रति व्यक्त कीं संवेदनाएं**

**भारत** के पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर टेक्सास में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण बच्चों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

### रॉयल नेवी का विमान एफ-35 एयर इंडिया के हैंगर में शिफ्ट

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** तकनीकी खामी के कारण पिछले तीन हफ्ते से तिरुअवंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर खड़े ब्रिटिश नौसेना के लड़ाकू विमान एफ-35बी की मरम्मत करने के लिए 25 इंजीनियरों की एक टीम पहुंची है। ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स की इस टीम के पहुंचने के बाद लड़ाकू जेट को एयर इंडिया के हैंगर में ले जाया गया है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के एयरबस ए400एम एटलस इंजीनियरों को उतारने के बाद वापस चला गया है। इंजीनियरों की टीम यह देखेगी कि क्या विमान को ठीक करके वापस ले जाया जा सकता है या उसके पार्ट अलग-अलग करके ले जाना पड़ेगा। ब्रिटिश उच्चायोग के प्रवक्ता ने हवाई अड्डे पर टीम के आगमन की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# 'क्राइम कैपिटल' बन गया बिहार : राहुल गांधी

**एजेंसी, पटना**

बिहार की राजधानी पटना में कारोबारी गोपाल खेमका की सरेआम हत्या पर राहुल गांधी ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल कहा है। राहुल ने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा कि अपराध बिहार में न्यू नॉर्मल बन चुका है। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पटना में व्यवसायी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम है। (अनंत ज्ञान)



**भाजपा-नीतीश सरकार नाकाम अपराध यहां न्यू नॉर्मल बना**

**65 हजार हत्याएं, फिर भी बिहार में मंगलराज : तेजस्वी**

**बिहार** के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि एनडीए शासन में अब तक 65,000 हत्याएं हो चुकी है फिर भी यहां मंगलराज है। मजाल है अचेत मुख्यमंत्री किसी घटना पर कोई व्यक्तव दे सकें। इससे पहले खेमका के भाई शंकर खेमका ने भी कहा था, 'सरकार के लोग लालू प्रसाद के राज को जंगलराज कहते हैं, लेकिन हमारे लिए तो उससे बड़ा जंगलराज अभी है। बिहार सरकार ऑर्गेनाइज क्राइम चला रही है।'


### अगवा किए भारतीयों के बदले फिरौती मांग रहे अलकायदा के आतंकवादी

**एजेंसी, गंजम**

पश्चिम अफ्रीकी देश माली में अगवा हुए तीन भारतीयों में से एक ओडिशा निवासी पी. वेंकटरमण के रिश्तेदार ने दावा किया है कि अलकायदा से जुड़ा आतंकी संगठन उन्हें छोड़ने के बदले फिरौती मांग रहा है। उन्होंने एक बार फिर केंद्र से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर उनकी रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की। माली के विभिन्न हिस्सों में एक जुलाई को सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों के बीच एक सीमेंट फैक्टरी से तीन भारतीयों का अपहरण हो गया था। अलकायदा से जुड़े जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने बाद में इन हमलों की जिम्मेदारी ली थी। (अनंत ज्ञान)

### मस्क के राजनीति में प्रवेश का शेयर बाजार में दिखा असर

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** एलन मस्क की राजनीति में एंट्री का असर शेयर बाजार पर भी दिखा रहा है। अमेरिका की निवेश फर्म अजोरिया पार्टनर्स ने टेस्ला पर आधारित अपना नया एक्सचेंज ट्रेडेड फंड लॉन्च करने की योजना फिलहाल टाल दी है। दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क के नए राजनीतिक पार्टी के ऐलान के बाद अजोरिया के सीईओ जेम्स फिशबैक ने सोशल मीडिया पर मस्क की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राजनीति से टेस्ला के सीईओ के तौर पर उनकी जिम्मेदारी पर असर पड़ सकता है। फिशबैक ने कहा कि मैं टेस्ला के बोर्ड से अपील करता हूं कि वे तुरंत बैठक करें और मस्क से साफ-साफ पूछें कि उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं टेस्ला के सीईओ के रोल के साथ मेल खाती हैं या नहीं? (अनंत ज्ञान)



# वैश्विक विकास में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं भारत और चीन : सीतारमण

**एजेंसी, रियो डी जेनेरियो**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठक के दौरान रूस, ब्राजील और चीन के अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। यह जानकारी वित्त मंत्रालय ने अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। चीनी वित्त मंत्री लैन फोआन के साथ बैठक में सीतारमण ने सितंबर 2024 में समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) बैठक के दौरान हुई पिछली मुलाकात को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत और चीन दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं और समावेशी वैश्विक विकास में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ बैठक में सीतारमण ने भारत-रूस की दीर्घकालिक साझेदारी को दोहराया और पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को समर्थन देने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आभार जताया। (अनंत ज्ञान)




## सियासत | संगठनात्मक अनुभव के साथ जातीय-क्षेत्रीय समीकरण भी देख रही भाजपा आलाकमान

# शिवराज-खट्टर समेत 6 चेहरे भाजपा अध्यक्ष की रेस में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा जल्द ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, भाजपा नए अध्यक्ष के लिए 6 नामों पर विचार कर रही है, इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं। वहीं, भाजपा महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े भी रेस में बताए जा रहे हैं।





पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए तीन मुख्य बातों- संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण को ध्यान में रख रही हैं। जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति का गठन हो सकता है। यदि चुनाव की जरूरत पड़ती है तो यह समिति नामांकन, जांच और मतदान की प्रक्रिया पूरी करेगी। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं, वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है। जेपी नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था और जनवरी 2020 में वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। (अनंत ज्ञान)

**भाजपा ने 37 में से 26 प्रदेश अध्यक्ष चुने**

**पार्टी** संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50त्न राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से 26 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। भाजपा ने जुलाई के शुरुआत 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने। इसके बाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। पार्टी ने 1-2 जुलाई को 9 राज्यों (हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दमन दीव और लद्दाख) में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव किया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### विंबलडन में 100 जीत दर्ज करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने जोकोविच



**एजेंसी, लंदन।** नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने कोर्ट पर दिए साक्षात्कार में कहा, "मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।" अब जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। (अनंत ज्ञान)

### केन्या की महिलाओं के 5000 और 1500 मीटर दौड़ में नए विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी, यूजीन (अमेरिका)।** केन्या की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफोन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे द्वारा बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। केन्या की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। (अनंत ज्ञान)

### मेकेडोनिया में पैराग्लाइडर विजय सोनी की दुर्घटना में मौत

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पूर्व में इंडिया के नंबर वन पैराग्लाइडिंग पायलट रहे विजय सोनी का एक दुर्घटना में निधन हो गया है। बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग संगठन के फाउंडर सदस्य सुरेश ठाकुर ने बताया कि विजय सोनी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में भाग लेने मेकेडोनिया गए हुए थे, जहां वह हादसे का शिकार हो गए और उनका निधन हो गया, लेकिन अभी यहां पर रात्रि समय होने की वजह से विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। 52 वर्षीय विजय सोनी ने बीड़ में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को शिखर पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। मूलत पुणे के रहने वाले सोनी पैराग्लाइडिंग रैंकिंग में नंबर वन रह चुके हैं। उन्हें ऐरो पैराग्लाइडिंग क्लब ऑफ इंडिया द्वारा कमीश्नर भी नियुक्त किया गया था। 2002 के बाद बीड़ में जितनी भी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई है उनमें विजय सोनी ने हिस्सा लिया है तथा कई प्रतियोगिता में नाम कमाया है। उनकी एक पुत्री है जो भी पैराग्लाइडिंग में बेखुदी अपना नाम कमा रही है। विजय सोनी के निधन पर बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बीड़ के प्रधान सुरेश ठाकुर अंकित सूद सुरेश ठाकुर ज्योति ठाकुर राज अबरोल तथा कई पैराग्लाइडिंग संगठनों ने गहरा दुख जताया है।



### चानू स्टाइल में भी चैंपियन

**नई दिल्ली।** हॉकी की इस रानी सुशीला चानू को ज्यादा लोग नहीं पहचानते। हालांकि, भारतीय हॉकी टीम में अगर आप ग्लैमर की तरफ नजर डालेंगे तो सबसे पहले नजरें सुशीला पर ही जाएंगी।



**भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट | 5वां दिन** | दूसरे टेस्ट में भारत के गेंदबाजों ने इंग्लैंड पर ढहाया कहर

# टीम इंडिया ने जीता दिल, अंग्रेजों को चटाई धूल

**एजेंसी, बर्मिंघम**

एजबेस्टन मैदान पर खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के 5वें दिन का खेल बेहद रोमांचक रहा। बारिश के कारण दिन का खेल डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुआ। इस कारण 10 ओवर कम किए गए हैं। आज 80 ओवर ही फेंके जाएंगे। बर्मिंघम टेस्ट में 608 रन का टारगेट चेज कर रहे इंग्लैंड ने 226 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे, जबकि भारत को जीतने के लिए 2 विकेट की जरूरत है। प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स (7) रन पर मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। लंच से पहले वॉशिंगटन सुंदर ने बेन स्टोक्स (33 रन) और आकाश दीप ने ओली पोप (24 रन), हैरी ब्रूक (23 रन) के विकेट लिए। उन्होंने चौथे दिन बेन डकेट और जो रूट को भी आउट किया। जैक क्रॉली को मोहम्मद सिराज ने पवेलियन भेजा। इंग्लैंड ने पांचवें दिन 72/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारत ने अपनी दूसरी पारी 427/6 के स्कोर पर डिक्लेयर की। पहली पारी में भारत ने 587 और इंग्लैंड ने 407 रन बनाए थे। यहां भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली थी। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 56 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 226 रन बना लिए थे। जैमी स्मिथ (88) रन का योगदान दिया। ब्रायडन कार्स (9) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनका साथ जोश दे रहे थे। (अनंत ज्ञान)



ओली पोप को आउट करने के बाद खुशी से उछलता आकाश दीप।

### पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना तमिल फिल्म से करेंगे करियर की शुरुआत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तमिल फिल्म के साथ अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। निर्माण कंपनी 'ड्रीम नाइट स्टोरीज' भी इससे फिल्म निर्माण में कदम रखने जा रही है। कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि सुरेश रैना उनके आगामी प्रोजेक्ट से जुड़ रहे हैं। रैना ने भी यह पोस्ट अपने आधिकारिक हैंडल पर साझा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि चिन्ना थाला सुरेश रैना का डीकेएस प्रोडक्शन में स्वागत है। तमिलनाडु में रैना को क्रिकेट प्रशंसक 'चिन्ना थाला' कहकर पुकारते हैं। वीडियो में रैना को एक स्टेडियम में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जहां प्रशंसक उनका स्वागत कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## गिल से मिली मुझे काफी प्रेरणा : सूर्यवंशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं। सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा एकदिवसीय मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, ''मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनको खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।'' गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। इस दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी एजबेस्टन में थी। सूर्यवंशी ने कहा, ''मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार में पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा।'' सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता था कि 100 रन बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया कि मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। सभी ने मुझे बधाई दी।'' (अनंत ज्ञान)

## जायसवाल ने अपने प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे को दिया ऑटोग्राफ वाला बल्ला

**एजेंसी, बर्मिंघम**



भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था। क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, ''रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।'' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में जायसवाल ने रवि से कहा, ''हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई। मैं आपसे मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित था, क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं नहीं जानता कि मैं आपसे मिलने को लेकर नर्वस क्यों था।'' जायसवाल ने कहा, ''मेरे पास आपके लिए एक उपहार है, मेरा बल्ला। मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें। आपसे मिलकर वास्तव में बहुत अच्छा लगा।'' इस पर रवि ने जवाब दिया, ''आपसे मिलकर मुझे भी बहुत खुशी हुई। बहुत-बहुत धन्यवाद। आप शानदार क्रिकेटर हैं। आप भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। मुझे क्रिकेट पसंद है, मुझे आपकी बल्लेबाजी देखना बहुत पसंद है।'' (अनंत ज्ञान)

## लंदन के इंडिया हाउस में महिला क्रिकेट टीम का ग्रैंड वेलकम



**एजेंसी, लंदन**

टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय सीरीज खेलने के लिए इंग्लैंड के दौरे पर आई भारतीय महिला क्रिकेट टीम का यहां इंडिया हाउस में एक समारोह में भव्य स्वागत किया गया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ शनिवार शाम को भारतीय उच्चायोग के प्रांगण में आयोजित समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर दोरईस्वामी ने कहा, ''उन्होंने जो किया है, वह खेलों में क्रांति लाने वाला है और यह भारत में हर चीज में भागीदारी के विचार में क्रांतिकारी बदलाव है।'' उन्होंने टीम को संबोधित करते हुए कहा, ''आज ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके बारे में भारत की युवा महिलाएं सोचती हैं कि वे ऐसा नहीं कर सकती हैं, क्योंकि आप और क्रिकेट खिलाड़ियों की एक पुरानी पीढ़ी ने ऐसा किया है। आपके पास जादू है और आप मैदान पर जहां भी खेलती हैं, इसे हमारे साथ साझा करती हैं, जिसके लिए हम बहुत-बहुत आभारी हैं।''

दोरईस्वामी ने कहा, ''जब आप हमारी क्रिकेट टीम, हमारी हॉकी टीम या हमारी किसी भी खेल की टीम को देखेंगे तो पाएंगे कि यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व करती हैं।'' उन्होंने कहा, ''ये सिर्फ हमारी बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं हैं, बल्कि ये वो लड़कियां हैं जो हमारे देश के हर कोने से भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।'' ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स ने फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गाकर लोगों का मन लुभाया, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना ने सीरीज के बाकी बचे मैच देखने के लिए स्टेडियम में आने की अपील की। (अनंत ज्ञान)

## क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में भिड़ेंगे रियाल मैड्रिड-पीएसजी

**एजेंसी, ईस्ट रदरफोर्ड**



यूरोप के दो चोटी के क्लब रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियाल मैड्रिड ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया।


गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा जिसमें तीन गोल हुए।

डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया, लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे।

इससे पहले एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा। (अनंत ज्ञान)

### दीक्षा डागर आयरिश ओपन में संयुक्त 53वें स्थान पर

**एजेंसी, (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 10वें स्थान पर चल रही दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गईं। इंग्लैंड की एमेच्योर खिलाड़ी लोटी वोड ने तीसरे दौर में छह अंडर 67 के स्कोर से कुल सात शॉट की बढ़त बना ली है।



### गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर

**एजेंसी, रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए। प्रतियोगिता कट में प्रवेश करने वाले एक अन्य भारतीय अजीतेश संधू 75 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 65वें स्थान पर है।

## दीपिका का नीदरलैंड के खिलाफ किया गोल मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो-लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

एफआईएच हॉकी प्रो-लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह तीन बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल तीन गोल को नामांकित किया गया है।

दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो-लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी, तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बाईं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

दीपिका ने कहा, ''नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में मैच जीतने में मदद मिली। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। ऐसे पलों के लिए ही हम कड़ा अभ्यास करते हैं।'' दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल की चुनौती का सामना करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**दावा** | भारत को 2029 और 2031 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी मिलने की उम्मीद

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा भारत

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने रविवार को कहा कि भारत इस साल के अंत में प्रक्रिया शुरू होने पर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2029 और 2031 दोनों सत्र की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा, जिससे उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के किसी एक सत्र की मेजबानी मिलने की उम्मीद है।

खेल की वैश्विक संचालन संस्था विश्व एथलेटिक्स सितंबर 2026 में 2029 और 2031 दोनों सत्र के मेजबान की घोषणा करेगी। सदस्य देशों द्वारा मेजबानी रुचि व्यक्त करने की समय सीमा एक अक्टूबर 2025 है।

विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमारिवाला ने बताया, ''हम 2029 और 2031 (चैंपियनशिप) के लिए रणनीतिक बोली लगाने जा रहे हैं। दोनों सत्र की मेजबानी एक साथ सौंपी जाएगी और जिस भी सत्र की मेजबानी हमें मिले वह ठीक है।'' उन्होंने कहा, ''अब भी कुछ समय है (प्रक्रिया शुरू होने में)। हम बोलियां सौंपेंगे।''




फाइल फोटो

सुमारिवाला शनिवार को दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा द्वारा अपनी मेजबानी में जीते गए एनसी क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता के पहले सत्र के लिए यहां आए थे। विश्व चैंपियनशिप के लिए शुरुआती आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एक अप्रैल 2026 है। इच्छुक देशों को पांच अगस्त 2026 तक अंतिम बोली आवेदन प्रस्तुत करना होगा जिसके बाद विश्व एथलेटिक्स परिषद विश्व चैंपियनशिप के 2029 और 2031 सत्र के मेजबान शहरों की घोषणा करेगा। एएफआई ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की इच्छा को मद्देनजर कई प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के लिए बोली लगाने का फैसला किया था।

महासंघ ने पहले 2029 विश्व चैंपियनशिप के लिए बोली लगाने की बात की थी, लेकिन 2031 सत्र के लिए 'रणनीतिक' बोली लगाने का विचार इस कारण से भी हो सकता है कि एशिया इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के 2025 और 2027 दोनों सत्र की मेजबानी कर रहा है और भारत के लिए इसके अगले सत्र की मेजबानी प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। विश्व चैंपियनशिप 2025 सितंबर-अक्टूबर में टोक्यो में आयोजित की जाएगी, जबकि 2027 का टूर्नामेंट बीजिंग में होगा। ऐसी स्थिति में भारत के पास 2031 सत्र की मेजबानी हासिल करने का बेहतर मौका होगा।

भारत को 2029 सत्र की मेजबानी देने का मतलब होगा कि एशिया लगातार तीन बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। भारत को सबसे पहले 2028 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने का मौका मिल सकता है, जिसके लिए एएफआई ने तब आशय पत्र सौंप दिया था जब विश्व एथलेटिक्स प्रमुख सबेस्टियन को ने 2024 के अंत में देश का दौरा किया था। सुमारिवाला ने कहा, ''हमने 2028 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है।'' (अनंत ज्ञान)